

राष्ट्रीय दैनिक



# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़



/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran



12 भाजपा की हमेशा से फूट डालो और राज करो की नीति....... | ट्रंप ने टैरिफ डेडलाइन 1 अगस्त तक बढ़ाई, बांग्लादेश-जापान......... 12



वर्ष : 16 | अंक : 65 | नई दिल्ली, बुधवार, 09 जुलाई, 2025 | विक्रम संवत् 2082 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


# ब्रिक्स देशों का आतंकवाद पर सख्त रुख, पहलगाम आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। ब्रिक्स देशों ने पहलगाम आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करते हुए सभी तरह के आतंकवाद से सख्ती से निपटने की प्रतिबद्धता जतायी है और संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित आतंकवादियों तथा आतंकवादी गुटों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आह्वान किया है। ब्रिक्स देशों के 17वें शिखर सम्मेलन में रविवार देर रात यहां जारी संयुक्त घोषणा पत्र में सभी सदस्य देशों ने आतंकवादी कृत्यों की जोरदार शब्दों में कड़ी निंदा की और वैश्विक संस्थाओं को समय की जरूरत के अनुसार अधिक समावेशी बनाने पर जोर देते हुए सतत शासन के लिए ग्लोबल साउथ सहयोग को मजबूत करने का आह्वान किया। घोषणा पत्र में सदस्य देशों की ओर से कहा गया है, ह्यह्यहम आपसी सम्मान और समझ, संप्रभु समानता, एकजुटता, लोकतंत्र, खुलेपन, समावेशिता, सहयोग और आम सहमति की ब्रिक्स भावना के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं। हम राजनीतिक और सुरक्षा, आर्थिक और वित्तीय, सांस्कृतिक और लोगों के बीच सहयोग के तीन स्तंभों के तहत विस्तारित ब्रिक्स में सहयोग को मजबूत करने और शांति, अधिक प्रतिनिधित्व, निष्पक्ष अंतरराष्ट्री य व्यवस्था, एक पुनर्जीवित और सुधार पर आधारित बहुपक्षीय प्रणाली, सतत



विकास और समावेशी विकास को बढ़ावा देने के माध्यम से लोगों के लाभ के लिए रणनीतिक साझेदारी को बढ़ाने के लिए खुद को प्रतिबद्ध करते हैं। उन्होंने वर्ष 2026 में भारत को ब्रिक्स की अध्यक्षता सौंपे जाने और भारत में 18 वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के आयोजन के लिए पूर्ण समर्थन का आश्वासन भी दिया। सदस्य देशों ने आतंकवाद को कतई न बर्दाश्त करने और आतंकवाद से निपटने में दोहरे मानदंडों को खारिज करते हुए कहा दोषियों को न्याय के कठघरे में लाने के लिए मिलकर काम करने की वचनबद्धता प्रकट की। उन्होंने पहलगाम आतंकवादी हमले की निंदा करते हुए कहा, हम आतंकवाद के किसी भी कृत्य की कड़ी निंदा करते हैं, चाहे वह किसी भी उद्देश्य से किया गया हो, जब भी, जहाँ भी और किसी के द्वारा भी किया गया हो। हम 22 अप्रैल 2025 को जम्मू और कश्मीर में हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करते हैं, जिसमें 26 लोग मारे गए और कई अन्य घायल हुए। हम आतंकवादियों की सीमा पार आवाजाही, आतंकवाद के वित्तपोषण और सुरक्षित पनाहगाहों सहित सभी रूपों और अभिव्यक्तियों में आतंकवाद का मुकाबला करने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं। ब्रिक्स देशों ने आतंकवादी गतिविधियों का समर्थन करने वाले देशों को कड़ा संदेश देते हुए कहा, हम दोहराते हैं

**मौसम**

अधिकतम तापमान 32.0°C

न्यूनतम तापमान 23.0°C

**बाजार**

सोना 80,405

चांदी 1,1000

सेंसेक्स 80,220

निफ्टी 24,472

## संक्षिप्त खबरें

### खरगे ने किया राष्ट्रपति का अपमान: भाजपा

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को अपमानित करने का आरोप लगाया है और कहा है कि उनका बयान कांग्रेस की दलित विरोधी मानसिकता को दशार्ता है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा, श्री खरगे ने रार्ष्पति द्रौपदी मुर्मु के लिए आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया। उनका बयान कांग्रेस की दलित विरोधी मानसिकता को दर्शा रहा है। उन्होंने कहा कि श्री खरगे श्रीमती मुर्मु को मुर्मा जी बुलाते हैं और पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद को कोविड बुलाते हैं। इतना ही नहीं वह श्रीमती मुर्मु को भू-माफिया बताते हैं और कहते हैं कि ये हमारी जमीन और जंगल छीनने के लिए राष्ट्रपति बनी हैं। भाजपा नेता ने कहा कि श्री राहुल गांधी के इशारे पर रिमोट कंट्रोल वाले कांग्रेस अध्यक्ष आदिवासी विरोधी, दलित विरोधी, महिला विरोधी और संविधान विरोधी बयान दे रहे हैं और इसको लेकर पूरा देश उनकी निंदा कर रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी अपने हाथ में संविधान लेकर चलते हैं, लेकिन उन्हीं के इशारे पर श्री खरगे ऐसी आपत्तिजनक टिप्पणी करते हैं, जिसका आज भारत का हर नागरिक निंदा कर रहा है।

# मोदी ने ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में क्यूबा, मलेशिया, वियतनाम, अन्य नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं

रियो डि जनेरियो/नई दिल्ली, एजेंसी

रियो डि जनेरियो/नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ब्राजील में 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान क्यूबा, मलेशिया और वियतनाम के नेताओं के साथ अलग-अलग ह्यअच्छी बैठकेंह्व कीं उनसे विभिन्न क्षेत्रों में भारत के सहयोग पर चर्चा की। श्री मोदी ने इन बैठकों की जानकारी सोशल मीडिया पर साझा की। प्रधानमंत्री ने क्यूबा के राष्ट्रपति मिगुएल डियाज-कैनेल बरमूडेज से मुलाकात के बाद कहा कि मुलाकात अच्छी रही। उन्होंने कहा, इस बातचीत में हमने कई विषयों पर चर्चा की। आने वाले समय में हमारे देशों के बीच आर्थिक संबंधों में बहुत वृद्धि की संभावना है। प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सेवा और ऊर्जा जैसे क्षेत्र भी उतने ही आशाजनक हैं। प्रधानमंत्री ने इससे पहले 2023 में जोहान्सबर्ग में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में राष्ट्रपति डियाज-कैनेल से मुलाकात की थी, जहाँ क्यूबा विशेष आमंत्रित था। दोनों नेताओं ने आर्थिक सहयोग, विकास साझेदारी, फिनटेक, क्षमता निर्माण, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, आपदा प्रबंधन और स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की। डिजिटल क्षेत्र में भारत की विशेषज्ञता को स्वीकार करते हुए, राष्ट्रपति डियाज-कैनेल ने भारत के सार्वजनिक बुनियादी ढांचे



और यूपीआई में रुचि व्यक्त की। श्री मोदी ने कहा कि क्यूबा में आयुर्वेद की बढ़ती स्वीकार्यता निश्चित रूप से एक बड़ी बात है। दोनों नेताओं ने आपदा प्रबंधन तंत्र को मजबूत करने के तरीकों पर भी चर्चा की। प्रधानमंत्री ने क्यूबा द्वारा आयुर्वेद को मान्यता दिए जाने की सराहना की और क्यूबा की सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली में आयुर्वेद को एकीकृत करने के लिए समर्थन दिया। प्रधानमंत्री ने क्यूबा द्वारा भारतीय फार्माकोपिया को मान्यता दिए जाने का प्रस्ताव रखा, जिससे भारतीय जेनेरिक दवाओं तक पहुंच सुनिश्चित होगी। दोनों नेताओं ने स्वास्थ्य, महामारी और जलवायु परिवर्तन के क्षेत्रों सहित वैश्विक दक्षिण के लिए चिंता के मुद्दों पर काम करने पर सहमति व्यक्त की। उन्होंने बहुपक्षीय क्षेत्र में दोनों देशों के बीच सहयोग की सराहना की। प्रधानमंत्री ने मलेशिया के अपने समकक्ष श्री अनवर इब्राहिम से मुलाकात के बाद कहा कि मलेशिया भारत के लिए महत्वपूर्ण है। भारत की महासागर के विचार और एक्ट ईस्ट (पूरब के देशों के साथ मिल कर काम करने) की नीति में मलेशिया का महत्वपूर्ण स्थान है। श्री मोदी ने कहा कि इस मुलाकात में उन्होंने प्रधानमंत्री इब्राहिम से उनकी भारत यात्रा के बाद से हुई प्रगति सहित अपने द्विपक्षीय संबंधों में शामिल किए गए क्षेत्रों में सहयोग की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), नवीकरणीय ऊर्जा और बुनियादी ढांचे जैसे भविष्य के क्षेत्र ऐसे हैं जहां द्विपक्षीय संबंध मजबूती से बढ़ रहे हैं। दोनों नेताओं ने द्विपक्षी निवेश और व्यापार संबंधों के विस्तार पर भी चर्चा की। वियतनाम के प्रधानमंत्री फाम मिन्ह चीन्ह से अच्छी बातचीत हुई।

## ब्रासीलिया में पीएम मोदी : सांबा रेगे, शिव तांडव स्तोत्र और शास्त्रीय नृत्य से किया गया स्वागत



ब्रासीलिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ब्रिक्स सम्मेलन में शामिल होने के बाद मंगलवार को ब्राजील की राजधानी ब्रासीलिया पहुंचे। यहां पीएम मोदी का स्वागत पारंपरिक सांबा रेगे की संगीतमय प्रस्तुति से किया गया। इसके बाद होटल पहुंचने पर शिव तांडव स्तोत्र पाठ और भारतीय शास्त्रीय नृत्य का भावपूर्ण प्रदर्शन किया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने इसे यादगार स्वागत बताया और प्रवासियों की अपनी जड़ों से जुड़े रहने के लिए प्रशंसा की। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, थोड़ी देर पहले ब्रासीलिया पहुंचा। भारतीय समुदाय ने यादगार स्वागत किया, जो एक बार फिर दशार्ता है कि हमारे प्रवासी कितने भावुक हैं और वे अपनी जड़ों से कितने जुड़े हुए हैं ह्व उन्होंने कुछ तस्वीरें भी साझा कीं, जिनमें उत्साहित और उत्साही प्रवासी भारतीय तिरंगा थामे प्रधानमंत्री मोदी का हाथ जोड़कर अभिवादन करते नजर आ रहे हैं। पीएम मोदी सोमवार को 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के लिए बहुत ही उत्पादक रियो डी जेनेरियो यात्रा पूरी करने के बाद ब्राजील पहुंचे। भारतीय पीएम 2 जुलाई से 10 जुलाई तक 5 देशों की यात्रा पर हैं। अब तक वे घाना, त्रिनिदाद एंड टोबैगो, और अर्जेंटीना का दौरा कर चुके हैं। फिलहाल वे ब्राजील दौरे पर हैं और यहां से नामीबिया जाएंगे। राजकीय यात्रा पर ब्राजील की राजधानी पहुंचे भारतीय प्रधानमंत्री का हवाई अड्डे पर ब्राजील के रक्षा मंत्री जोस मुसियो मोंटेरो फिल्हो ने स्वागत किया। पीएम मोदी मंगलवार को ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा के साथ व्यापार, डिफेंस, एनर्जी, स्पेस, टेक्नोलॉजी, खेती और हेल्थ समेत कई मुद्दों पर द्विपक्षीय चर्चा करेंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने लिखाः इंडिया-ब्राजील के बीच मजबूत साझेदारी में नए कदम उठाते हुए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ब्राजील की राजकीय यात्रा पर राजधानी ब्रासीलिया पहुंचे। आगमन पर, हवाई अड्डे पर ब्राजील के रक्षा मंत्री जोस मुसियो मोंटेरो फिल्हो ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। पारंपरिक ब्राजीलियाई सांबा रेगे प्रदर्शन द्वारा स्वागत को शानदार संगीतमय बनाया गया।

# पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर की 18वीं पुण्यतिथि, उपराष्ट्रपति ने दी श्रद्धांजलि



● समाधि जननायक स्थल पर श्रद्धांजलि सभा का हुआ आयोजन

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर की 18वीं पुण्यतिथि के अवसर पर मंगलवार को दिल्ली स्थित उनकी समाधि जननायक स्थल पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने भी चंद्रशेखर की समाधिस्थल पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में राज्यसभा के सदस्य नीरज शेखर ने पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि पिताजी का जीवन सच्चाई, संघर्ष और सिद्धांतों की राजनीति का प्रतीक रहा। देशहित में लिया गया उनका हर निर्णय आज भी हमें जनसेवा की प्रेरणा देता है। उनका चिंतन और विचार आज भी युवाओं के लिए उतने ही प्रासंगिक हैं। उन्होंने कहा कि चंद्रशेखर को उनके सादगीपूर्ण जीवन, स्पष्टवादिता और जनहित के लिए किये गए संघर्षों के लिए आज भी देशभर में याद किया जाता है।

उन्होंने लोकतंत्र की मजबूती और समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच बनाने वाली राजनीति का जो उदाहरण प्रस्तुत किया, वह आज के समय में भी अत्यंत प्रासंगिक है। श्रद्धांजलि सभा में विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक और शैक्षिक क्षेत्रों की प्रतिष्ठित हस्तियां भी उपस्थित रहीं, जिन्होंने चंद्रशेखर के योगदान को याद किया और उनके विचारों को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

# ट्रंप ने 59 दिनों में 21वीं बार किया मध्यस्थता का दावा, चुप्पी कब तोड़ेंगे प्रधानमंत्री : कांग्रेस

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। कांग्रेस ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष रुकवाने का दावा एक बार फिर किए जाने के बाद मंगलवार को सवाल किया कि आखिर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस पर अपनी चुप्पी कब तोड़ेंगे ? पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह दावा भी किया कि ट्रंप ने 59 दिनों में कम से कम 21वीं बार, भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष रुकवाने के लिए मध्यस्थता का श्रेय स्वयं लिया है। रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, पिछले 59 दिनों में कम से कम 21वीं बार राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा है कि उन्होंने मई में चार दिवसीय भारत-पाकिस्तान युद्ध रुकवाया, युद्ध परमाणु संघर्ष में बदलने वाला था, भारत और पाकिस्तान युद्धविराम पर सहमत हुए क्योंकि अमेरिका के साथ व्यापार का मूलमंत्र उन्होंने ही इस्तेमाल किया था। दूसरे शब्दों में, उनका संदेश थाः तुरंत युद्ध रोकें या अमेरिकी बाजार (और संभवतः निवेश) खोने की वास्तविक संभावनाओं का सामना करें। उन्होंने कहा, ह्यराष्ट्रपति ट्रंप ने यह ढिंढोरा तब पीटा जब वह यह भी घोषणा कर रहे थे कि भारत और पाकिस्तान के साथ एक अमेरिकी व्यापार समझौते की घोषणा जल्द ही होने वाली है। रमेश ने सवाल किया, ह्यनरेन्द्र मोदी इस मुद्दे पर अपनी चुप्पी कब तोड़ेंगे जिन्हें कभी उनके वरिष्ठ सहयोगी घनश्याम तिवाड़ी ने 'भाजपा का ट्रंप कार्डह्व कहा था ? अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने कई बार यह दावा किया है कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच बीते मई महीने में सैन्य संघर्ष को व्यापार समझौते के जरिए सुलझाया। दूसरी तरफ भारत का कहना है कि पाकिस्तान के सैन्य अभियान महानिदेशक (डीजीएमओ) के संपर्क किए जाने के बाद सैन्य कार्रवाई रोकने पर विचार किया गया।

# एएआईबी ने एयर इंडिया विमान हादसे की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट केंद्र को सौंपी, हादसे की वजह का खुलासा नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। अहमदाबाद में 12 जून को दुर्घटनाग्रस्त हुए एयर इंडिया के ड्रीमलाइनर विमान की जांच रिपोर्ट विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) ने नागरिक उड्डयन मंत्रालय को सौंप दी है। ये रिपोर्ट जांच के शुरूआती निष्कर्षों पर आधारित है, इसलिए विमान हादसे की वजह का खुलासा नहीं किया गया है। मंत्रालय ने रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की विस्तृत जांच और सुरक्षा उपायों को और सख्त करने के निर्देश दिए हैं, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि एयर इंडिया की फ्लाइट संख्याट अक171 की दुर्घटना को लेकर जांच रिपोर्ट ब्यूरो के शुरूआती आकलन और निष्कर्षों पर आधारित है। यह रिपोर्ट इस सप्ताह के अंत में सार्वजनिक की जाएगी। जांच के दौरान ब्लैक बॉक्स, कॉकपिट वॉइस रिकॉर्डर (सीवीआर) और फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर (एफडीआर) के विश्लेषण को भी आधार बनाया है। यह रिपोर्ट पूरी जांच का अंतिम निष्कर्ष नहीं है, बल्कि इससे जुड़े तथ्यों और संभावित कारणों की एक रूपरेखा है। नागर विमानन मंत्रालय ने रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की विस्तृत जांच और सुरक्षा उपायों को और सख्त करने के निर्देश दिए हैं, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। एएआईबी अब विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने में जुटा है, जिसमें और भी गवाहों के बयान, तकनीकी मूल्यांकन और विशेषज्ञों की राय को शामिल किया जाएगा। दरअसल, अहमदाबाद से लंदन जा रहा एयर इंडिया का ड्रीमलाइनर विमान 12 जून को उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद हादसे का शिकार हो गया था, जिससे विमान में सवार 242 लोगों में से 241 की मौत हो गई, जबकि जमीन पर मौजूद हताहतों सहित कुल मृतकों की संख्या 260 थी।

**महिला सुरक्षा** | कोलकाता में लॉ छात्रा के साथ हुए जघन्य अपराध की जांच के लिए गठित भाजपा फैक्ट फाइंडिंग टीम की रिपोर्ट मिली..................

# महिला सुरक्षा पर पश्चिम बंगाल की सरकार असंवेदनशील : नड्डा

नई दिल्ली/कोलकाता, एजेंसी

नई दिल्ली/कोलकाता। पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता स्थित लॉ कॉलेज में छात्रा से हुए गैंगरेप मामले पर भारतीय जनता पार्टी की जांच कमेटी ने अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। भाजपा की कमेटी ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को रिपोर्ट सौंपी है। इसमें पश्चिम बंगाल सरकार पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। भाजपा की फैक्ट फाइंडिंग टीम के सदस्यों ने मंगलवार को पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की। उन्होंने बंगाल की स्थिति को लेकर जेपी नड्डा को जानकारी दी। जेपी




नड्डा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, कोलकाता में लॉ छात्रा के साथ हुए जघन्य अपराध की जांच के लिए गठित भाजपा फैक्ट फाइंडिंग टीम की रिपोर्ट मिली है। यह रिपोर्ट पश्चिम बंगाल में अराजकता की चरम स्थिति और महिला सुरक्षा के प्रति राज्य सरकार की चिंताजनक असंवेदनशीलता को उजागर करती है। संदेशखाली से लेकर आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अब यह कोलकाता लॉ कॉलेज, पैटर्न वही है, चुप्पी, निष्क्रियता और आरोपियों को संरक्षण। भाजपा ने कोलकाता गैंगरेप केस को लेकर 4 सदस्यीय ह्यफैक्ट फाइंडिंग टीमह्व का गठन किया था, जिसमें पूर्व केंद्रीय मंत्री सतपाल सिंह, मीनाक्षी लेखी, सांसद बिप्लब कुमार देब और मनन कुमार मिश्रा शामिल थे। कोलकाता के लॉ कॉलेज में 25 जून को तीन युवकों ने कथित तौर पर छात्रा के साथ गैंगरेप किया था। इन आरोपियों में मोनोजीत मिश्रा इसी कॉलेज का पूर्व छात्र है, जबकि अन्य दो आरोपी जैब अहमद और प्रमित यहां पढ़ाई कर रहे थे। मोनोजीत मिश्रा टीएमसी की छात्र इकाई का सदस्य भी बताया जाता है। छात्रा की तरफ से शिकायत के बाद मामला सामने आया, जिसमें अगले दिन मोनोजीत मिश्रा, जैब अहमद और प्रमित को गिरफ्तार कर लिया गया। मामले में सिक्योरिटी गार्ड की भी गिरफ्तारी हुई है, जिसने कथित तौर पर पीड़ित छात्रा की मदद से इनकार किया था। इस वारदात के बाद से भाजपा लगातार पश्चिम बंगाल सरकार पर हमलावर है। राज्य में जगह-जगह विरोध प्रदर्शन किए जा रहे हैं। पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी का कहना है, यह जघन्य अपराध टीएमसी शासन के तहत बंगाल की आत्मा पर एक और धब्बा है, जहां महिलाओं की सुरक्षा से बार-बार समझौता किया जाता है।

# कांग्रेस ने मोदी सरकार पर लगाया सेबी को कमजोर करने का आरोप

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली, 08 जुलाई (वेब वार्ता)। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने मंगलवार को मोदी सरकार पर भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) को कमजोर करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि देश की तमाम संस्थाएं मोदी सरकार में लगातार कमजोर हो रही हैं और इनमें सबसे प्रमुख नाम सेबी का है। श्रीनेत ने आरोप लगाया कि सेबी की नाक के नीचे बड़े पैमाने पर घोटाले हुए, जिससे आम निवेशकों को भारी नुकसान उठाना पड़ा। उन्होंने अमेरिकी अल्गो (एएलजीओ) ट्रेडिंग कंपनी जेन स्ट्रीट का उदाहरण देते हुए कहा कि यह कंपनी भारत के शेयर बाजार और डेरिवेटिव मार्केट में एक साथ अवैध रूप से ऑपरेट कर रही थी और भारी मुनाफा कमा रही थी। कांग्रेस प्रवक्ता ने बताया कि 3 जुलाई को सेबी ने एक अंतरिम आदेश जारी किया, जिसमें जेन स्ट्रीट और उसकी चार सहयोगी कंपनियों को भारत में ट्रेडिंग से रोक दिया गया और कंपनी के 4,844 करोड़ रुपये जब्त कर लिए गए। यह आदेश जनवरी 2023 से मार्च 2025 के बीच मात्र 18 ट्रेडिंग सेशनों की जांच के आधार पर जारी किया गया। उन्होंने दावा किया कि इसी अवधि में जेन स्ट्रीट ने करीब 44,000 करोड़ रुपये का अवैध मुनाफा कमाया, लेकिन जब्त की गई राशि इसका दसवां हिस्सा भी नहीं है। सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि इस घोटाले की चेतावनी राहुल गांधी पहले ही दे चुके थे, बावजूद इसके कार्रवाई में देरी हुई।

## संक्षिप्त समाचार

### निर्विरोध बने दो प्रधानों का ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत

**भीमताल (नैनीताल), एजेंसी।** एक ओर जहां त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में ग्राम प्रधान का चुनाव लड़ने के लिए दावेदारों में मारामारी है, वहीं भीमताल ब्लॉक की ग्राम पंचायत पनियामेहता से इंदर सिंह मेहता और पनियाबोर से मनोज कुमार को ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से निर्विरोध ग्राम प्रधान चुन लिया है। शनिवार को दोनों के भीमताल ब्लॉक पहुंचने पर ग्रामीणों ने ढोल नगाड़ों और फूल मालाओं से उनका स्वागत किया। पनियामेहता के प्रधान इंदर सिंह मेहता को पिछले चुनाव में भी ग्रामीणों ने निर्विरोध चुना था। मेहता ने कहा कि गांव का विकास तेजी से होगा। पनियाबोर के प्रधान मनोज कुमार ने कहा कि वह गांव के विकास में कोई कमी नहीं छोड़ेंगे। यहां पूर्व ग्राम प्रधान चिराग बोरा, डॉ. हरीश बिष्ट, अनिल चनौतिया, नितेश बिष्ट, संजय साह आदि मौजूद रहे।

### कोई आइस्क्रीम से तो कोई घंटी से करेगा चुनाव प्रचार

**भीमताल (नैनीताल), एजेंसी।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में शनिवार को नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया पूरी हुई। सोमवार से बुधवार तक नामांकन पत्रों की जांच के बाद 10 से 11 जुलाई तक नाम वापसी की कार्रवाई होगी। 14 और 18 जुलाई को चुनाव चिह्न आवंटित किए जाएंगे। ग्राम प्रधान पद के प्रत्याशियों को अनाज की बालियां, आईस्क्रीम, अनानास, इमली, घंटी, कार, किताब, चारपाई, कैरम बोर्ड समेत अन्य चुनाव चिह्न आवंटित किए जाएंगे। क्षेत्र पंचायत सदस्य के प्रत्याशियों को टॉर्च, कांच का गिलास, गुड़िया, नारियल, पतंग और जिला पंचायत सदस्य पद के प्रत्याशियों को उगता सूरज, गिटार, कप-प्लेट, कलम दवात, चश्मा, कुल्हाड़ी, छाता, केतली, झोपड़ी, गमला, खजूर का पेड़ आदि चुनाव चिह्न दिए जाएंगे। जिले में 24 और 28 जुलाई को दो चरणों में मतदान किया जाएगा और 31 जुलाई को मतगणना होगी।

### कार की चपेट में आने से स्कूटी सवार खाई में गिरे

**नैनीताल, एजेंसी।** नैनीताल-ज्योलीकोट मार्ग पर नंबर वन बैंड क्षेत्र में नैनीताल की ओर आ रही कार व स्कूटी की टक्कर हो गई। हादसे में स्कूटी सवार युवक व युवती खाई में जा गिरे। पुलिस ने रेस्क्यू कर दोनों को अस्पताल भिजवाया। नैनीताल निवासी ललित दानू व आयुषी नेगी शनिवार शाम अपनी स्कूटी से हल्द्वानी से नैनीताल की ओर आ रहे थे। ज्योलीकोट क्षेत्र में बारिश शुरू होने पर दोनों सड़क किनारे स्कूटी रोककर रेनकोट पहन रहे थे। इसी दौरान हल्द्वानी की ओर से तेज गति से आ रही कार की चपेट में स्कूटी आ गई। टक्कर से दोनों खाई में जा गिरे। संयोग से वह पास की झाड़ियों में अटक गए। हादसे में ललित को मामूली जबकि आयुषी के चेहरे पर गंभीर चोट आई है। राहगीरों ने घायलों की मदद के साथ पुलिस को सूचना दी। ज्योलीकोट चौकी इंचार्ज श्याम बोरा टीम के साथ मौके पर पहुंचे व दोनों घायलों को रेस्क्यू कर बीडी पांडे अस्पताल पहुंचाया। श्याम बोरा ने बताया कि फिलहाल कार कब्जे में ली गई है। चालक मयंक बिष्ट को हिरासत में लेकर मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है।

### शराब पीकर दौड़ाई शटल बस, पुलिस ने चालक को धरा

**नैनीताल, एजेंसी।** तल्लीताल क्षेत्र में शराब पीकर शटल बस चलाना एक व्यक्ति को महंगा पड़ गया। पुलिस ने चालक को गिरफ्तार कर वाहन सीज कर दिया है। शुक्रवार देर शाम चालक बस लेकर तल्लीताल चौराहे की ओर आ रहा था। पुलिस ने वाहन रोक पूछताछ की तो पता चला कि गाड़ी को नैनीताल-कैंचीधाम शटल सेवा के लिए संचालित किया जा रहा था। बातचीत में चालक शराब के नशे में लगा। पुलिस ने तुरंत मेडिकल कराया जिसमें उसके शराब पीने की पुष्टि हुई। पुलिस ने चालक को धर कर लिया। एसओ रमेश बोरा ने बताया कि आमपड़ाव चोपड़ा निवासी थान सिंह जीना के खिलाफ ड्रिंक एंड ड्राइव का मामला दर्ज कर वाहन को सीज कर दिया है। वाहन चालक को जमानत पर छोड़ दिया है।

# युवाओं में ग्राम प्रधान से लेकर जिपं सदस्य की कुर्सी पर कब्जे के लिए मची हुई है होड़

**नैनीताल, एजेंसी।**
गांवों में पंचायत चुनाव का शोर है और युवाओं में ग्राम प्रधान से लेकर जिला पंचायत सदस्य की कुर्सी पर कब्जे के लिए होड़ मची हुई है। हर दावेदार इस वक्त खुद को सामने वाले से अधिक कर्मठ, शिक्षित और ईमानदार साबित कर रहा है।

गांवों में पंचायत चुनाव का शोर है और युवाओं में ग्राम प्रधान से लेकर जिला पंचायत सदस्य की कुर्सी पर कब्जे के लिए होड़ मची हुई है। हर दावेदार इस वक्त खुद को सामने वाले से अधिक कर्मठ, शिक्षित और ईमानदार साबित कर रहा है। हालांकि बहुत कम लोग हैं, जिन्हें पता है कि जिस पद की वे दावेदारी कर रहे हैं, उसके कर्तव्य क्या हैं। रविवार के अंक में हमने आपको पंचायत प्रतिनिधियों को मिलने वाले मानदेय और सहूलियतों की जानकारी दी थी। आज जानिए, पंचायत प्रतिनिधियों के कर्तव्य क्या हैं।

ग्राम प्रधान का कर्तव्य ग्राम सभा की बैठकों की अध्यक्षता कर प्रस्तावों को लागू कराना, गांव में स्वच्छता और स्वच्छ जल की व्यवस्था करना व गांव में खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देना है। गांव का विकास, कृषि विकास, गांव में शिक्षा सुविधाओं को बेहतर बनाना और बच्चों को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने के साथ ही स्वास्थ्य सुविधाओं को सुलभ बनाना, रोजगार के अवसर पैदा करना, केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को गांव के लोगों तक पहुंचाना प्रधान की जिम्मेदारी है।

ग्राम प्रधान की अनुपस्थिति में उसके कार्यों का निर्वहन करना, ग्राम पंचायत के सामान्य या विशेष प्रस्तावों द्वारा निर्देशित कार्यों को करना और ग्राम पंचायत के विकास कार्यों में सहयोग करना। ग्राम पंचायत के



विकास कार्यों में सहयोग करने के अलावा उप प्रधान का कर्तव्य डीएम, सीडीओ और जिला पंचायत राज अधिकारी की ओर से समय-समय पर सौंपे गए अन्य कार्यों को कराना है।

क्षेत्र पंचायत सदस्य को क्षेत्र पंचायत की बैठकों में भाग लेकर उन पर चर्चा करना और क्षेत्र पंचायत की ओर से पारित प्रस्तावों को लागू करने में सहयोग करना होता है। क्षेत्र पंचायत के कामकाज में सक्रिय रूप से भाग लेते हुए स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक कल्याण जैसी योजनाओं को लागू कराना बीडीसी सदस्य का दायित्व है। जनप्रतिनिधि को क्षेत्र की समस्याओं और आवश्यकताओं की पहचान कर उनका समाधान कराना होता है।

जिला पंचायत सदस्य का मुख्य कर्तव्य ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए योजनाएं बनाना और उन्हें लागू करना है। इसके अतिरिक्त उन्हें स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छता और अन्य सामाजिक कल्याण योजनाओं की निगरानी और क्रियान्वयन में भी योगदान देना होता है। गरीबी उन्मूलन, ग्रामीण रोजगार और महिला सशक्तीकरण कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में सहयोग करना, आपदा की स्थिति में राहत कार्यों में योगदान करना, प्रभावितों की मदद करना व जिला परिषद की ओर से सौंपे गए कार्यों को कराना भी उनका दायित्व है।

जिला पंचायत उपाध्यक्ष का मुख्य कर्तव्य जिला पंचायत अध्यक्ष की अनुपस्थिति में उसके कार्यों का निर्वहन करना और विभिन्न समितियों के कार्यों में समन्वय स्थापित करना है। इसके अतिरिक्त उन्हें स्वास्थ्य, स्वच्छता और अन्य विकास योजनाओं की निगरानी करने और सरकार द्वारा कार्यान्वित की जाने वालीं योजनाओं की निगरानी करने में भी भूमिका निभानी होती है।

जिला पंचायत की बैठकें आयोजित कर उसकी अध्यक्षता करना, जिला पंचायत की निधि की सुरक्षा करना, उसका सही तरीके से उपयोग कराना, जिला पंचायत के अधिकारियों व कर्मचारियों पर नियंत्रण बनाना, उनके कार्यों का मूल्यांकन करना, जिले में प्राकृतिक आपदाओं के समय मुख्य कार्यकारी अधिकारी से सलाह मशविरा कर त्वरित कार्रवाई कराना, जिला पंचायत के वित्तीय एवं कार्यपालिका प्रशासन पर नियंत्रण रखना।

विकासखंड में विकास योजनाओं को लागू करना, ग्राम पंचायतों के कार्यों ब्लॉक प्रमुख का पर्यवेक्षण करना और क्षेत्र के विकास के लिए सरकार से धन और संसाधन प्राप्त करना ब्लॉक प्रमुख के प्रमुख कर्तव्यों में शामिल है। इसके अतिरिक्त ब्लॉक प्रमुख ब्लॉक स्तर पर जनहित से जुड़े मुद्दों की पहचान कर उससे जुड़ीं समस्याओं को हल कराना और विकास योजनाओं की प्राथमिकता तय करना उनकी जिम्मेदारी है।

# जंगल में सड़क किनारे मिली युवक की लाश, हत्या की आशंका, शरीर पर मिले चोट के निशान

**रुद्रपुर, एजेंसी।**
उधम सिंह सिंह जिले में पंतनगर के पास टांडा के जंगल में सड़क किनारे युवक का शव मिली है. मामले की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू की. फिलहाल मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है. पुलिस की आशंका है कि हत्या के बाद लाश को जंगल में ठिकाने लगाया गया है. इसीलिए पुलिस तमाम एंगल से मामले की जांच करने की बात कर रही है.

जानकारी के मुताबिक लाश को सबसे पहले वन विभाग के कर्मचारियों ने देखा था, उन्होंने ही पंतनगर थाना पुलिस को बताया कि जंगलों में सड़क किनारे युवक की लाश पड़ी हुई है. सूचना मिलते ही पंतनगर थाने से पुलिस भी मौके पर पहुंची.

पुलिस को लाश के पास से ऐसा कुछ नहीं मिला, जिसका आधार पर मृतक की शिनाख्त की जा सके. हालांकि पुलिस का कहना है कि मृतक के गले पर रस्सी के निशान मिले है. वहीं चेहरे पर भी कुछ चोट



के निशाना है, जिससे आशंका है कि हत्या के बाद शव को यहां ठिकाने लगाया गया है. उधम सिंह सिंह एसएसपी मणिकांत मिश्रा का कहना है कि फॉरेंसिक टीम को घटना स्थल पर साक्ष्य संकलन के लिए बुलाया गया. इसके अलावा घटना स्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच के लिए टीम का गठन कर दिया है. वहीं एसपी क्राइम निहारिका तोमर ने बताया कि मृतक के गले पर निशान मिले है. मामला हत्या का लग रहा है. शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है. पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा. फिलहाल शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे है.

## चुनाव लड़ने के लिए शून्य बैलेंस खाते का विवरण देना अनिवार्य

**कपकोट (बागेश्वर), एजेंसी।** पंचायत चुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया संपन्न हो गई है, लेकिन प्रत्याशियों को एक नए नियम ने असमंजस में डाल दिया है। नामांकन के तीसरे दिन प्रत्याशियों से जीरो बैलेंस वाले खाते का विवरण मांगा गया। पहले दो दिन में यह बाध्यता नहीं थी। नए नियम के बाद अब प्रत्याशियों को कार्यभार दोगुना हो गया है। प्रत्याशियों को नामांकन पत्रों की जांच के अंतिम दिन तक हरहाल में शून्य बैलेंस खाते की जानकारी देनी होगी।प्रधान पद पर दावेदारी कर रहीं मंजू देवी ने बताया कि तीन जुलाई को नामांकन पत्र जमा कर दिया था। चार जुलाई को जीरो बैलेंस वाले खाते का विवरण देने के बारे में पता चला। क्षेत्र पंचायत में दावेदार कर रहे सुरेंद्र सिंह ने बताया कि नामांकन के अंतिम दिन तक कई लोगों को इस नियम की जानकारी नहीं है। अब नामांकन की अंतिम तिथि के एक दिन पहले यह नियम लागू करने से प्रत्याशियों के लिए दोगुना काम बढ़ा दिया है।

### विद्यार्थियों को स्कूल बैग और वॉटर बोतल बांटी

**हल्द्वानी, एजेंसी।** रोटरी क्लब ने शिक्षा उदय कार्यक्रम के तहत राजकीय प्राथमिक विद्यालय में भ्रमण कर बच्चों को स्कूल बैग और वॉटर बोतल बांटी। अध्यक्ष मनोज शाह ने कहा कि बच्चों के जीवन में शिक्षा का बहुत महत्व है और इन ग्रामीण अंचल के बच्चों की शिक्षा किसी भी असुविधा के कारण बाधित नहीं होनी चाहिए। वहां आशीष दुम्का, अनिल कर्नाटक, पीएस पपोला, गिरीश बिष्ट, ललित मोहन भट्ट, राकेश सती, गोपाल गुणवंत आदि थे।

## कुमाऊं के सैकड़ों स्कूलों में शिक्षकों को ढूंढ रहे बच्चे, 5 हजार से अधिक पद रिक्त; अब उठ रहे




**नैनीताल, एजेंसी।**
कुमाऊं में प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा की तस्वीर बेहद चिंताजनक है। सैकड़ों स्कूल शिक्षकों की कमी से जूझ रहे हैं। हालात ये हैं कि कई स्कूल तो एकल शिक्षक के भरोसे चल रहे हैं।

कुमाऊं में प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा की तस्वीर बेहद चिंताजनक है। सैकड़ों स्कूल शिक्षकों की कमी से जूझ रहे हैं। हालात ये हैं कि कई स्कूल तो एकल शिक्षक के भरोसे चल रहे हैं। एक ओर क्लस्टर स्कूल प्रणाली पर हंगामा मचा हुआ है तो दूसरी ओर सरकारी स्कूलों की यह जमीनी हकीकत चौंकाने वाली है। कुमाऊं में शिक्षकों की कमी पर पड़ताल करने पर पता चला कि मंडल के सभी छह जिलों में एलटी और प्रवक्ताओं के पांच हजार से अधिक पद रिक्त हैं। सभी जिलों में शिक्षकों की भारी कमी है। प्राथमिक जूनियर विद्यालयों से लेकर इंटर कॉलेजों तक में प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में शिक्षक रिटायर हो रहे हैं। लगातार शिक्षकों की संख्या घटती जा रही है। वहीं, शिक्षा निदेशालय रिक्त पदों को भरने में सफल नहीं हो सका है।

गांवों में रहने वाले बच्चों के पास न तो विकल्प हैं और न ही संसाधन। ऐसे में सरकारी स्कूल ही उनका एकमात्र सहारा हैं। शिक्षकों के अभाव में बच्चों की पढ़ाई और भविष्य, दोनों ही अधर में हैं। छात्रों की कम उठ रहे सवाल संख्या, शिक्षकों की अनुपलब्धता और अभिभावकों की निराशा, ये तीन कारक कई सरकारी स्कूलों को बंद होने के कगार पर खड़ा कर चुके हैं। इस बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि कुमाऊं के इन सरकारी स्कूलों में देश का भविष्य कैसे संवर रहा होगा।

## बरसात ने रोके सैलानियों के कदम, कारोबारी मायूस; व्यापारी ने कहा- अब अक्तूबर महीने से उम्मीद



**नैनीताल, एजेंसी।**
बरसात शुरू होते ही सैलानियों की आवाजाही कम होने से पर्वतीय क्षेत्रों में पर्यटन कारोबार भी हल्का हो गया है। रविवार को भीमताल, नौकुचियाताल, भवाली, कैंची धाम, मुक्तेश्वर और रामगढ़ में सैलानियों की चहल पहल बहुत कम रही।


बरसात शुरू होते ही सैलानियों की आवाजाही कम होने से पर्वतीय क्षेत्रों में पर्यटन कारोबार भी हल्का हो गया है। रविवार को भीमताल, नौकुचियाताल, भवाली, कैंची धाम, मुक्तेश्वर और रामगढ़ में सैलानियों की चहल पहल बहुत कम रही। इसके चलते पर्यटन कारोबारी भी मायूस दिखे। कैंची धाम में अन्य दिनों की अपेक्षा श्रद्धालुओं की संख्या कम दिखी। कारोबारियों ने बताया कि बरसात शुरू होने और स्कूल खुलने से भी सैलानी पहाड़ की ओर घूमने कम पहुंच रहे हैं। उनका कहना है कि पिछले साल की तुलना में इस वर्ष पर्यटन सीजन भी कम रहा। कारोबारियों को अब अक्तूबर से पर्यटन सीजन बेहतर होने की उम्मीद है। मुक्तेश्वर और रामगढ़ में भी रविवार को सुनसानी देखने को मिली।

सप्ताहांत के चलते नैनीताल में अन्य दिनों की अपेक्षा सैलानियों की आमद अधिक नजर आई। यहां पर्यटन स्थल गुलजार रहे। रविवार सुबह से ही नैनीताल में पर्यटकों का आना शुरू हो गया था जो देर शाम तक जारी रहा। ऐसे में वाहनों का दबाव बढ़ने से नैनीताल के माल रोड, मल्लीताल रिक्शा स्टैंड में पर्यटकों के वाहन रेंगते नजर आए। नैनीताल पहुंचे पर्यटकों ने नैनीझील में नौकायन, चिड़ियाघर, वॉटरफॉल, हिमालय दर्शन, रोप-वे समेत आसपास के पर्यटन स्थलों का लुत्फ उठाया।

# भवाली नगर पालिका चेयरमैन को हाईकोर्ट से बड़ी राहत

**नैनीताल, एजेंसी।**
उत्तराखंड हाईकोर्ट से भवाली नगर पालिका चेयरमैन को बड़ी राहत मिली है. हाईकोर्ट ने उनके खिलाफ निचली अदालत में चल रही चुनाव वाली याचिका पर अग्रिम कार्रवाई पर रोक लगा दी है. साथ ही हाईकोर्ट ने विपक्षी प्रकाश चन्द्र आर्या को नोटिस जारी कर तीन सप्ताह में जवाब पेश करने को कहा है.

भवाली नगर पालिका चेयरमैन को राहत- मामले की अगली सुनवाई के लिए 30 जुलाई की तिथि नियत की गई है. आज मंगलवार को मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति आलोक कुमार वर्मा की एकलपीठ में हुई.



दरअसल कांग्रेस के उमीदवार पंकज आर्या ने निकाय चुनाव में बीजेपी के प्रकाश आर्या को 5 वोटों के अंतराल से चुनाव में हरा दिया था. चुनाव प्रक्रिया में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए बीजेपी के प्रकाश आर्या ने जिला अदालत में चुनाव याचिका दाखिल की थी. प्रकाश ने पंकज आर्या के चुनाव को चुनाव याचिका दायर कर चुनौती दी. ये याचिका जिला अदालत में विचाराधीन है.

बीजपी के प्रकाश आर्या को पेश करना होगा जवाब- इस याचिका में उनके द्वारा अपना प्रार्थना पत्र भी पेश कर कहा गया है कि चुनाव याचिका में रिटर्निंग ऑफिसर को पक्षकार नहीं बनाया जा सकता. लेकिन जिला कोर्ट ने उनके प्रार्थना पत्र को खारिज कर दिया. जिसके खिलाफ उनके द्वारा उच्च न्यायालय में वाद दायर किया गया. आज हुई सुनवाई पर हाईकोर्ट ने चुनाव याचिका में चल रही प्रक्रिया पर रोक लगाते हुए विपक्षी को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के आदेश दिये हैं.

गौरतलब है कि उत्तराखंड में 2024 में निकाय चुनाव हुए थे. नैनीताल जिले की भवाली नगर पालिका सीट पर कांग्रेस के उम्मीदवार पंकज आर्या ने बीजेपी के प्रत्याशी प्रकाश आर्या को सिर्फ 5 वोट से हराया था.

# निर्विरोध बने प्रधान और बीडीसी सदस्यों से विकास की उम्मीद

**पहाड़पानी/गरमपानी (नैनीताल), एजेंसी।** जिले में 24 और 28 जुलाई को होने वाले पंचायत चुनाव को लेकर प्रत्याशियों की ओर से जी तोड़ मेहनत की जा रही है। ऐसे में भीमताल, धारी और बेतालघाट ब्लॉक में ग्राम प्रधान और बीडीसी सदस्य के पद पर निर्विरोध प्रत्याशी चुने जा रहे हैं।

धारी ब्लॉक में दो ग्राम प्रधान और पांच क्षेत्र पंचायत सदस्य ग्रामीणों की सहमति के निर्विरोध चुने गए हैं। इनके पनियाली से ग्राम प्रधान लीलाधर, पोखराड़ से ग्राम प्रधान गौरव सिंह बिष्ट को निर्विरोध चुना गया है। मज्यूली से भावना, सुंदरखाल से गीता बिष्ट, धानाचूली से मंजू देवी, कौल से दीपू बिष्ट और शशबनी से कविता को बीडीसी सदस्य निर्विरोध चुना गया है।

बेतालघाट ब्लॉक में सीम ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से खीम सिंह बिष्ट और डोबा गांव के ग्रामीणों ने हरेंद्र सिंह बिष्ट को निर्विरोध ग्राम प्रधान चुना है। दोनों के निर्विरोध ग्राम प्रधान चुने जाने पर ग्रामीणों ने मिठाई बांटी।

भीमताल ब्लॉक की ग्राम पंचायत पनियामेहता से इंदर सिंह मेहता और पनियाबोर से मनोज कुमार को निर्विरोध ग्राम प्रधान ग्रामीणों की सहमति के बाद चुना गया है। रामगढ़ और ओखलकांडा ब्लॉक से कुछ ग्राम प्रधानों का निर्विरोध चुना जाना तय है। रामगढ़ ब्लॉक की ग्राम पंचायत उमागढ़ के ग्रामीणों ने लता जोशी को सर्वसम्मति से निर्विरोध प्रधान चुना। लता ने कहा कि ग्रामीणों ने जो भरोसा जताया है उस पर वह खरा उतरकर गांव में विकास कार्य कराएंगी।

# कैबिनेट: दिल्ली में छोटे विकास कार्यों के लिए जिला स्तर पर 53 करोड़ का फंड मंजूर

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**

नई दिल्ली,। दिल्ली सरकार ने अपने बजट के एक महत्वपूर्ण वादे को पूरा करते हुए छोटे विकास कार्यों के लिए जिला स्तर पर 53 करोड़ रुपये का फंड मंजूर किया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में इस योजना को हरी झंडी दी गई, जिससे बुनियादी सुविधाओं को तेजी से उपलब्ध कराया जा सकेगा। मुख्यमंत्री गुप्ता की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक के बाद सचिवालय की ओर से यह जानकारी साझा की गई। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि एकीकृत जिला परियोजना निधि और जिला परियोजना निधि को स्वीकृति दी गई है। इस फंड का



उपयोग सभी सरकारी जिलों में छोटे लेकिन जरूरी विकास कार्यों के लिए किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहल ह्यपरफॉर्म, रिफॉर्म और ट्रांसफॉर्मह्न के स्मार्ट सुशासन मंत्र पर आधारित है। उनका लक्ष्य सिस्टम का विकेंद्रीकरण करना है ताकि विकास योजनाएं स्थानीय स्तर पर तेजी से पूरी हो सकें। इस योजना के तहत प्रत्येक जिले को 3 करोड़ रुपये दिए जाएंगे। कुल 53 करोड़ रुपये की राशि में से 20 करोड़ रुपये हाईटीग्रेटेड डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट फंडह्न और 33 करोड़ रुपये ह्यडिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट फंडह्न के लिए निर्धारित किए गए हैं। यह योजना पूरी तरह से दिल्ली सरकार द्वारा वित्तपोषित है और इसका संचालन प्रोजेक्ट अप्रूवल कमेटी (पीएसी) द्वारा किया जाएगा। इस समिति के अध्यक्ष जिलाधिकारी (डीएम) होंगे और सदस्य सचिव अतिरिक्त जिलाधिकारी (एडीएम) होंगे। समिति में एसडीएम (मुख्यालय), बीडीओ, वरिष्ठतम लेखा अधिकारी तथा लाभार्थी विभाग का प्रतिनिधि सदस्य होंगे। इसके माध्यम से छोटे कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित होगी और उन्हें तेजी से पूरा किया जा सकेगा। कैबिनेट की बैठक में अन्य मंत्रियों, मुख्य सचिव और वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति रही। मुख्यमंत्री ने बताया कि यह योजना दिल्ली के जमीनी स्तर पर विकास को गति देगी। इसके तहत बुनियादी ढांचे, सामुदायिक सुविधाओं और सामाजिक कल्याण पर केंद्रित परियोजनाओं के लिए फंड उपलब्ध कराया जाएगा। इस फंड से सड़कों, स्कूलों, डिस्पेंसरियों, और सामुदायिक केंद्रों जैसी विभिन्न परियोजनाओं को वित्तीय सहायता मिलेगी। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि इस योजना का उद्देश्य स्थानीय आवश्यकताओं की पहचान करना और जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन के लिए संसाधनों का आवंटन करना है। योजना के तहत, दिल्ली के सभी 11 सरकारी जिलों में छोटे विकास कार्यों को पूरा किया जाएगा। पीडब्ल्यूडी, सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण विभाग, तथा दिल्ली नगर निगम द्वारा इन कार्यों को किया जाएगा।

# प्रेमिका और 6 महीने की मासूम की गला रेतकर हत्या

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**





नई दिल्ली,। उत्तरी जिले के मजनू का टीला इलाके में मंगलवार दोपहर एक दिल दहला देने वाली दोहरे हत्याकांड की घटना सामने आई है। यहां एक युवक ने अपनी पूर्व प्रेमिका और एक छह महीने की मासूम बच्ची की बेरहमी से गला रेतकर हत्या कर दी और मौके से फरार हो गया। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपित की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि मृतक युवती का नाम सोनल है और उसकी उम्र 22 साल है और 6 महीने की बच्ची का नाम यशिका है। पुलिस के मुताबिक घटना की जानकारी दोपहर 1:01 बजे सिविल लाइंस थाना पुलिस को मिली। कॉलर महिला ने पुलिस को बताया कि उसकी बेटी और उसकी सहेली की हत्या कर दी गई है। कॉलर अपने पति और दो बेटियों के साथ मजनू का टीला इलाके में रहती है। उसकी एक बेटी (5 साल) और दूसरी (6 महीने) की थी। बताया गया है कि मृतक युवती उत्तराखंड की रहने वाली थी और कुछ समय पहले तक एक युवक निखिल (22 उत्तराखंड निवासी) के साथ लिव-इन में रह रही थी। दोनों के बीच लगातार झगड़े होते थे। जिसके बाद युवती ने निखिल से अलग होकर कॉलर महिला के घर में रहना शुरू कर दिया था। मंगलवार दोपहर जब कॉलर और उसके पति बड़ी बेटी को स्कूल से लेने गए थे, उसी दौरान निखिल घर में घुस आया और अपनी प्रेमिका के साथ-साथ छह महीने की बच्ची की गला काटकर निर्मम हत्या कर दी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और क्राइम टीम को बुलाया गया। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस अधिकारी के अनुसार सीन ऑफ क्राइम की बारीकी से जांच की जा रही है। हत्या में इस्तेमाल किया गया चाकू अभी बरामद नहीं हुआ है। पुलिस ने सिविल लाइंस थाने में हत्या की धारा के तहत मामला दर्ज कर लिया है और आरोपित निखिल की गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं। फिलहाल पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### तीन विकेट से जीती फाइटिंग फाल्कन्स

ग्रेटर नोएडा,। ग्रेनो वेस्ट स्थित लीजेंड एक बाई कुंदन मैदान पर चल रहे टी-20 एंड्योरेंस कप सीजन 18 के लीग मैच में फाइटिंग फाल्कन्स ने टी-20 क्रिकस्टार को तीन विकेट से पराजित किया। आशीष शुक्ला को मैन ऑफ द मैच चुना गया। क्रिकस्टार ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आनंद दुबे के 49 रनों की बदौलत 163 रन बनाए। विपक्षी टीम के पवन और आशीष शुक्ला ने दो-दो विकेट लिए। जवाब में फाइटिंग फाल्कन्स ने रौनक रोहन के 41 रन की मदद से 164 रन बनाकर तीन विकेट से जीत हासिल की। क्रिकस्टार के विवेक उनियाल ने चार विकेट लिए।

### आठ विकेट से जीती क्रिकप्रेमीज

ग्रेटर नोएडा,। ग्रेनो वेस्ट स्थित सेंचुरियन क्रिकेट मैदान पर चल रहे टी-20 फ्रेंडशिप कप सीजन-24 में क्रिकप्रेमीज ने द लायंस क्लब को आठ विकेट से पराजित किया। अनुज चौहान को मैन ऑफ द मैच चुना गया। द लायंस क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्मल ने 42 रन की मदद से 139 रन का बनाए। विपक्षी टीम के हिमांशु तोमर और संजय शर्मा ने तीन-तीन विकेट लिए। जवाब में क्रिकप्रेमीज ने 12.2 ओवर में ही अनुज चौहान के 80 रनों की बदौलत 140 रन बनाकर मैच जीत लिया।

### संसदीय व्यवस्था पर विधानसभा में संगोष्ठी 10 को

नई दिल्ली,। विधानसभा में 10 जुलाई को स्वतंत्रता-पूर्व भारत में संसदीय व्यवस्थाएं (1911झ1946) और स्वतंत्रता संग्राम में भारतीय सदस्यों की भूमिका विषय पर शैक्षणिक संगोष्ठी का आयोजन होने जा रहा है। यह संगोष्ठी भारत की विधायी परंपरा, उसके विकास और स्वतंत्रता संग्राम में विधायकों की भूमिका की ऐतिहासिक पुर्नसमीक्षा के लिए एक मंच प्रदान करेगी। विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा, इस प्रकार का चिंतन आज के लोकतांत्रिक मूल्यों और संसदीय संस्कृति को गहराई से समझने का अवसर देता है। संगोष्ठी के दो शैक्षणिक सत्रों का संचालन दिल्ली विश्वविद्यालय और जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित शिक्षाविद करेंगे। पहले सत्र में इम्पीरियल लेजिस्लेटिव काउंसिल में राष्ट्रवादी नेताओं की भूमिका, पब्लिक सेफ्टी बिल और विधायी स्वायत्तता और पंडित मदन मोहन मालवीय की केंद्रीय विधानमंडल में भूमिका जैसे विषयों पर चर्चा होगी। दूसरे सत्र में दिल्ली विश्वविद्यालय के निर्माण में केंद्रीय विधानसभा की भूमिका, अस्थायी औपनिवेशिक राजधानी के गठन की प्रक्रिया और आधुनिक भारत के निर्माण में पंडित मदन मोहन मालवीय का योगदान विषयों पर प्रस्तुतिया दी जाएंगी। विधानसभा के उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट भी उपस्थित रहेंगे।

### एससी छात्रों से फीस वसूली पर श्रेष्ठ स्कूलों को चेतावनी

नई दिल्ली,। केंद्र ने अनुसूचित जाति (एससी) के छात्रों के लिए अपनी योजना ह्यश्रेष्ठह्न में भाग लेने वाले स्कूलों को दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करते हुए दाखिला, वर्दी, किताबें और अन्य खर्चों का शुल्क लेने पर चेताया है। स्कूलों द्वारा सिक्योरिटी डिपाजिट, पिकनिक शुल्क, चिकित्सा लागत, किताबें, वर्दी और स्टेशनरी जैसे विभिन्न मदों के तहत धन मांगने की कई रिपोर्ट सामने आने के बाद यह चेतावनी जारी की गई थी। सात जुलाई को एक आधिकारिक पत्र में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने योजना के तहत भाग लेने वाले सभी आवासीय स्कूलों को याद दिलाया कि श्रेष्ठ (लक्षित क्षेत्रों में उच्च विद्यालयों में छात्रों के लिए आवासीय शिक्षा की योजना) कार्यक्रम के तहत कक्षा नौ और 11वीं में प्रवेश लेने वाले एससी छात्रों से कोई शुल्क या अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाए।

# अखिल भारत हिंदू महासभा के क्षेत्रीय कार्यालय रोहिणी सैक्टर 3 का उद्घाटन प्रदेश अध्यक्ष महंत विजय कृष्ण पाण्डेय जी महाराज द्वारा किया गया : वरिष्ठ मीडिया प्रभारी संतोष मिश्रा

अखिल भारत हिन्दू महासभा दिल्ली प्रदेश के वरिष्ठ मीडिया प्रभारी संतोष मिश्रा जी ने बताया कि रोहिणी सैक्टर 3 में अखिल भारत हिंदू महासभा के एक नए कार्यालय का उद्घाटन महंत विजय कृष्ण पाण्डेय के कर कमलों द्वारा विधिवत रूप से संपन्न हुआ। जागरूक प्रदेश अध्यक्ष महंत श्री विजय कृष्ण पांडेय जिनके कर कमलों द्वारा सभी सम्मानित पदाधिकारियों एवं सदस्यों की मौजूदगी में हुआ, उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने प्रदेश अध्यक्ष महंत विजय कृष्ण पांडेय जी को ढोल और फूल मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया, उसके पश्चात अध्यक्ष महंत विजय कृष्ण पांडेय जी ने फीता काटकर कार्यालय का उद्घाटन किया। यह कार्यालय संगठन के सामाजिक और राष्ट्रहित से जुड़े कार्यों को स्थानीय स्तर पर और अधिक प्रभावी ढंग से संचालित करने के उद्देश्य से स्थापित किया गया है। अखिल भारत हिन्दू महासभा दिल्ली प्रदेश के सभी सम्मानित पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने रिठाला विधानसभा अध्यक्ष विशाल गुप्ता के साथ मिलकर पूरे समर्पण और संगठनात्मक क्षमता के साथ समारोह को सफल बनाया। उद्घाटन समारोह में



बड़ी संख्या में संगठन के कार्यकर्ता, गणमान्य नागरिक एवं संगठन से जुड़े पदाधिकारी उपस्थित रहे। महंत विजय कृष्ण पाण्डेय ने अपने संबोधन में कहा कि यह कार्यालय हिंदू समाज की एकता, सांस्कृतिक जागरूकता और राष्ट्र निर्माण के कार्यों का केंद्र बनेगा। उन्होंने संगठन के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की प्रतिबद्धता दोहराई। विशाल गुप्ता ने कहा कि यह कार्यालय न केवल संगठनात्मक गतिविधियों का संचालन करेगा, बल्कि क्षेत्र की जनता से संवाद, समाज की आम जनता की समस्या के त्वरित निस्तारण का केंद्र और सेवा कार्यों का माध्यम भी बनेगा। कार्यक्रम में धार्मिक मंत्रोच्चार, ध्वजारोहण और राष्ट्रगीत के साथ समारोह का समापन हुआ। और राष्ट्रगीत के साथ समारोह का समापन हुआ। स्थानीय जनता और कार्यकर्ताओं ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे रिठाला क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक कदम बताया। उद्घाटन के समय उद्घाटन के समय दिल्ली प्रदेश के महामंत्री देवाशीष ओझा जी, संगठन मंत्री सचिन भारती जी, दिल्ली महिला प्रदेश अध्यक्ष रेखा पांडेय जी, वरिष्ठ मीडिया प्रभारी संतोष मिश्रा जी, प्रदेश उपाध्यक्ष शिवमूरत मौर्य जी, वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष गोविंद जी, कृष्णा मंदार जी (अध्यक्षा महिला प्रकोष्ठ), विशाल गुप्ता जी रिठाला विधानसभा अध्यक्ष, डॉक्टर एस पी गुप्ता जी प्रदेश अध्यक्ष चिकित्सा प्रकोष्ठ, प्रदेश मंत्री विनीत बेनीवाल जी, सुमित सिंबर जी, सुनील चंदेल जी, प्रदेश मीडिया प्रभारी अरुण तेहरान जी, अंकित पाण्डेय जी, सोशल मीडिया प्रभारी वरुण जी, मालवीय नगर विधानसभा अध्यक्ष महेश जी, रोहिणी विधानसभा अध्यक्ष एस आर जी, पूर्वी जिला अध्यक्ष कृष्ण कुमार जी, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉक्टर एस के सिंह जी, डॉक्टर नागपाल जी, डॉक्टर भरत जी, डॉक्टर दिनेश गौतम जी, सदस्य यशोदा जी, चंदा जी एवं सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# हिंदी माध्यम निदेशालय ने डीयू से संबद्ध कॉलेजों में हिंदी माध्यम से पढ़ने वाले छात्रों के लिए हिंदी में पुस्तकें प्रकाशित करने संबंधी सर्कुलर जारी किया

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**

हिंदी माध्यम कार्यान्वय निदेशालय, दिल्ली विश्वविद्यालय की कार्यवाहक निदेशक प्रोफेसर मंजू मुकुल कांबले ने दिल्ली विश्वविद्यालय से संबद्ध सभी महाविद्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों के प्राचार्य, निदेशक व हिंदी विभाग के प्रभारियों को सर्कुलर जारी किया है जिसमें हिंदी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हिंदी माध्यम से पढ़ने वाले छात्रों के लिए हिंदी में पुस्तकें प्रकाशित करवाने की योजना है। अरविंदो महाविद्यालय के मीडिया संयोजक व हिंदी विभाग के प्रभारी डॉ. हंसराज सुमन ने हिंदी माध्यम कार्यान्वय निदेशालय द्वारा हिंदी माध्यम से पढ़ने वाले छात्रों के लिए हिंदी में अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराने की योजना का स्वागत किया है और कहा है कि निदेशालय की इस पहल से शिक्षकों और छात्रों को एक जगह पाठ्यक्रम सामग्री /पुस्तकें मिलने से लाभ होगा। डॉ.हंसराज सुमन ने बताया है कि निदेशालय द्वारा भेजे गए सर्कुलर में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप



महाविद्यालय में कार्यरत अध्यापक जो हिंदी में मौलिक पाठ्य सामग्री तैयार करने अथवा अनुवाद करने के इच्छुक हैं उनकी सूची, मोबाइल नंबर एवं ई-मेल आदि एकत्रित कर रहा है ताकि निदेशालय उन शिक्षकों से राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप पाठ्य सामग्री तैयार कर विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध करवा सके। उन्होंने बताया है कि तीन साल पहले लागू की गई नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में छात्रों को पाठ्यक्रम में लगी पुस्तकें उपलब्ध न होने से बहुत परेशानी हो रही है। छात्रों को अध्ययन करने के लिए एक जगह सम्पूर्ण पाठ्य सामग्री नहीं मिल रही है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत लागू किए गए पाठ्यक्रम पर अधिकांश महाविद्यालयों की पुस्तकालयों में हिन्दी माध्यम में पुस्तकें उपलब्ध नहीं हैं। हिन्दी विशिष्ट के छात्रों को तो हिन्दी पाठ्यक्रम की पुस्तकें ही तैयार नहीं हुई हैं। जबकि इस साल से चौथे साल में प्रवेश कर सातवें सेमेस्टर की पढ़ाई शुरू हो जाएगी। छात्रों की इन समस्याओं पर हिंदी माध्यम निदेशालय द्वारा उठाया गया यह कदम प्रशंसनीय है। डॉ. हंसराज सुमन ने निदेशालय से मांग की है कि वह नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप छात्रों के लिए पाठ्य सामग्री तैयार करने से पूर्व महाविद्यालय के हिंदी विभाग के सभी प्रभारियों की एक बैठक 1 अगस्त से पूर्व अपने कार्यालय में रखी जाए और इन विषयों पर शिक्षकों से सुझाव मांगें जाए। साथ ही निदेशालय द्वारा एक कमेटी गठित की जाए, जो महाविद्यालयों का दौरा करे व छात्रों से बातचीत करे। यदि छात्रों से बातचीत करेंगे तो बताएंगे कि अधिकांश कॉलेजों में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत लगाए गए पाठ्यक्रम में अंग्रेजी की पुस्तकों के साथ-साथ हिंदी माध्यम की पुस्तकों का अभाव है। हिंदी माध्यम में ज्यादातर छात्र है जो हिंदी भाषी राज्यों से हिंदी माध्यम स्कूलों से पढ़कर आए हैं। इन छात्रों के लिए हिंदी माध्यम में अच्छी पुस्तकें उपलब्ध नहीं हैं। हिंदी में बेहतर पुस्तकों के अभाव में परीक्षा परिणाम पर भी असर पड़ता है। उन्होंने बताया है कि मानविकी, वाणिज्य, इतिहास, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र, दर्शनशास्त्र, कानून व अंतर्राष्ट्रीय संबंधों पर हिंदी माध्यम में पुस्तकों का अभाव है।

# नोएडा : अर्थव्यवस्था की मजबूती के लिए एक महत्वपूर्ण कदम, कार्यशील 10 हजार इकाइयों के लिए विशेष कैंप

नोएडा,। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा राज्य की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए विभिन्न औद्योगिक क्षेत्र में काम कर रही इकाइयों को और भी ज्यादा व्यवस्थित और सशक्त बनाने के लिए प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले उद्यम राज्य और देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में अहम योगदान दे रहे हैं। वर्तमान में प्राधिकरण क्षेत्र में लगभग 10,000 औद्योगिक इकाइयां कार्यशील हैं। इन इकाइयों का उत्पादन केवल प्रदेश ही नहीं बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देता है। हालांकि, हाल ही में प्राधिकरण द्वारा किए गए सर्वेक्षण में यह तथ्य सामने आया है कि कई इकाइयां कार्य कर रही हैं लेकिन उन्होंने प्राधिकरण से ह्लकार्यशीलता प्रमाण पत्रह्व प्राप्त नहीं किया है। इसके साथ ही यह भी पाया गया कि कुछ इकाइयां फैक्ट्री एक्ट या शॉप एक्ट के अंतर्गत पंजीकृत नहीं हैं। प्राधिकरण का मानना है कि यह स्थिति जानकारी के अभाव के कारण उत्पन्न हुई है, जिससे कई उद्यमी अनजाने में जरूरी प्रक्रियाओं को पूरा नहीं कर पाए हैं। ऐसे में उद्यमियों की सुविधा और जागरूकता के लिए प्राधिकरण द्वारा एक विशेष शिविर (कैंप) का आयोजन किया जा रहा है। यह विशेष कैम्प दिनांक 9 जुलाई 2025 को दोपहर 2 बजे से एनईए कार्यालय परिसर में आयोजित किया जाएगा। इस शिविर में प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारी तथा कारखाना निरीक्षक (फैक्ट्री इंस्पेक्टर) की टीम भी मौजूद रहेगी, जो उद्यमियों को कार्यशीलता प्रमाण पत्र से संबंधित प्रक्रिया, फैक्ट्री एक्ट और शॉप एक्ट के पंजीकरण संबंधी जानकारी और सहायता उपलब्ध कराएंगे। प्राधिकरण ने क्षेत्र के सभी उद्यमियों से अनुरोध किया है कि वे इस महत्वपूर्ण अवसर का लाभ उठाएं और अपने प्रतिष्ठानों को वैध प्रक्रिया में सम्मिलित करें।

# आप विधायकों के कार्यालय में रोज असहाय महिलाएं आ रही हैं और कह रही हैं कि भाजपा ने उनकी पेंशन काट दी: आतिशी

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**

नई दिल्ली, दिल्ली की जनता के सामने गरीब विरोधी भाजपा लगातार बेनकाब हो रही है। अब भाजपा सरकार हजारों असहाय महिलाओं की पेंशन काटने के लिए बहाने ढूंढ रही है। जबकि पहले ही 25 हजार असहाय महिलाओं की पेंशन काट चुकी है। अब 60 हजार और असहाय महिलाओं की पेंशन काटने के लिए कहानी बना रही है। ह्यआपह्न विधायकों के कार्यालय में रोज असहाय महिलाएं आ रही हैं और कह रही हैं कि भाजपा ने उनकी पेंशन काट दी। पेंशन पा रही 60 हजार असहाय महिलाओं को भाजपा सरकार द्वारा अपात्र बताने के बाद आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता और दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने पलटवार करते



हुए ये बातें कहीं। आतिशी ने कहा कि भाजपा पहले ही 25,000 विधवाओं की पेंशन काट चुकी है। महिलाएं विधायकों के दफ्तर आ रही हैं और कहती हैं कि हमें सालों से पेंशन मिल रही थी, लेकिन भाजपा ने काट दी। अब भाजपा कहानी गढ़ रही हैं, ताकि 60 हजार गरीब महिलाओं की पेंशन और काट सके। जो दर-दर ठोकरें खाता है, जो असहाय, बेसहारा है, जिसके पास एक रुपया नहीं है, वही 1000-1500 रुपए की पेंशन लेने के लिए आता है? हमारे विधायक कार्यालयों में बुजुर्ग और विधवा महिलाएं कई किलोमीटर दूर से पैदल आती हैं, क्योंकि उनके पास गर्मी में रिक्शे का किराया नहीं है। आतिशी ने कहा कि भाजपा बहाने ढूंढकर असहाय महिलाओं की पेंशन काटने की कोशिश रही है। भाजपा गरीब विरोधी है। गरीबों के घर उजाड़े जा रहे हैं, बस मार्शल जैसे गरीब परिवारों के बच्चों की नौकरियां छीनी जा रही हैं, मोहल्ला क्लीनिक में काम करने वालों की नौकरियां छीनी जा रही हैं, विधवाओं की पेंशन काटी जा रही है। भाजपा का गरीब विरोधी चेहरा सबके सामने है।

# अंतरराष्ट्रीय गोल्फ कोर्स परियोजना पूरा न करने पर कंपनी पर केस

ग्रेटर नोएडा,। सेक्टर-151ए स्थित अंतरराष्ट्रीय गोल्फ कोर्स परियोजना का काम पूरा न करने पर निर्माण कंपनी के खिलाफ नोएडा प्राधिकरण की ओर से नॉलेज पार्क कोतवाली में केस दर्ज कराया गया है। पुलिस ने सोमवार को मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। वर्क सर्किल-10 के अवर अभियंता सूरज त्यागी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि एक जुलाई 2021 को गाजियाबाद की मैसर्स कश्यपी इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड को सेक्टर-151ए में अंतरराष्ट्रीय गोल्फ कोर्स के निर्माण का जिम्मा सौंपा गया था। लेकिन ठेकेदार काफी धीमी गति से काम कर रहा है। प्राधिकरण ने कई बार पत्रों के माध्यम से गुणवत्ता और समयबद्ध कार्य के निर्देश दिए। बावजूद इसके उसका रवैया नहीं सुधरा। कई पेटी ठेकेदारों ने भी कश्यपी इंफ्रास्ट्रक्चर के खिलाफ समय पर भुगतान न मिलने की शिकायतें दर्ज कराई हैं। जबकि प्राधिकरण द्वारा समय-समय पर कार्य की माप के अनुसार भुगतान किया जाता रहा है। इससे संकेत है कि भुगतान में अनियमितता कंपनी स्तर पर है। कार्य रुकने के कारण गोल्फ कोर्स की खुली भूमि अब आवारा पशुओं, झाड़-झंखाड़ और असामाजिक तत्वों के अस्थाई प्रयोग में आ रही है। सदस्यता शुल्क वापसी का दबाव बना रहे लोग जिन लोगों ने इस अंतरराष्ट्रीय परियोजना की सदस्यता ली थी। वह सदस्यता शुल्क की वापसी और समय पर निर्माण की मांग कर रहे है। अगर जल्द कार्य शुरू नहीं किया गया तो इससे न केवल प्राधिकरण की छवि धूमिल होगी, बल्कि भविष्य में अंतरराष्ट्रीय निवेश और परियोजनाओं पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। 140 करोड़ की लागत से हो रहा निर्माण बता दे परियोजना जुलाई 2021 में शुरू की गई। इसका 68 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। जून 2025 तक इसका निर्माण पूरा किया जाना था।

# दिल्ली के मजनू का टीला इलाके में डबल मर्डर से सनसनी, युवती और 6 साल की बच्ची की हत्या

नई दिल्ली,। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में डबल मर्डर का मामला सामने आया है, जहां नॉर्थ दिल्ली के मजनू का टीला इलाके में 22 साल की युवती और उसकी सहेली की बेटी की लाश मिलने से हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची और शवों को अपने कब्जे में ले लिया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। मृतक महिला का नाम सोनल और बच्ची का नाम यशिका बताया जा रहा है। पुलिस के मुताबिक, चाकू मारकर दोनों को मौत के घाट उतारा गया। पुलिस के अनुसार, डबल मर्डर का शक मृतक युवती के बॉयफ्रेंड पर जताया जा रहा है। बच्ची यशिका सोनम की सहेली की बेटी है। सोनल अपने



बॉयफ्रेंड निखिल के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रहती थी। सोनल का निखिल से झगड़ा चल रहा था, इसलिए वह अपनी सहेली रश्मि के घर मजनू का टीला इलाके में रहने के लिए आई थी। रश्मि किसी काम से घर से बाहर गई थी, तभी निखिल पहुंचा और सोनम की हत्या कर दी। घटना को अंजाम देने के बाद उसने 6 साल की बच्ची को भी मार डाला। आसपास के लोगों ने पुलिस को घटना की सूचना दी। इस पर सिविल लाइन थाना की पुलिस, क्राइम ब्रांच और फॉरेंसिक टीमें आनन-फानन में घटनास्थल पर पहुंचीं और मामले की जांच में जुट गई। पुलिस ने युवती और बच्ची के शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। जांच टीम आरोपी निखिल की तलाश कर रही है। साथ ही आसपास के लोगों से भी घटना की जानकारी ली जा रही है। स्थानीय लोगों में घटना को लेकर दहशत है। एक महिला ने बताया कि रश्मि स्कूल से अपनी बड़ी बेटी को लाने के लिए गई थी और छोटी बेटी को अपनी सहेली के पास छोड़कर गई थी। जब उसने वापस आकर देखा तो उसकी हत्या हो चुकी थी। रश्मि के पति का मोबाइल शॉप है और वह वहां पर थे। लोगों ने बताया कि बच्ची को मार डाला गया। पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। आज जब उस बच्ची के साथ ऐसी घटना हुई तो हम अपने बच्चों को घर में अकेले छोड़कर कैसे बाहर जा सकते हैं।

# आपके पास भी पानी का कनेक्शन काटने का मैसेज है

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**

नोएडा,। आपके पास भी व्हाट्सएप पर पिछले महीने का पानी का बिल जमा न होने के कारण रात में 9:30 बजे कनेक्शन कटाने का मैसेज आ रहा है तो सतर्क हो जाइए। ऐसा मैसेज नोएडा प्राधिकरण नहीं भेज रहा है। यह साइबर ठगों का हो सकता है। जालसाज मैसेज में बिल अपडेट कराने के लिए एक नंबर भी दे रहे हैं। इस पर संपर्क करने से आप साइबर ठगी का शिकार हो सकते हैं। जिस नंबर से मैसेज किया जा रहा है उसकी व्हाट्सएप डीपी में नोएडा जल का लोगो लगा है। मैसेज नोएडा वाटर सप्लाई डिस्ट्रीब्यूशन प्रा.लि. के नाम से भेजा जा रहा है। डेटा लीक होने की आशंका इस तरह के मैसेज शहर के कई लोगों के पास पहुंचे हैं। जब उन्होंने इस बारे में नोएडा प्राधिकरण पूछा तो पता चला कि ऐसा कोई मैसेज नहीं भेजा गया है। प्राधिकरण ने इसका खंडन करते हुए एडवाइजरी भी जारी की है। जालसाज उन्हीं लोगों को ऐसे मैसेज भेज रहे हैं जो पानी का बिल नियमित जमा करते हैं। ऐसे में उनका डेटा भी लीक होने की आशंका जताई जा रही है। प्राधिकरण पानी का बिल जमा कराने के लिए व्हाट्सएप मैसेज नहीं भेजता प्राधिकरण के जल विभाग के जीएम आरपी सिंह ने बताया कि साइबर क्राइम थाना सेक्टर-36 में शिकायत दी गई है। शिकायत जल खंड-1,2,3 के वरिष्ठ प्रबंधक की तरफ से संयुक्त रूप से दी गई। यह मैसेज सोमवार को भेजे जाने की सूचना कई जगहों से मिली है लेकिन किसी से अभी ठगी की बात सामने नहीं आई है। उन्होंने कहा कि नोएडा प्राधिकरण पानी का बिल जमा कराने के लिए व्हाट्सएप पर ऐसा कोई मैसेज नहीं भेजता है, न ही कनेक्शन कटने का डर दिखाता है इसलिए ऐसे मैसेज या कॉल को गंभीरता से न लें। किसी भी तरह के लिंक या फाइल न खोलें। बिजली कनेक्शन काटने और ट्रैफिक चालान के नाम पर भी हो चुकी है ठगी बिजली का कनेक्शन काटने और ट्रैफिक चालान का भुगतान करने के नाम पर भी ठगी की घटनाएं शहर में सामने आ चुकी हैं। ठगों ने खुद को बिजली विभाग का कर्मचारी बताकर रात में बिजली कनेक्शन काटने की धमकी निजी नंबर पर कॉल करके दी थी और ठगी थी।

# आइजीआरएस पोर्टल पर शिकायतों के निस्तारण में गौतम बुद्ध कमिश्नरेट को मिला प्रथम स्थान

नोएडा,। पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर को आइजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त जन शिकायतों के निस्तारण के संदर्भ में मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश कार्यालय द्वारा जारी मूल्यांकन रिपोर्ट के आधार पर जून महीने के आए रिजल्ट में प्रथम रैंक प्राप्त हुई है। पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर लक्ष्मी सिंह के नेतृत्व में पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर द्वारा आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त जन शिकायतों के निस्तारण के संदर्भ में जारी मूल्यांकन रिपोर्ट में प्रथम रैंक प्राप्त हुई है। कमिश्नरेट गौतबुद्धनगर के 27 थानों ने भी प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है और आवेदकों से फीडबैक और संपर्क में भी कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर का प्रदेश में सर्वोच्च स्थान रहा है। आईजीआरएस एक ऑनलाइन प्लेटफार्म है जिसको सरकार द्वारा प्रदेश के नागरिकों की शिकायतों और समस्याओं के समाधान के लिए स्थापित किया गया है। इस प्रणाली का उद्देश्य प्रदेश के नागरिकों को एक आसान और प्रभावी समस्याओं के निस्तारण हेतु एक माध्यम प्रदान करना है, जिसके माध्यम से आमजन अपनी शिकायतें दर्ज कर सकें और उनका त्वरित समाधान प्राप्त कर सकें। यह नागरिकों की शिकायतों के त्वरित और प्रभावी समाधान का प्रमाण है। जब शिकायतों का समाधान जल्दी और सही तरीके से किया जाता है, तो नागरिकों का प्रशासन पर विश्वास बढ़ता है। शिकायतों के निस्तारण के उपरांत संबंधित अधिकारियों द्वारा आवेदकों से सम्पर्क स्थापित करने के क्षेत्र में भी कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर ने उत्तर प्रदेश में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है।

# नितिन गडकरी ने किया एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान का शुभारंभ, बोले- मां की ममता को हरियाली में बदलें

ग्रेटर नोएडा,। ग्रेटर नोएडा के जेवर में केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने ह्यएक पेड़ मां के नाम 2.0ह्न अभियान का शुभारंभ किया। इस मौके पर उनके साथ केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा और हर्ष मल्होत्रा भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान गडकरी ने पर्यावरण संरक्षण, सतत विकास और हरित परिवहन को लेकर कई अहम घोषणाएं कीं। अपने संबोधन में नितिन गडकरी ने कहा कि ह्लप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से ह्यएक पेड़ मां के नामह्न अभियान की शुरूआत हुई है। जैसे मां हमारे जीवन में सबसे पूजनीय होती हैं, वैसे ही धरती मां भी उतनी ही आदरणीय है। हमें दोनों की सेवा करनी है। उन्होंने कहा कि देश में वायु प्रदूषण की बड़ी वजह परिवहन क्षेत्र है। कुल प्रदूषण में 40 प्रतिशत हिस्सा ट्रांसपोर्ट सेक्टर का है। इसके समाधान के लिए सरकार ईंधन के वैकल्पिक स्रोतों पर तेजी से काम कर रही है। भारत हर साल करीब 22 लाख करोड़ रुपये की फॉसिल फ्यूल (जैसे पेट्रोल-डीजल) का आयात करता है, लेकिन अब इसका विकल्प देश के किसान बन सकते हैं। किसान ग्रीन हाइड्रोजन, बायो-बिटुमिन, बायो- सीएनजी जैसे ईंधनों के निमार्ता बन सकते हैं। गडकरी ने कहा कि उन्होंने 80 लाख टन कचरे से सड़कें बनवायीं।

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना ई.एल.एस.–एस.आर.ई.–25–26–टी–05 दिनांक 07.07.2025**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से व0 मण्डल बिजली इंजीनियर/टी.आर.एस, इलेक्ट्रिक लोको शेड़, खानआलमपुरा यार्ड, सहारनपुर निम्नलिखित कार्य के लिए वेबसाइड **www.ireps.gov.in** पर रजिस्टर्ड/पंजीकृत निविदाकर्ताओं से निविदाएँ आमंत्रित की जाती है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| **खुली निविदा संख्या** | ई.एल.एस.–एस.आर.ई.–25–26–टी–05 | | |
| **कार्य का विवरण** | WAG-9 लोकोमोटिव के IOH शेड्यूल के कारण नॉर–ब्रेम्स ब्रेक सिस्टम की ओवरहालिंग। | | |
| **समापन/खोलने की तिथि** | 30.07.2025 | **लगभग लागत** | रू 33,20,154/– |
| **अर्नेस्ट मनी** रू 66,400/– | **समापन अवधि** छह महीने | **वैधता अवधि** | 60 दिन |
| **निविदा फॉर्म की लागत** | आई0आर0ई0पी0एस0 से डाउनलोड हेतु निःशुल्क तथा रूपये 3000/– Sr.DEE/TRS/SRE ऑफिस से हार्ड कॉपी के लिए | | |

1. वर्क्स निविदाएं की ई–टेंडरिंग में भाग लेने के निविदाकारों के पास कलास–।।। डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र होना चाहिए। 2. निविदाकर्ता को सभी पात्रता संबंधित दस्तावेजों की स्कैन प्रतियां को 3. अपलोड करना आवश्यक है। 4. सभी कर वर्तमान नियम के अनुसार लागू होंगे। विवरण के लिए, कृपया आईआरईपीएस वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर लॉग इन करें।

2040/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# राजधानी किरण

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
नई दिल्ली, बुधवार, 09 जुलाई, 2025

# अगर भाजपा एक सप्ताह में कानून नहीं लाती है तो साफ हो जाएगा कि उसकी वाहन निमार्ता, डीलर्स और स्क्रैपर्स से सांठगांठ है: आतिशी

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली, आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता और दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने बीजेपी सरकार से 10 साल पुरानी गाड़ियों को बचाने के लिए कानून लाने का दबाव बढ़ा दिया है। आतिशी का कहना है कि भाजपा सरकार सुप्रीम कोर्ट जाने का ड्रामा बंद करे और मिडिल क्लास के हित में एक सप्ताह के अंदर कानून लाए। अगर भाजपा कानून बनाने के लिए विधानसभा का विशेष सत्र बुलाती है तो आम आदमी पार्टी उसका समर्थन करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सुप्रीम कोर्ट इसलिए जाना चाहती है ताकि उसकी अपील कोर्ट में खारिज हो जाए और उसकी आड़ में छिप सके। अगर भाजपा एक सप्ताह में कानून नहीं लाती है तो दिल्ली के मिडिल क्लास, महिलाओं और बुजुर्गों में साफ हो जाएगा कि भाजपा की वाहन निमार्ता, डीलर्स और स्क्रैपर्स से सांठगांठ है। आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता व दिल्ली विधानसभा की नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेस वार्ता कर कहा कि पिछले छह महीनों में भाजपा की सरकार ने दिल्ली के मिडिल क्लास को परेशान करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। जब से दिल्ली में भाजपा की सरकार बनी है, मिडिल क्लास लंबे-लंबे पावर कट बिजली के बढ़ते दाम और प्राइवेट स्कूलों की बढ़ती फीस से परेशान है। अब 10 साल पुरानी गाड़ियों पर बैन ने पूरे मिडिल क्लास को डरा दिया है। आतिशी ने कहा कि मिडिल क्लास का सपना होता है कि मेहनत करके पैसे जोड़ेंगे, 5-7 साल के लोन पर सेकेंड हैंड छोटी गाड़ी अपने परिवार के लिए खरीद लेंगे। भाजपा की चार इंजन वाली सरकार ने कभी महिलाओं को सुरक्षा नहीं दी। इसलिए महिलाएं गाड़ी खरीदने के लिए मजबूर हैं। क्योंकि सार्वजनिक परिवहन में महिलाएं के लिए बदतमीजी होती है। अब तो भाजपा ने बसों से मार्शल भी हटा दिए हैं। महिलाएं सड़क पर नहीं जा सकतीं, मेट्रो स्टेशन या बस स्टैंड से घर नहीं आ सकतीं, क्योंकि लड़के बदतमीजी करते हैं और पुलिस नहीं होती। आतिशी ने कहा कि बुजुर्ग



गाड़ी इसलिए खरीदते हैं, क्योंकि उन्हें सेफ्टी और सिक्योरिटी चाहिए। रात-बेरात कहीं जाना हो तो उन्हें साधन चाहिए। मिडिल क्लास, महिलाएं, बुजुर्ग अक्सर सेकंड हैंड गाड़ियां खरीदते हैं, लेकिन भाजपा ने 10 साल पुरानी गाड़ियों पर बैन लगा दिया और यह भी नहीं सोचा कि मिडिल क्लास, महिलाओं और बुजुर्गों का क्या होगा। यह भी नहीं देखा कि गाड़ी की माइलेज कितनी है, 50,000 किमी चली है या 2 लाख किमी, वेल-मेंटेंड है या प्रदूषण फैलाती है। भाजपा ने कार स्क्रैपर्स, कार मैन्युफैक्चरर्स, कार रिटेलर्स और डीलर्स के साथ सांठगांठ करके 62 लाख परिवारों को नई गाड़ियां और टू-व्हीलर खरीदने के लिए मजबूर किया। आतिशी ने कहा कि जब दिल्ली की जनता ने इसका विरोध किया, तो भाजपा ने फर्जीवाड़ा शुरू कर दिया। भाजपा के पर्यावरण मंत्री कहते हैं कि मैं सीएक्यूएम को चिट्ठी लिख रहा हूं। कई साल पहले एक फिल्म आई थी, ह्यकार्तिक कॉलिंग कार्तिकह्व, जहां कार्तिक खुद को कॉल करता था। भाजपा भी वही काम कर रही है। भाजपा अब भाजपा को ही चिट्ठी लिख रही है। भाजपा की दिल्ली सरकार, भाजपा की केंद्र सरकार के सीएक्यूएम को चिट्ठी लिख रही है कि हमारी बात सुनो। फिर सीएक्यूएम दिल्ली सरकार की चिट्ठी पर मीटिंग करेगा और वापस चिट्ठी लिखेगा। यह बिल्कुल 100 फीसदी फर्जीवाड़ा है। अगर भाजपा इस बैन को हटाना चाहती, तो हटा सकती थी। लेकिन वह ह्यकार्तिक कॉलिंग कार्तिकह्व फिल्म की तरह चिट्ठी-चिट्ठी का खेल खेल रही है। आतिशी ने कहा कि भाजपा की सरकार ने यह भी कहा कि हम सुप्रीम कोर्ट जाएंगे। सुप्रीम कोर्ट में इतनी आस्था कहां से आ गई? क्योंकि भाजपा सुप्रीम कोर्ट के बड़े-बड़े आदेशों के बाद अध्यादेश और कानून लाई है। दिल्ली सर्विसेज पर सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ का फैसला 8 साल बाद आया और 8 दिन में भाजपा की केंद्र सरकार अध्यादेश ले आई। लेकिन जब पुरानी गाड़ियों, मिडिल क्लास, बुजुर्गों, महिलाओं की बात आई, तो भाजपा कहती है कि हम सुप्रीम कोर्ट को मानते हैं और सुप्रीम कोर्ट जाएंगे। दरअसल, भाजपा चाहती है कि सुप्रीम कोर्ट उनकी अर्जी खारिज करे, फिर मुख्यमंत्री हाथ खड़े करके कहें कि कोर्ट का आदेश है। जब झुग्गियां तोड़ते हैं, तो कहते हैं कि कोर्ट का आदेश है। यह नहीं बताते कि खुद आदेश लेने कोर्ट गए थे। आतिशी ने कहा कि भाजपा ने 10 साल पुरानी गाड़ियों को लेकर जो कदम उठाए, वह 100 फीसदी फर्जीवाड़ा हैं। सीएक्यूएम को चिट्ठी लिखना, यानी भाजपा खुद को चिट्ठी लिख रही है। अगर फैसला लेना होता, तो ले चुके होते। सुप्रीम कोर्ट जाना भी सिर्फ केस को खारिज कराने के लिए है, ताकि कोर्ट के आदेश के पीछे छिप सकें। आप की मांग है कि 10 साल पुरानी गाड़ियों पर तुरंत कानून लाया जाए। मिडिल क्लास, बुजुर्गों, महिलाओं के सिर पर लटकती तलवार हटे, जो किसी भी दिन उनकी गाड़ी जब्त कर सकती है, पेट्रोल बंद कर सकती है, घर से निकलना असुरक्षित कर सकती है या लाखों का खर्चा ला सकती है। इस तलवार को सिर्फ कानून ठीक कर सकता है। आतिशी ने कहा कि हमारी मांग है कि भाजपा अगले एक हफ्ते में 10 साल पुरानी गाड़ियों के लिए कानून लाए।

# 410 व्यावसायिक शिक्षकों को दिया एक साल का सेवा विस्तार

### सरकार ने पीटीवीटी पारिश्रमिक और निरंतर व्यावसायिक शिक्षा के लिए किया 36 करोड़ रुपये मंजूर

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली, । दिल्ली के सरकारी स्कूलों में सेवाएं दे रहे अंशकालिक व्यावसायिक शिक्षकों (पीटीवीटी) को दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने एक साल का सेवा विस्तार दिया है। अधिकारी ने बताया कि एलजी ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में लगे अंशकालिक व्यावसायिक शिक्षकों की निरंतरता और नवीनीकरण को मंजूरी दी। दिल्ली सरकार के स्कूलों में 410 पीटीवीटी शिक्षक सेवाएं दे रहे हैं। इनमें से 402 योग्य और 8 गैर-योग्य शिक्षक शामिल हैं। इन शिक्षकों के सेवाओं को 31 मार्च 2026 तक बढ़ाने की मांग की गई थी। इसके अलावा एलजी ने एक मार्च 2025 से 28 फरवरी 2026 की अवधि के लिए आतिथ्य और पर्यटन व्यावसायिक धारा के तहत नियुक्त दो संविदा अंशकालिक व्यावसायिक शिक्षकों के अनुबंधों के नवीनीकरण को मंजूरी दी है। प्रस्ताव में शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के लिए दिल्ली के चार सरकारी सहायता प्राप्त वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में वर्तमान में तैनात नौ अंशकालिक व्यावसायिक शिक्षकों की निरंतरता भी शामिल है। दिल्ली सरकार के स्कूलों में वर्तमान में कार्यरत 505 पीटीवीटी में से 410 आकस्मिक वेतनभोगी हैं। जिनकी निरंतरता को अब मंजूरी दे दी गई है। जबकि शेष 95 अस्थायी पदों को लेकर प्रयास किए जा रहे हैं।

# स्व. रामकिशन वशिष्ठ को श्रद्धांजलि, समाजसेवा को आगे बढ़ाने का लिया संकल्प

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली। राजापुरी, उत्तम नगर निवासी, देशभक्त एवं सामाजिक कार्यकर्ता स्वर्गीय रामकिशन वशिष्ठ की स्मृति में 8 जुलाई को द्वारका गार्डन (डीपीएस स्कूल के पीछे) में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। ज्ञात हो कि उनका निधन 27 जून को हुआ था। इस अवसर पर आयोजित रस्म पगड़ी समारोह में उनके सुपुत्र राकेश शर्मा, ब्रह्म प्रकाश एवं रविराज शर्मा को पारिवारिक उत्तराधिकारी के रूप में प्रतिष्ठित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों एवं गणमान्य नागरिकों ने भाग लेकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि अर्पित की।

फेडरेशन ऑफ साउथ एंड वेस्ट डिस्ट्रिक्ट वेलफेयर फोरम के चेयरमैन श्री रणबीर सिंह सोलंकी ने स्व. वशिष्ठ के सामाजिक योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए और उनके पुत्रों से आग्रह किया कि वे अपने पिता के सेवा कार्यों और विचारधारा को आगे बढ़ाएं। समारोह में राजापुरी के प्रधान श्री सतीश जैन, डी. के. सोलंकी, प्रेम मलिक, डी. के. शर्मा, रामपाल यादव एवं राजेश शर्मा सहित क्षेत्र के अनेक वरिष्ठ नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता और स्व. वशिष्ठ जी के परिजन एवं शुभचिंतक उपस्थित रहे।

# आचार्य श्री सुरतन सागर जी महाराज का भव्य मंगल प्रवेश

### कृष्णा नगर, शंकर नगर और राधा पुरी क्षेत्र के जैन समाज में उमड़ा आस्था का ज्वार

प्रात: किरण . मनोज जैन

आचार्य श्री 108 सुरतन सागर जी महाराज ससंघ का राधा पुरी क्षेत्र में भव्य मंगल प्रवेश हुआ। इस पावन अवसर पर शंकर नगर, कृष्णा नगर, राधा पुरी, राजगढ़ कॉलोनी, धर्मपुरी और रघुवरपुरा के जैन समाजों ने पूर्ण श्रद्धा और भक्ति के साथ भाग लिया। शोभायात्रा में शंकर नगर समाज की महिलाओं और पुरुषों ने विशेष उत्साह के साथ सहभागिता की। श्रद्धालु भारी संख्या में उपस्थित रहे और धर्मलाभ में सहभागी बने। कृष्णा नगर के लाल क्वार्टर चौक पर जब आचार्य श्री



का पावन विहार पहुंचा, तब वहाँ श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से पाद प्रक्षालन कर दिव्य पुण्य लाभ लिया। भाई लोकेश जैन ने भी आचार्य श्री के चरणों में पाद प्रक्षालन कर धर्मसेवा में अपना पूर्ण योगदान दिया। महिलाएं पारंपरिक परिधानों में सजी थीं और पूरे भक्ति भाव से गुरुदेव की परिक्रमा करते हुए आत्मिक आनंद से सराबोर रहीं। शोभायात्रा में प्रमुख श्रद्धालुओं में शंकर नगर से अशोक जैन (बिजरोल वाले), लोकेश जैन, सचिन जैन (टिकरी वाले), मनोज जैन, मोहित जैन, सनी जैन, प्रवीण जैन, वर्धमान, सचिन भाई, संजय जी, राजकुमार जी सहित अनेक श्रद्धालु विशेष रूप से शामिल रहे। वहीं महिलाओं में कांता जैन, कोमल जैन, शिवानी जैन, रेखा जैन, बबिता जैन, परमिता जैन, सरिता जैन, सोनिया जैन, सविता जैन और अनेक अन्य बहनों ने पूर्ण समर्पण से आयोजन को गरिमा प्रदान की। आचार्य श्री ने शंकर नगर जैन मंदिर में दर्शन कर धर्मसभा को संबोधित किया। अपने प्रवचनों में उन्होंने जैन समाज को पुण्य, संयम, सत्य और समता के पथ पर चलने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर उपस्थित समाजजनों में धार्मिक नवचेतना और ऊर्जा का संचार हुआ, जो आगामी चातुर्मास के लिए एक शुभ संकेत सिद्ध होगा। यह मंगल प्रवेश कृष्णा नगर विधानसभा क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक धार्मिक क्षण बन गया।

# तृणमूल नेता साकेत गोखले के हलफनामे पर हाईकोर्ट ने जताई आपत्ति

### ट्वीट्स के लिए 50 लाख का हजार्ना देने के एकल-न्यायाधीश के निर्देश के खिलाफ उनकी अपील में दायर किया था

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता


नई दिल्ली, । दिल्ली हाई कोर्ट ने मंगलवार को तृणमूल कांग्रेस के नेता और राज्यसभा सांसद साकेत गोखले द्वारा दायर एक हलफनामे पर आपत्ति जताई। यह हलफनामा गोखले ने पूर्व राजनयिक लक्ष्मी पुरी के खिलाफ मानहानिकारक ट्वीट्स के लिए 50 लाख रुपये का हजार्ना देने के एकल-न्यायाधीश के निर्देश के खिलाफ उनकी अपील में दायर किया था। गोखले ने हाल ही में एकल न्यायाधीश के निर्देश के अनुसार पुरी से सार्वजनिक माफी मांगी थी। मंगलवार को इस संबंध में उनके द्वारा कोर्ट में एक हलफनामा दायर किया गया। न्यायमूर्ति नवीन चावला और न्यायमूर्ति रेणु भटनागर की खंडपीठ ने शुरूआत में ही बताया कि हलफनामे में कोर्ट की कुछ मौखिक टिप्पणियों को शामिल किया गया है। इस मामले की अगली सुनवाई 22 जुलाई को होगी। गोखले का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता अमित सिब्बल ने कहा, हलफनामा औपचारिक रूप से दायर नहीं किया गया है, लेकिन सहमति जताई कि मौखिक टिप्पणियों को हलफनामे में शामिल नहीं करना चाहिए था। सिब्बल ने कहा कि मैं माफी मांगता हूं। मैंने इसे नहीं देखा, न ही इसे अंतिम रूप दिया। ऐसा नहीं होना चाहिए था। रिकॉर्ड का हिस्सा न होने वाली कोई भी टिप्पणी हलफनामे में नहीं होनी चाहिए। वास्तव में, यह दायर नहीं किया गया है। पिछले साल हाई कोर्ट ने गोखले के ट्वीट्स को मानहानिकारक करार दिया था और उन्हें पुरी को 50 लाख रुपये का हजार्ना देने और टाइम्स ऑफ इंडिया अखबार और अपने एक्स हैंडल पर माफी प्रकाशित करने का निर्देश दिया था।

# शामली की अंशिका तायल बनीं चार्टर्ड अकाउंटेंट

**मेहनत, समर्पण और परिवार के सहयोग से पाई सफलता**

प्रात: किरण .डॉ . अनुज अग्रवाल

उत्तर प्रदेश के शामली जनपद में खुशी की लहर दौड़ गई जब मोहल्ला नौकुआ निवासी अंशिका तायल ने इंडियन चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की परीक्षा पास कर सीए (चार्टर्ड अकाउंटेंट) बनने का गौरव हासिल किया। अंशिका के इस मुकाम तक पहुंचने में उनके दृढ़ निश्चय, अथक मेहनत और परिवार




के मार्गदर्शन की अहम भूमिका रही। उनके पिता दिनेश तायल व माता पूनम तायल की आंखों में गर्व और खुशी छलक उठी। जैसे ही परिणाम आया, उनके घर पर बधाई देने वालों की भीड़ उमड़ पड़ी। भाई मुकुल तायल और भाभी प्राची तायल की खुशी भी कम नहीं थी। परिवार और नाते-रिश्तेदारों ने केक काटकर इस अविस्मरणीय अवसर को सेलिब्रेट किया। अंशिका की नानी शशि गोयल और नाना नरेंद्र गोयल ने भी नाती की सफलता पर प्रसन्नता जताई। अंशिका का कहना है कि यह सफर आसान नहीं था, लेकिन निरंतर आत्मविश्वास और सही दिशा में मेहनत से हर सपना साकार किया जा सकता है। उनका यह कीर्तिमान इलाके की युवतियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गया है। नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष अरविंद सिंगल और नगर विधायक प्रसन्न चौधरी ने अंशिका तायल की इस उपलब्धि पर उन्हें शुभकामनाएं दी हैं और कहा कि शामली की यह बिटिया न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे जनपद का नाम रोशन कर रही है। शिक्षा और आत्मबल के बल पर बेटियों के ऐसे उदाहरण समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं।

# पुलिस ने भगोड़े बदमाश को दबोचा

नई दिल्ली, । दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने लुटेरे विकास उर्फ पवन उर्फ जुडी (30) को गिरफ्तार किया है। आरोपित दो मामलों में भगोड़ा घोषित किया जा चुका था। जबकि दो अन्य मामलों में उसके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी थे। वह लंबे समय से कानून की आंखों में धूल झोंकते हुए बार-बार अपना ठिकाना बदलकर गिरफ्तारी से बच रहा था। क्राइम ब्रांच के डीसीपी हर्ष इंदौरा के अनुसार क्राइम ब्रांच को सूचना मिली थी कि विकास उर्फ पवन अदालत में पेश नहीं हो रहा है और उसे भगोड़ा घोषित कर दिया गया है। क्राइम ब्रांच लगातार भगोड़े बदमाशों के खिलाफ अभियान चलाकर उन्हें गिरफ्तार कर रही है। इस बीच पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली कि आरोपित हरियाणा के गन्नौर, सोनीपत में छिपा हुआ है। सूचना को पुख्ता कर टीम ने क्षेत्र में निगरानी रखते हुए कई ठिकानों पर दबिश देकर आरोपित दबोचा। जांच में पता चला है कि आरोपित विकास उर्फ पवन उर्फ जुडी ने 7वीं कक्षा में फेल होने के बाद स्कूल छोड़ दिया था। वर्ष 2015 में उसने अपराध की दुनिया में कदम रखा। 2016 में उसकी शादी हुई और वह अपराध कर परिवार चलाने लगा। अदालत से फरार होने के बाद वह हरियाणा के गन्नौर में छिपा हुआ था।

# पीएचडी नामांकन के परिणामों में देरी से छात्रों का गुस्सा फूटा

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली, । पीएचडी नामांकन के परिणामों की घोषणा में की जा रही देरी के विरोध में मंगलवार को छात्रों ने हिंदी विभाग पर प्रदर्शन किया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के नेतृत्व में किए गए इस प्रदर्शन में छात्रों ने आरोप लगाया कि पीएचडी नामांकन परिणाम जारी करने में जानबूझ के देरी की जा रही है। इस कारण से छात्रों की शैक्षणिक योजना और भविष्य की दिशा प्रभावित हो रही है। एबीवीपी के कार्यकर्ता व छात्रों ने एक स्वर में प्रशासन की निष्क्रियता और लापरवाही के खिलाफ आवाज बुलंद की। इस प्रदर्शन में एबीवीपी दिल्ली की प्रदेश सह-मंत्री अपराजिता, डूसू उपाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह, डूसू सचिव मित्रवृंदा कर्णवाल तथा विभाग संयोजक गार्गी जोशी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। छात्रों ने आरोप लगाए कि विभाग के कुछ कर्मचारी लगातार छात्रों के साथ अभद्र व्यवहार करते हैं और प्रशासनिक कार्यों में टालमटोल कर छात्रों को मानसिक रूप से प्रताड़ित करते हैं। कई विद्यार्थियों ने यह शिकायत की है कि उनके प्रमाणपत्र, आवेदन व अन्य आवश्यक कार्यों को न केवल अनावश्यक रूप से टाला जा रहा है, बल्कि उन पर जानबूझकर अड़चनें भी खड़ी की जा रही हैं। एबीवीपी दिल्ली प्रदेश सह-मंत्री अपराजिता ने कहा, हिंदी विभाग में छात्रों के साथ हो रही यह उपेक्षा और प्रशासन की असंवेदनशीलता अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। हिंदी विभाग को हिंदी भाषा के संवर्धन और विद्यार्थियों के विकास का केंद्र होना चाहिए, लेकिन वहां आज छात्र अपने को उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एबीवीपी छात्रों की समस्याओं को नजरअंदाज नहीं करेगा और इस मुद्दे को कुलपति कार्यालय तक ले जाएगा।

# 60 लाख रुपये की लूट मामले में आरोपी की जमानत याचिका खारिज

नई दिल्ली, । 60 लाख रुपये की लूट के एक गंभीर मामले में तीस हजारी स्थित अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश की अदालत ने आरोपित अमित कुमार की जमानत याचिका खारिज कर दी है। आरोपी पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की विभिन्न धाराओं और शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश शिल्पी जैन ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि मामले की गंभीरता, आंशिक रिकवरी, और गवाहों को प्रभावित करने की आशंका को देखते हुए इस समय जमानत देना उपयुक्त नहीं होगा। अदालत ने कहा कि ट्रायल अभी प्रारंभिक चरण में है और मुख्य गवाहों के बयान अभी दर्ज होने बाकी हैं। ऐसे में आरोपित को जमानत देना न्यायहित में नहीं होगा। आरोपित पर आरोप है कि 28 अप्रैल को शाम करीब चार बजे शिकायतकर्ता से बंदूक की नोक पर 60 लाख रुपये की लूट की गई थी। आरोपित की ओर से पेश अधिवक्ता हर्षिल गुप्ता ने अदालत में दलील दी कि अमित कुमार को झूठा फंसाया गया है और वह एक मई से न्यायिक हिरासत में है। अधिवक्ता ने ये भी दलील दी कि मित कुमार अपने परिवार का एकमात्र कमाने वाला सदस्य है और वारदात के समय वह रोहिणी में मौजूद था। इसके अलावा, उसका नाम प्राथमिकी में नहीं है और पुलिस हिरासत की अब कोई आवश्यकता नहीं है। वहीं, अतिरिक्त लोक अभियोजक ने पुलिस जांच अधिकारी के साथ मिलकर याचिका का विरोध किया। उन्होंने दलील दी कि आरोपित का नाम सह आरोपित के साथ कई मामलों में सामने आ चुका है और उसके पास से 10.5 लाख रुपये की लूट की राशि की बरामदगी हुई है। अभियोजन पक्ष ने यह भी आशंका जताई कि अगर आरोपित को जमानत दी जाती है, तो वह गवाहों को प्रभावित कर सकता है और सुबूतों से छेड़छाड़ की संभावना है।

# जहांगीरपुरी में बदला लेने के लिए बदमाशों ने किशोर को मारी गोली

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली, । जहांगीरपुरी में हाल ही में हुई गोलीबारी में वांछित किशोर को सोमवार की देर रात आजादपुर इलाके में तीन बदमाशों ने गोली मार दी। शुरूआती जांच में पता चला कि आरोपितों ने बदला लेने के लिए इस वारदात को अंजाम दिया है क्योंकि किशोर ने उनके दोस्त पर गोली चलाई थी। घायल नाबालिग को परिवार वालों ने उसे पास के अस्पताल में भर्ती कराया है। नाबालिग को दो गोली लगी हैं और उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। आर्यन की मां ने पुलिस को बताया कि वह हमला करने वाले तीनों लड़कों को जानती हैं। तीनों जहांगीरपुरी के रहने वाले लड्डू, शमशेर और शानू हैं। आदर्श नगर पुलिस ने मां के बयान पर हत्या का प्रयास का मामला दर्ज कर लिया। पुलिस आरोपितों को पकड़ने के लिए



उनके संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी कर रही है। उत्तर पश्चिम जिला पुलिस उपायुक्त भीष्म सिंह ने बताया कि सोमवार रात 10:14 बजे आदर्श नगर थाना पुलिस को सिविल लाइन्स स्थित ट्रामा सेंटर से एक नाबालिग को गोली मारे जाने की जानकारी मिली। अस्पताल पहुंची पुलिस को पता चला कि 17 साल के नाबालिग को दो गोली मारी गई है। एक गोली उसकी गर्दन और दूसरा पेट के नीचे लगी है। वह बयान देने की हालत में नहीं है। अस्पताल में पुलिस को नाबालिग की मां ने बताया कि वह परिवार के साथ एमसीडी कॉलोनी में रहती हैं। उनके पति एक निजी कंपनी में काम करते हैं। बेटा नौवीं कक्षा तक पढ़ा है। सोमवार रात वह अपने बेटे, परिचित रंजीता और निखिल के साथ एमसीडी कॉलोनी के मुख्य गेट के सामने स्थित फुट ओवर ब्रिज के पास फुटपाथ पर खड़ी थी। इसी दौरान वहां तीन लड़के आए। पिस्टल से बेटे पर ताबड़तोड़ गोली चला दी। गोली लगते ही बेटा वहीं पर गिर गया। जबतक वह कुछ समझ पाती, सभी आरोपित बाइक पर सवार होकर वहां से भाग गए। वह अपने बेटे को लेकर तुरंत सुश्रुत ट्रामा सेंटर पहुंची। जहां इलाज जारी है। पुलिस ने मामले की छानबीन करने के बाद बताया कि आपसी रंजिश की वजह से नाबालिग पर गोलीबारी की गई है। कुछ दिन पहले जहांगीरपुरी इलाके में गोलीबारी हुई थी, इस मामले में वह वांछित है। वहीं सूत्रों का कहना है कि इंटरनेट मीडिया पर अपलोड वीडियो पर कमेंट करने को लेकर लड़कों के गुटों के बीच झगड़ा हुआ था। पुलिस अधिकारी का कहना है कि आरोपितों की गिरफ्तारी और घायल नाबालिग के बयान के बाद ही हमले के सही कारणों का खुलासा हो पाएगा। पुलिस पीड़ित परिवार समेत घायल के दोस्तों से पूछताछ कर रही है।

# डीयू दाखिला प्रक्रिया: ईसीए कोटे के छात्रों को रेगुलर राउंड में भी मिल सकती है सीट

नई दिल्ली, । दिल्ली विश्वविद्यालय के शैक्षणिक सत्र 2025-26 में स्नातक प्रोग्राम में दाखिले के लिए कॉमन सीट एलोकेशन सिस्टम (सीएसएएस) के दूसरे चरण की मंगलवार से शुरूआत हो गई। इस चरण में सामान्य छात्रों के साथ-साथ ईसीए कोटे के छात्र कॉलेज व कोर्स का चयन कर सकते हैं। इस कोटे के छात्रों को सीट आवंटन के रेगुलर राउंड (19 जुलाई से शुरू होने वाले) में सीट आवंटित हो सकती है। यदि उन्हें ईसीए कोटे की सीट आवंटित होती है तो उन्हें रेगुलर राउंड व ईसीए कोटे की सीट में से एक को स्वीकार करना होगा। डीयू ने ईसीए की 14 श्रेणियों के तहत 1375 सीटों पर दाखिले के लिए ट्रायल तिथियों व स्थान (कॉलेज) की घोषणा भी कर दी है। ट्रायल 18 जुलाई से शुरू होंगे जो कि 25 जुलाई तक चलेंगे। इनके लिए दाखिला प्रक्रिया पूरी तरह से अलग ही चलेगी। इन दोनों कोटे में दाखिले ट्रायल के अंको, सर्टिफिकेट के अंको, व सीयूईटी स्कोर के आधार पर बनी मेरिट से होंगे। सीट पाने के लिए छात्रों को ट्रायल देना भी अनिवार्य है। ट्रायल के लिए छात्रों को पंजीकरण के समय अपलोड किए गए अपने सभी प्रमाणपत्रों की मूल प्रति के साथ-साथ सीयूईटी स्कोर कार्ड को भी लाना होगा। प्रशासन ने बाहरी राज्यों से आने वाले छात्रों को सलाह दी है कि अपने ठहरने के स्थान की योजना ट्रायल की तिथियों के अनुसार ही बनाएं। मालूम हो कि ईसीए की 14 कैटेगिरी क्रिऐटिव राइटिंग, डांस, डिबेट, एनएसएस, एनसीसी, डिजिटल मीडिया, फाइन आर्ट्स, म्यूजिक(वोकल), म्यूजिक(इंस्ट्रूमेंटल इंडियन), म्यूजिक इंस्ट्रूमेंटल पश्चिमी), थिटेयर, क्विज, योग, धर्मशास्त्र (डिवनिटी) हैं। इसमें से दो कैटेगिरी एनएसएस और एनसीसी में ट्रायल नहीं होंगे बल्कि इनके केवल सर्टिफिकेट के आधार पर ही अंक मिलेंगे। डीयू में ईसीए कोटे से दाखिले के लिए मेरिट लिस्ट तैयार करने के लिए कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी) 2025 के स्कोर, छात्रों के सर्टिफिकेट और ट्रॉयल के अंकों को देखा जाएगा। ईसीए के लिए इसमें 25 फीसदी वेटेज सीयूईटी व 75 फीसदी सर्टिफिकेट व ट्रायल की होगी। इनमें 60 फीसदी वेटेज ट्रायल व 15 फीसदी सर्टिफिकेट की है। ट्रायल और सर्टिफिकेट के 75 अंकों में से छात्र को कम से कम 30 अंक लाना जरूरी है। यदि 30 अंक नहीं होंगे तो ईसीए कोटे से सीट नहीं मिलेगी। एनसीसी और एनएसएस में केवल प्रमाणपत्रों के 75 फीसदी अंकों को और 25 फीसदी सीयूईटी स्कोर को देखा जाएगा।

# दिल्ली में ईडी अधिकारी बनकर कार शोरूम मैनेजर से 30 लाख की लूट, 48 घंटे के भीतर तीन आरोपी गिरफ्तार

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली, । खुद को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का अधिकारी बताकर एक कार शोरूम के मैनेजर को अगवा कर 30 लाख रुपये लूटने वाले गिरोह का पुलिस ने पदार्फाश कर दिया है। चाणक्यपुरी थाना पुलिस ने 48 घंटे के भीतर तीनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। इनमें एक आरोपित शोरूम में सेल्स एग्जीक्यूटिव के पद पर कार्यरत था, जिसने पूरी साजिश रची थी। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान सुनील कुमार तनेजा, सूरज और सुमित यादव के रूप में हुई है। पुलिस ने उनके कब्जे से 15 लाख रुपये नकद, दो लाख की डाउन पेमेंट से खरीदी गई एक कार और वारदात में इस्तेमाल



की गई कार बरामद कर ली है। इसके अलावा आठ लाख रुपये की फिक्स्ड डिपॉजिट राशि को भी फ्रीज कर दिया गया है। उपयुक्त देवेश कुमार महला के मुताबिक, एक्सक्लूसिव मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड के सहायक प्रबंधक अनिल तिवारी ने दो जुलाई को शिकायत दर्ज करवाई थी। यह शोरूम सम्राट होटल, चाणक्यपुरी में स्थित है, जहां बेंटले और अन्य महंगी कारें बेची जाती हैं। शिकायत में बताया गया कि 19 जून को एक ग्राहक ने बेंटले कार के लिए 30 लाख रुपये नकद भुगतान किया था, जिसे कार की डिक्की में रखा गया था। 20 जून की शाम अनिल तिवारी जब स्कूटी से घर जा रहे थे, तब हंगरी एंबेसी के पास उन्हें एक कार ने ओवरटेक कर रोका। कार में बैठे दो लोगों में से एक ने पुलिस की वर्दी पहन रखी थी और दूसरे सिविल कपड़ों में थे। खुद को ईडी अधिकारी बताते हुए उन्होंने तिवारी को अगवा किया और शोरूम वापस लाए और कार की डिक्की से 30 लाख रुपये निकाल लिए। बाद में उन्हें राजौकरी (एनएच-8) के पास उन्हें छोड़ दिया और फरार हो गए। शुरूआत में शोरूम मैनेजर इसे सरकारी कार्रवाई समझकर शांत रहे, लेकिन जब सच्चाई सामने आई, तो मामला दर्ज किया गया। एसएचओ बलीहर सिंह की टीम ने सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पांच जुलाई को सुनील को, सात जुलाई को सूरज को और आठ जुलाई को सुमित यादव को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में पता चला कि सुमित शोरूम में कार्यरत था और आर्थिक तंगी के चलते उसने नकदी की जानकारी सुनील को दी थी। सुनील ने अपने साथी सूरज के साथ मिलकर ईडी के फर्जी आईडी कार्ड बनवाए और लूट की वारदात को अंजाम दिया।

# दिल्ली-एनसीआर में पूरे हफ्ते सुहावना रहेगा मौसम

### जुलाई मध्य तक अच्छी बारिश का पूवार्नुमान

नई दिल्ली, । दिल्ली-एनसीआर में इस सप्ताह मौसम का मिजाज सुहावना बना रहेगा। राजधानी और आसपास के क्षेत्रों में अगले सात दिनों तक रुक-रुक कर बारिश होने की संभावना है। दिल्ली-एनसीआर में जुलाई मध्य तक अच्छी बारिश होने का पूवार्नुमान है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, 09 जुलाई को दिल्ली-एनसीआर के कई हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है, जिसके लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। इस दिन आसमान में बादल छाए रहने और बिजली कड़कने की भी संभावना है। इस दौरान अधिकतम तापमान 32 से 34 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 24 से 26 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। 10 से 14 जुलाई तक भी मौसम में बदलाव का सिलसिला जारी रहने की उम्मीद है। इस अवधि में दिल्ली और उसके आसपास के क्षेत्रों में गरज के साथ हल्की बारिश हो सकती है। इन दिनों बादलों की आवाजाही बनी रहेगी और कुछ क्षेत्रों में वज्रपात की घटनाएं भी हो सकती हैं। इस दौरान अधिकतम तापमान 31 से 35 डिग्री और न्यूनतम तापमान 23 से 27 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। बारिश के चलते जहां तापमान में गिरावट आएगी, वहीं लोगों को उमस और तेज धूप से राहत मिलेगी। इसके साथ ही लगातार हो रही वर्षा से वायु गुणवत्ता भी सुधरती दिख रही है। राजधानी में पिछले 12 दिनों से एयर क्वालिटी इंडेक्स ह्यसंतोषजनकह्व श्रेणी में बना हुआ है और आने वाले दिनों में भी इसके इसी स्तर पर बने रहने की संभावना जताई जा रही है। आईएमडी के अनुसार, इस बार मानसून सामान्य गति से आगे बढ़ रहा है और दिल्ली-एनसीआर में जुलाई मध्य तक अच्छी बारिश होने की संभावना है।

# मुख्यसचिव अमृतलाल मीणा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से डीएम मिथिलेश मिश्र के साथ की समीक्षा बैठक

## बैठक में सभी विभागों के अधिकारी रहे मौजूद,मुख्य सचिव ने दिए कई महत्त्वपूर्ण दिशा-निर्देश




प्रात : किरण संवाददाता

लखीसराय! समाहरणालय लखीसराय स्थित ठक्क के सभा कक्ष में मुख्य सचिव, बिहार,अमृतलाल मीणा की अध्यक्षता में सभी जिला के जिला पदाधिकारी एवं प्रमंडलीय आयुक्त के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक आयोजित की गई। मुख्य सचिव,बिहार की अध्यक्षता में प्रत्येक मंगलवार को विभिन्न विभागों की समीक्षा की जाती है! इस बार द्वितीय मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग, आपदा प्रबंधन विभाग, शिक्षा विभाग, कल्याण विभाग, श्रम संसाधन विभाग, समाज कल्याण विभाग, नगर परिषद सूर्यगढ़ा, जीविका इत्यादि की समीक्षा की गई। मुख्य सचिव,अमृतलाल मीणा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सरकार द्वारा संचालित लोक कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा के क्रम में निदेश दिया कि सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजना का लाभ हर हाल में आम लोगों तक पहुंचना चाहिए। यह भी निदेश दिया गया कि जनहित को प्राथमिकता देते हुए विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन एवं विकास कार्य में गति लाएं। दिनांक 11 जुलाई को सामाजिक सुरक्षा दिवस के रूप में मनाया जा रहा है इस दिन मुख्यमंत्री,बिहार, नीतीश कुमार के द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना अंतर्गत पेंशन की बढ़ी हुई दर से (400रु के स्थान पर 1100रु ) लाभार्थियों को प्रदान किया जाना है। मद्य निषेध विभाग की समीक्षा में गाड़ियों की अधिग्रहण से संबंधित चर्चा की गई। समीक्षा बैठक में जिला पदाधिकारी के साथ वरीय उपसमाहर्ता शशि कुमार,जिला खेल पदाधिकारी श्री रवि कुमार, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुश्री प्राची कुमारी,सिविल सर्जन लखीसराय बी पी सिन्हा, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी (आईसीडीएस) वंदना पांडे, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग नैंसी मुर्मू सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# एडीएम बनकर पति को जेल से छुड़ाने के नाम पर महिला से 2.01लाख ठगी करने वाला गिरफ्तार

## थाना प्रभारी को धमकी देने के आरोप में जेल जा चुका है फर्जी एडीएम

- हत्या के आरोप में जेल में बंद गणेश राम की पत्नी को बनाया था ठगी का शिकार



प्रात : किरण संवाददाता

लखीसराय !बेगूसराय जिला निवासी एक युवक ने फर्जी एडीएम बनकर हत्या के आरोप में जेल में बंद एक आरोपी को छुड़ाने के नाम पर उसकी पत्नी से दो लाख एक हजार रुपए की ठगी की है !जिसे जिले के कवैया थाना की पुलिस ने फर्जी एडीएम कमलेश कुमार कश्यप को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है !वहीं एसपी अजय कुमार ने इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए बताया कि किउल थाना क्षेत्र अंतर्गत वृंदावन ग्राम निवासी गणेश राम जो हत्या के आरोप में लखीसराय मंडल कारा में बंद है उसकी पत्नी निभा देवी से जमानत कराने के नाम पर बेगूसराय जिले के साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र निवासी कमलेश कुमार कश्यप के द्वारा लखीसराय जिले का एडीएम बनकर दो लाख एक हजार रुपए की ठगी की गई थी जिस पर प्राथमिकी दर्ज किया गया है और गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है !बताते चलें की फर्जी एडीएम कमलेश कुमार कश्यप एक थाना प्रभारी को वर्दी उतरवाने की धमकी के आरोप में लखीसराय जेल में बंद था उसी दरमियान हत्या के आरोपी गणेश राम से उसकी दोस्ती हुई थी !जेल से निकलने के बाद कमलेश ने हत्या का आरोपी गणेश राम की पत्नी से फर्जी एडीएम बनकर पैसे की ठगी की थी !फर्जी एडीएम की गिरफ्तारी जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है !

# सहरसा में जदयू की साइकिल रैली, मतदाता जागरूकता को लेकर निकाली गई रैली



प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा में विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के समर्थन और मतदाता जागरूकता को लेकर जनता दल यूनाइटेड की ओर से मंगलवार को एक साइकिल रैली निकाली गई। यह रैली व्यवहार न्यायालय गेट से शुरू होकर शहर के विभिन्न चौक-चौराहों से गुजरते हुए कायस्थ टोला में सम्पन्न हुई। रैली का नेतृत्व मधेपुरा के सांसद दिनेश चंद्र यादव ने किया। उन्होंने कहा कि इस रैली का उद्देश्य मतदाताओं को जागरूक करना है, ताकि सभी लोग अपने नाम मतदाता सूची में दर्ज करवा सकें और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित हो सके। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे समय रहते अपना नाम सूची में पुनरीक्षित जरूर कराएं। जिला जदयू अध्यक्ष ने भी कार्यक्रम की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पार्टी का प्रयास है कि जिले का कोई भी योग्य नागरिक मतदान से वंचित न रह जाए। इस जनजागरूकता रैली में सैकड़ों की संख्या में महिला और पुरुष कार्यकर्ता शामिल हुए।

# मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर शंकरपुर में जदयू कार्यकताओं ने निकली रैली

प्रात : किरण संवाददाता




शंकरपुर (मधेपुरा) शंकरपुर में जनता दल यूनाइटेड ने चुनाव आयोग के मतदाता पुनरीक्षण अभियान को सफल बनाने को लेकर मंगलवार को विशाल मतदाता जागरूकता साइकिल रैली निकाली। यह साइकिल रैली प्रखंड मुख्यालय से शुरू होकर मुख्य बाजार तक होते हुए प्रखंड के सभी पंचायतों में रैली पहुंची, इस कार्यक्रम में सिंहेश्वर विधानसभा के पूर्व विधायक सह जदयू जिलाध्यक्ष एवं बिहार सरकार के पूर्व कल्याण मंत्री डॉ रमेश ऋषिदेव सहित कई कार्यकर्ता शामिल हुए। रैली बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष सह जदयू प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार यादव के नेतृत्व में निकाली गई। जदयू जिलाध्यक्ष सह बिहार सरकार के पूर्व मंत्री डॉ रमेश ऋषिदेव ने जानकारी दी कि पार्टी के प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर यह रैली पूरे बिहार में एकसाथ आयोजित की गई है। इसका मकसद अधिक से अधिक लोगों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, संशोधन कराने और लोकतंत्र में भागीदारी के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने चुनाव आयोग की पहल का स्वागत किया, घर घर हमलोग जाएंगे मतदाता को जगाएंगे, जदयू कार्यकर्ता ने नारे लगाते हुए साइकिल रैली की शुरुआत कर प्रखंड के नौ पंचायत के सभी गांव, मोहल्ला, गली, कस्बा तक पहुंची। उन्होंने कहा की साइकिल रैली का उद्देश्य आम जनता, विशेषकर युवाओं और नए मतदाताओं को मतदान के अधिकार और उसकी महत्ता के प्रति जागरूक करना है। रैली में पूर्व मंत्री सह जदयू जिला अध्यक्ष डॉ रमेश ऋषिदेव, जिला उपाअध्यक्ष नरेश यादव, संजीव कुमार जिला उपाध्यक्ष अध्यक्ष, तेज नारायण यादव जिला महासचिव, विजय कुमार राय जिला महासचिव, तपेश मंडल, अति पिछड़ा प्रखंड अध्यक्ष, दीपक कुमार किसान प्रकोष्ठ प्रखंड अध्यक्ष, एसटीएससी प्रखंड अध्यक्ष रंजित ऋषिदेव, एसटीएससी जिला अध्यक्ष महेंद्र ऋषिदेव, एसटीएससी जिला उपाध्यक्ष शशि भूषण यादव, डॉ जयकुमार यादव जिला उपाअध्यक्ष, प्रदीप कुमार पंचायत अध्यक्ष, प्रदीप ठाकुर पंचायत अध्यक्ष, रामसुंदर दास पंचायत अध्यक्ष, मोजे लाल यादव पंचायत अध्यक्ष, मो. नूर आलम पंचायत अध्यक्ष, दिवाकर सरदार पंचायत अध्यक्ष, पिंटू कुमार पंचायत अध्यक्ष, मो. नजरुल अल्प संख्यक प्रखंड अध्यक्ष, श्रवण ऋषिदेव, राजकुमार यादव, किशोर मंडल, महेंद्र मंडल, एवं सभी जदयू कार्यकर्ता शामिल हुए।

# 11 जुलाई शुक्रवार से होगी सावन मास की शुरूआत मंदिरो में गुंजेंगे हर हर महादेव : पंडित तरुण झा

प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा ज्योतिषाचार्य पंडित तरुण झा ने बताया है की देवाधिदेव महादेव का प्रिय मास सावन की शुरुआत 11जुलाई शुक्रवार को सिद्धि योग से हो रही है और 09 अगस्त को सावन मास का समापन होगा, पहली सोमवारी 14 जुलाई को है और श्रावण सोमवार व्रत के दिन भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती की पूजा विशेष विधि विधान से की जाती है। सोमवार का व्रत करने से सुख समृद्धि और उन्नति एवं मनोकामना पूरी होती है, श्रावण को मनोकामना पूर्ति का महीना भी कहा जाता है, क्योंकि भोलेनाथ ही ऐसे देवता है जिनकी सच्चे मन से पूजा की जाए तो वह बेहद जल्द प्रसन्न हो जाते हैं, मान्यता है की श्रावण सोमवार के दिन भोलेनाथ और माता पार्वती की पूजा जल्द फलित होती है। श्रावण मास के दौरान भगवान शिव को जल एवं गंगाजल के साथ-साथ पुष्प, बेलपत्र, धतूरा, मंदार पुष्प गाय का कच्चा दूध, विजया पत्र, मधु, गुड,इत्र, पंचामृत आदि एवं माता पार्वती की श्रृंगार सामग्री चढ़ाना शुभ माना जाता है, भगवान भोलेनाथ व माँ पार्वती का विधि विधान के साथ पूजा जलाभिषेक, रुद्राभिषेक करना अच्छा माना जाता है। इस विशेष समय में शिव पूजन, पार्थिव पूजन, महामृत्युंजय अनुष्ठान भी अति लाभदायक सिद्ध होगा। संभव हो तो शिव चलीसा ओम नमः शिवाय का जप एवं महामृत्युंजय के मन्त्र का जप अवश्य करें,इसके साथ ही सोलह सोमवार का व्रत भी आरंभ किया जा सकता है। श्रावण मास 2025 का सोमवारी व्रत है :- 1)पहला सोमवार व्रत- 14 जुलाई 2025 2) श्रावण का दूसरा सोमवार व्रत- 21 जुलाई 2025 3) श्रावण का तीसरा सोमवार व्रत- 28 जुलाई 2025 4) श्रावण का चौथा सोमवार व्रत- 04 अगस्त 2025।

# सहरसा नगर निगम की लापरवाही, सुलिंदाबाद सर्वा ढाला सहरसा सिमरीबख्तियारपुर रोड बना कचरे का ढेर



प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा नगर निगम क्षेत्र के सर्वा ढाला के पास सहरसा सिमरी बख्तियारपुर रोड आजकल पूरे शहर भर के कचरे से पट चुका है। नगर निगम की गाड़ियाँ हर दिन इस जगह पर खुलेआम कचरा गिरा रही हैं, जिससे आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। जहाँ पहले लोग आराम से आना-जाना करते थे, वहीं अब उस रास्ते से गुजरना भी मुश्किल हो गया है। चारों ओर बदबू, मच्छर, कीचड़ और काले विषैले धुएं से सांस रुक जाती है दम घटने लगती है, हाल बेहाल है। लोगों को डर है कि अगर जल्द सफाई नहीं हुई तो यह इलाका बीमारियों का अड्डा शिवम कुमार, कक्षा 7, राजकीय विद्यालय सुलिंदा ने बताया रोज स्कूल जाते हैं तो बदबू के मारे नाक बंद करना पड़ता है। कई बार लावारिस कुत्ते का यहां जमावड़ा लगता है एवं दौड़ाते हैं। रास्ता बहुत गंदा हो गया है। अनामिका कुमारी, कक्षा 6 ने बताई कि मम्मी कहती हैं मुंह पर रुमाल रखो, लेकिन कभी-कभी उल्टी जैसी हालत हो जाती है। कई बच्चे बीमार भी पड़ गए हैं। सड़क पर गंदगी काफी फैला हुआ है बहुत बदबूदार होता है, स्कूल आने जाने में बहुत सारा प्रॉब्लम हो रहा है, इसका जल्द उपाय किया जाए। राजेश मंडल, ऑटो चालक ने कहा पूरा रोड गंदा कर दिया गया है। कई बार बाइक और पैदल लोग फिसल चुके हैं। प्रशासन को तो जैसे कोई फर्क ही नहीं पड़ता। मोहम्मद सरवर ने कहा बाजार से लौटते हैं तो पैर और कपड़े सब गंदा हो जाता है। कूड़े में जब आग लगाया जाता है तो काला धुआं बहुत ही बदबूदार होता है, सांस रुक जाती है दम घुटने लगता है, आने जाने में बहुत सारा दिक्कत हो रहा है। इम्तियाज आलम, सेवानिवृत्त शिक्षक ने बताया नगर निगम को शर्म आनी चाहिए। बच्चों और बुजुर्गों की जान से खिलवाड़ हो रहा है। यह स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा है। प्रशासन अब भी खामोश लोगों ने कई बार नगर निगम को शिकायत दी, लेकिन न कोई सफाई हुई, न ही कोई वैकल्पिक डंपिंग जोन तैयार किया गया। अब लोगों में गुस्सा बढ़ता जा रहा है और इलाके के सुलिंदाबाद निवासी आंदोलन की तैयारी में हैं। लोगों की प्रमुख मांगें तत्काल कचरा हटाया जाए, रोड किनारे डंपिंग बंद हो, शहर से बाहर डंपिंग जोन निर्धारित हो, मच्छरनाशक दवाओं का छिड़काव हो।

# पत्नी की गला दबाकर पति ने किया हत्या, पति और सास घर छोड़ फरार



प्रात : किरण संवाददाता

संग्रामपुर (मुंगेर)। संग्रामपुर थाना क्षेत्र के दीदारगंज पंचायत अंतर्गत गोविंदपुर गांव में अपनी पत्नी के गला दबाकर हत्या कर दी पत्नी की हत्या के बाद पति और सास घर से फरार हो गए ,इधर सोमवार की सुबह चचेरे देवर ने इसकी सूचना पुलिस और महिला के मायके वालों को दी इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया ,हालांकि अब तक महिला के द्वारा इसे लेकर कोई आवेदन नहीं दिया गया है, पुलिस मामले के हर पहलु पर जांच में जुट गई है बताया गया है कि संग्रामपुर थाना क्षेत्र के ही दुगार्पुर निवासी 29 वर्षीय मधु कुमारी का विवाह 2019 में गोविंदपुर गांव निवासी राहुल कुमार के साथ हुई थी ,मधु कुमारी के भाई प्रिंस कुमार ने बताया कि उसकी बहन को 3 वर्ष का पुत्र है शादी के कुछ महीने बाद राहुल दहेज के लिए उसकी बहन मधु को प्रताड़ित करने लगा मधु ने इसी वर्ष शिक्षक परीक्षा में उतारिक किया है, जबकि उसका पति राहुल बांका में डीएलएड कर रहा है मधु घर पर ही बच्चों को ट्यूशन पढ़ते थे ,बांका में राहुल का किसी लड़की से प्रेम प्रसंग चल रहा था ,घर आने पर उस लड़की से मोबाइल पर बातचीत करता था ,जिसका मधु विरोध करती थी दो-तीन दिन पूर्व इसी बात पर राहुल ने मधु के साथ मारपीट भी की थी वही सुभाष 6:30 बजे राहुल के चचेरे भाई शुभम ने मोबाइल पर बहन की मौत की सूचना दी ,जब वह पहुंचा तो वहां अपने कमरे में फर्श पर मृत पड़ी थी उसके गले पर निशान भी थे जिससे पता चलता है कि राहुल ने गला दबाकर मधु की हत्या की और घर से फरार हो गया सूचना पर गोविंदपुर पहुंचे डीएसपी सिंदूर शेखर सिंह ने कहा कि अब तक कोई आवेदन नहीं दिया गया है मामला हत्या का लग रहा है प्राथमिक दर्ज होने पर पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सहरसा एवं मधेपुरा के 10 वांछित अपराधियों पर रखा गया है इनाम, गुप्त सूचना देने पर दी जाएगी सुरक्षा : एसपी

प्रात : किरण संवाददाता



सहरसा एसपी ने जिले के 10 कुख्यात फरार और वांछित अपराधियों की सूची जारी की। इनकी गिरफ्तारी में मदद करने वालों को इनाम देने की घोषणा की गई है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति में पुलिस अधीक्षक हिमांशु कुमार ने कहा है कि सूचना देने वाले या गिरफ्तारी में सहयोग करने वाले व्यक्ति या पुलिसकर्मी की पहचान गुप्त रखी जाएगी। सूची में पहला नाम बिहरा थाना क्षेत्र के मकुना निवासी कारी यादव के पुत्र प्रवीण कुमार यादव का है। इस पर लूट, हत्या और आर्म्स एक्ट के चार मामले दर्ज हैं। गिरफ्तारी में सहयोग करने पर 25 हजार रुपये का इनाम मिलेगा। दूसरा मधेपुरा जिला के ग्वालापाड़ा निवासी चमरू ऋषिदेव का पुत्र मंजीत ऋषिदेव है। इस पर स्नेचिंग और डकैती के दो मामले दर्ज हैं। इस पर भी 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है। तीसरा सदर थाना क्षेत्र के हकपाड़ा निवासी मो इजराइल का पुत्र मोहम्मद मोनाजिर है। इस पर हत्या और आर्म्स एक्ट के दो मामले दर्ज हैं। इस पर 15 हजार रुपये का इनाम रखा गया है। चौथा मधेपुरा जिला के ग्वालपाड़ा निवासी गिरजु ऋषिदेव का पुत्र घातल ऋषिदेव उर्फ गणेश कुमार है। इस पर डकैती और स्नेचिंग के दो मामले दर्ज हैं। इस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है। पांचवां नवहट्टा थाना क्षेत्र के पुरुषोत्तमपुर निवासी राम प्रसाद यादव का पुत्र दीपक यादव है। इस पर हत्या का एक मामला दर्ज है। इस पर 15 हजार रुपये का इनाम रखा गया है। छठा बनगांव थाना क्षेत्र के बनगांव निवासी स्व विश्वेश्वर खां का पुत्र सुदर्शन खां है। इस पर लूट का एक मामला दर्ज है। इस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है। सातवां मुरलीगंज थाना क्षेत्र के परमानंदपुर, नयानगर निवासी नित्यानंद यादव का पुत्र अमरदीप कुमार उर्फ अमरजीत कुमार है। इस पर लूट के तीन मामले दर्ज हैं। इस पर 25 हजार रुपये का इनाम रखा गया है। आठवां बैजनाथपुर थाना क्षेत्र के खजूरी निवासी महेश्वर यादव का पुत्र बेचन यादव है। इस पर हत्या, डकैती और पुलिस से मारपीट के दो मामले दर्ज हैं। इस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है। नौवां सदर थाना क्षेत्र के गौरवगढ़ निवासी भूपेंद्र यादव का पुत्र रविंद्र यादव है। इस पर हत्या का एक मामला दर्ज है। इसके ऊपर 15 हजार रुपये का इनाम रखा गया है। दसवां सदर थाना क्षेत्र के बटयहा निवासी अशोक सिंह का पुत्र संतोष सिंह है। इस पर मारपीट और हत्या के प्रयास का एक मामला दर्ज है। इसके ऊपर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है। पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि इन अपराधियों की सूचना देकर गिरफ्तारी में सहयोग करें। सूचना देने वालों को इनाम के साथ सुरक्षा भी दी जाएगी।

# श्रावण मेला का स्थालीय जांच कराने बाद आयुक्त ने जिला पदाधिकारी को सभी संबंधित विभाग के पदाधिकारी के साथ समीक्षा कर सभी कार्य पूर्ण कराने का दिया निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता




मुंगेर। कांवरिया पथ पर चल रहे श्रावणी मेला की तैयारी को लेकर सोमवार को प्रमंडलीय आयुक्त, मुंगेर प्रमंडल, मुंगेर अवनीश कुमार सिंह द्वारा गठित दो सदस्यीय टीम द्वारा पूरे कांवरिया क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण कराया गया। जांच में कुछ स्थलों पर साफ-सफाई की कमी तथा विद्युत आपूर्ति परिलक्षित नहीं होने पर उनके द्वारा जिला पदाधिकारी, मुंगेर को सभी संबंधित विभाग के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा कर सभी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। प्रंडलीय आयुक्त मुंगेर प्रमंडल, मुंगेर के निदेशानुसार श्रावणी मेला में श्रद्धालुओं को उपलब्ध कराये जानेवाली सुविधाओं की स्थलीय जाँच दो सदस्यीय टीम द्वारा सोमवार को कराया गया, जिसमें प्राथमिक विद्यालय कमराय स्थल पर पी०एच०डी० द्वारा संचालित शौचालय, स्नानागार एवं पीने का पानी की व्यवस्था की जाँच की गयी। स्थल पर साफ-सफाई की कमी तथा विद्युत कनेक्शन नहीं पाया गया। इस संबंध में वहां उपस्थित कार्यपालक अभियंता, पी०एच०डी० द्वारा बताया गया कि टेस्ट कर लिया गया है, श्रावणी मेला के एक दिन पूर्व कनेक्शन लिया जाता है तथा स्थल की साफ-सफाई पूर्ण कराने की बात कही गयी। जांच में श्रावणी मेला पथ पर कुल 38 जगह पर शौचालय (पुरूष/महिला) की व्यवस्था की गयी है। रंग-रोगन किया गया है, परन्तु लगभग 40 प्रतिशत जगहों पर साफ-सफाई की आवश्यकता बताई गई है। साथ हीं कुछ जगहों पर पीने के पानी की व्यवस्था हेतु लगे हुए नल में टोटी की आवश्यकता है, जिसके संबंध में उपस्थित कार्यपालक अभियंता, पी०एच०डी० को निदेशित किया गया है। कांवरिया धर्मशाला तारापुर में भी साफ-सफाई की कमी देखी गयी तथा धर्मशाला के सामने बिछे हुए बालू को समतलीकरण करने का निदेश दिया गया। टीम द्वारा सरकारी रैन शैल्टर मौजमा ग्राम मड़वा तारापुर (पर्यटन विभाग द्वारा संचालित) तारापुर मे साफ-सफाई की कमी को भी पूर्ण करने की बात कही गयी है। वहां उपस्थित केयर टेकर ने बताया कि बेड मंगलवार शाम तक आ जायेगा। पंखे बिजली की समुचित व्यवस्था पायी गई। शौचालय एवं स्नानागार चालू हालत में थे, परन्तु साफ-सफाई की कमी पायी गयी। परिसर में पी०एच०डी० द्वारा संचालित शौचालय एवं स्नानागार की व्यवस्था है, परन्तु स्टार्टर नहीं रहने के कारण संचालित नहीं है। साथ ही पीने के पानी के नल में टोटी नहीं पायी गयी। खैरा एवं धोबई में टेन्ट सिटी बनाया जा रहा है, खैरा में स्ट्रेक्चर खड़ा है तथा फिनीशिंग कार्य प्रगति पर पायी गयी, जबकि धोबई में स्ट्रेक्चर खड़ा किया जा रहा है, तथा साफ-सफाई का कार्य भी प्रगति पर पाया गया। यहां पी०एच०डी० द्वारा संचालित शौचालय एवं स्नानागार में साफ-सफाई की आवश्यकता तथा पेयजल के लिए लगे नल में टोटी की आवश्यकता पायी गयी। श्रावणी मेला स्थल पर जगह-जगह इलेक्ट्रीसिटी से संबंधित कार्य प्रगति पर पाए गए, परन्तु लूज तारों को सुरक्षात्मक दृष्टि से जाँच किये जाने की बात टीम द्वारा बताई गई। वहीं श्रावणी मेला मार्ग पर पी०एच०डी० द्वारा अधिष्ठापित लगभग सभी चापाकल चालू अवस्था में पाये गए। इस बाबत प्रमंडलीय आयुक्त ने टीम द्वारा दिए गए स्थलीय जांच प्रतिवेदन की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी, मुंगेर को सभी संबंधित विभागीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा करते हुए कांवरिया पथ पर कांवरिया/श्रद्धालुओं के लिए चल रहे बचे हुए कार्यो को पूर्ण कराने की बात कही गयी। आयुक्त ने कहा कि आगामी 11 जुलाई से विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला का शुभारंभ होने वाला है, इसके तहत कांवरिया पथ पर चल रहे तैयारियो को 9 जुलाई तक शत प्रतिशत पूर्ण करा लिया जाएगा। उन्होंने इस मेला को अत्यंत ही भक्तिमय माहौल में संपन्न कराने के लिए विधि व्यवस्था संधारण मे पाई गई कमियों सहित अन्य सभी चीजो की गहनता से जांच कर पूर्ण कराने के निदेश दिए।

# जदयू ने साइकिल रैली निकाल कर मतदाता को किया जागरूक



प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर। जद(यू ) मुंगेर की तरफ से जिलाध्यक्ष नचिकेता मंडल के नेतृत्व में जिले के सभी प्रखंड, नगर निगम, नगर परिषद, नगर पंचयात एवं पंचायतों में मतदाता जागरूकता साइकिल रैली निकला गया। इसका मुख्य उदेश्य मतदाताओं को चुनाव आयोग द्वारा जारी मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 में ज्यादा से ज्यादा भागीदारी सुनिश्चित करवाना है. इस अवसर पर जिलाध्यक्ष नचिकेता मंडल ने कहा की लोकतंत्र की मजबूती के लिए यह अवश्यक है की सही मतदाता चुनाव में भाग लें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बिहार में न्याय के साथ विकास के संकल्प को टूटने नहीं देना है, इसलिए एक एक सही मतदाता का नाम जोड़ेंगें. पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्त्ता एक एक मतदाता के घर जाकर मतदाता सूची में नाम जोड़ने में सहयोग कर रहा है. मुंगेर के गरीब दलित, अतिपिछड़े, पिछड़े, अगड़े सहित समाज के सभी वर्गों को सहयोग देने के लिए पार्टी कृत संकल्पित है, ये अभियान लोकतंत्र की शाखायों को मजबूती प्रदान करेगा. जिला प्रवक्ता विमलेन्दु राय के कहा की सुबह गार्डन बाजार स्तिथ कार्यालय से पार्टी के प्रदेश सचिव सह मुंगेर नगर निगम की महपौर कुमकुम देवी द्वारा साइकिल रैली को झंडा दिखा रवाना किया गया जो बड़ी बाजार, गोला रोड, शादीपुर, बेकापुर, पटेल चौक, कोतवाली थाना रोड, नीलम चौक, गाँधी चौक से बाजार होते हुए नगर निगम के सभी वार्ड के तरफ प्रस्थान किया. आगे लगातार पार्टी के निर्देश के अनुसार कार्यक्रम चलाये जायेंगें और सभी मतदाताओं तक पहुँचा जायेगा. इस कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष कृष्णचंद्र उर्फ बाबुल दा, नगर कार्यकारी अध्यक्ष राकेश रंजन कुशवाहा, सत्यजीत प्रकाश, तूफानी राउत, हीरो यादव, राणा मंडल, तौकिद अहमद, गौतम दास, आदित्य कुमार सहित सैकड़ो कार्यकर्त्ता मौजूद थे।

# रोजगार मेला आयोजन को लेकर युवा कांग्रेस नें युवाओं का किया मार्गदर्शन



प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय सहरसा में युवा कांग्रेस कमिटि द्वारा मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन आयोजित किया गया। इसका एक ही मुख्य उद्देश्य था कि आगामी 19 जुलाई 2025 को पटना के ज्ञान भवन में भारतीय युवा कांग्रेस के द्वारा बेरोजगार लोगों को रोजगार देने की व्यवस्था की गई है। जिसमें 225 कंपनियां बिहार में आ रही है और यहां मैट्रिक पास इंटर पास स्नातक पास तथा अन्य कैटिगरी के युवाओं को रोजगार देने की व्यवस्था की जा रही है। इससे पूर्व भारतीय युवा कांग्रेस के द्वारा राहुल गांधी के जन्मदिन के शुभ अवसर पर दिल्ली और राजस्थान में बेरोजगार युवाओं को रोजगार की व्यवस्था की गई। जिसमें करीब 7000 से अधिक युवाओं को नौकरी मिल गई है। इसके लिए बिहार के युवाओं से भी विनम्र निवेदन किया गया है कि अपने-अपने कागजात के साथ ज्ञान भवन पटना पहुंचे और अपना-अपना रजिस्ट्रेशन करा कर कंपनियों के सामने इंटरव्यू दे। प्रेस वार्ता के दौरान एआईआईसीसी ऑब्जर्वर राजू बहादुर निषाद, युवा कांग्रेस के अध्यक्ष नीरज निराला ने कहा देश में बढ रहे बेरोजगारी के कारण युवा नौकरी के लिए दरबदर की ठोकर खा रहे है। युवा कांग्रेस नें रोजगार मेला के माध्यम सें युवाओं को रोजगार उपलब्ध करा रही है। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता बद्री प्रसाद यादव, प्रदेश महासचिव युवा कांग्रेस रामशरण कुमार, डेविड यादव, विवेक कुमार यादव, रविकांत राजा, पुसकर यादव सहित अन्य मौजूद थे।

# बचपन को अखबारों में जगह क्यों नहीं?

रविवार की सुबह थी। मन हुआ कि बेटा प्रज्ञान गोद में आए और हम दोनों मिलकर अखबार में से कोई रोचक कहानी पढ़ें-ताकि आधुनिक स्क्रीन युग में भी शब्दों की मिठास उसे मिल सके। परंतु खेदजनक आश्चर्य हुआ कि प्रतिष्ठित अखबारों में बच्चों के लिए एक भी कहानी, चित्रकथा, या बाल संवाद उपलब्ध नहीं था। इस पीड़ा से उपजा यह सवाल एक सामूहिक चिंतन की मांग करता है – जब हम अपने अखबारों में बच्चों के लिए छापते ही कुछ नहीं, तो हम उनसे पढ़ने की उम्मीद किस अधिकार से करते हैं? बाल मनः एक रिक्त पन्ना हमारी शिक्षा व्यवस्था, अभिभावक वर्ग और समाज तीनों ही अक्सर एक स्वर में कहते हैं कि आज के बच्चे किताबें नहीं पढ़ते। वे मोबाइल, इंस्टाग्राम और गेमिंग की दुनिया में खो चुके हैं। पर कोई ये क्यों नहीं पूछता कि उन्हें क्या पढ़ने के लिए दे रहे हैं हम? अखबार, जो एक समय में हर घर की सुबह का हिस्सा हुआ करता था-अब बच्चों के लिए पूरी तरह से एक “वयस्कों का युद्धक्षेत्र” बन चुका है, राजनीति के झगड़े, नेताओं के आरोप-प्रत्यारोप, बलात्कार, हत्याएं, भ्रष्टाचार, क्रिकेट, फिल्में और योगा टिप्स। कहाँ हैं राजा की बात, हाथी की सवारी, विज्ञान की कल्पना, चाँद की कविता, और जीवन मूल्य सिखाती छोटी कहानियाँ? जब बच्चे दिखते ही नहीं आज के समाचार पत्रों में बच्चे सिर्फ दो तरह से दिखते हैं-जब कोई बच्चा यौन हिंसा या हत्या का शिकार होता है। या जब कोई बच्चा बोर्ड परीक्षा में 99.9% अंक लाकर मीडिया का ताज बन जाता है। क्या इतने सीमित संदर्भों में बच्चे होने का अनुभव समझा जा सकता है? अखबारों ने बच्चों को समाज से अलग करके एक ऐसी चुप्पी में डाल दिया है, जहां उनका न तो रचनात्मक स्वर सुनाई देता है, न जिज्ञासु आंखें दिखाई देती हैं। संपादकीय दूरदर्शिता की अनुपस्थिति किसी भी अखबार का मुख्य उद्देश्य होता है समाज को जागरूक बनाना और उसकी सोच को दिशा देना। तो फिर एक पूरे समाज की नींव यानी बच्चों के लिए कोई पन्ना क्यों नहीं? क्या आज का संपादक इतना व्यस्त हो गया है कि उसे यह भी याद नहीं कि उसकी जिम्मेदारी अगली पीढ़ी तक संस्कार और विचार की मशाल पहुँचाने की भी है? एक समय में बाल-जगत, बाल प्रभा, बाल गोष्ठी, बाल मेल जैसे खंडों से अखबार बच्चों को भी संवाद में शामिल करते थे। आज वे या तो बंद हो गए या ऑनलाइन लिंक की बेगानी भीड़ में खो गए। विज्ञापन और बाजारवाद का हमला बच्चे आज अखबार के लिए ग्राहक नहीं हैं। वे शैंपू या रेफ्रिजरेटर नहीं खरीदते। इसी कारण बाजार की भाषा में उनकी कोई विज्ञापन वैल्यू नहीं है। और जहाँ विज्ञापन की भाषा नीति तय करने लगे, वहाँ बचपन बेमानी हो जाता है। प्रत्येक अखबार का लगभग 40% भाग विज्ञापनों से भरा रहता है-रियल एस्टेट, कपड़े, कोचिंग सेंटर, हॉस्पिटल, ब्रांडेड घड़ियाँ... कहीं भी यह नहीं दिखता कि कोई अखबार यह पूछ रहा हो। बच्चों को हम क्या पढ़ा रहे हैं? जब बाल साहित्य का विलोपन होता है बाल साहित्य केवल मनोरंजन नहीं है –यह बच्चों को सोचने, सवाल करने, कल्पना करने और समाज से जुड़ने की प्राथमिक पाठशाला है। एक कहानी जिसमें एक पेड़ अपने फल देता है, एक चिड़िया घोंसला बनाती है, एक बच्चा अपने दोस्त के साथ पक्षियों को पानी पिलाता है –ये सब बच्चों को मानवता का बीज देते हैं। जब ये कहानियाँ हट जाती हैं, तो वहां केवल ड्रामा, सनसनी, और डाटा बचता है। और यही संवेदनहीनता आने वाली पीढ़ी में पनपती है। क्या पढ़ाई और ज्ञान सिर्फ स्कूल का काम है? हमारे समाज ने बच्चों के ज्ञान का ठेका सिर्फ स्कूलों को दे रखा है। अखबार, जो कभी “घर की पाठशाला हुआ करता था, अब स्वयं को वयस्कों की गॉसिप” तक सीमित कर चुका है। क्या बच्चे समाचारों के योग्य नहीं? क्या विज्ञान, पर्यावरण, नैतिकता, और समाज की बातें उन्हें नहीं बताई जानी चाहिए? यदि हम चाहते हैं कि बच्चे समझदार नागरिक बनें तो हमें उन्हें शुरूआत से ही संवाद और सवालों से जोड़ना होगा-और अखबार इसकी सशक्त जगह हो सकती है।

# सनातन का चुनावी महाकुंभ

पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में, कुछ दिन पहले, एक मंच सजा था, जिससे वक्फ संशोधन कानून को कूड़ेदान में फेंकने और “शरिया लाओ” की हुंकारें भरी गई थीं। एक विशाल जनसभा को भी संबोधित किया गया था। वह वैचारिक कम और राजनीतिक अधिक आयोजन था। अब उसी मैदान में भगवान परशुराम के जन्म-महोत्सव की आड़ में एक और मंच सजा है-“सनातन महाकुंभ।” इस पूरे कार्यक्रम के आयोजक पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे थे। यदि इस मंच से सनातन धर्म पर कुछ उपदेश दिए जाते, विचार रखे जाते और सनातनियों के लिए संदेश दिए जाते, तो आयोजन को सांस्कृतिक और आध्यात्मिक माना जा सकता था। जगद्गुरु रामभद्राचार्य मुख्य अध्यक्ष थे और बाबा बागेश्वर धीरेंद्र शास्त्री मुख्य आकर्षण थे। हालांकि बाबा ने स्पष्ट कहा कि वह राजनीति के लिए नहीं, रामनीति के लिए आए हैं। जब भारत “हिंदू राष्ट्र” बनेगा, तो बिहार उसका पहला हिंदू-राज्य होगा। बाबा ने आह्वान किया कि बिहार के पागलो! यह गांठ बांध लो कि हमें “गजवा-ए-हिंद” के स्थान पर “भगवा-ए-हिंद” देश बनाना है। हम सब हिंदू एक हैं। हिंदुओं को जातियों में मत बांटो।” बाबा ने फिर यह साफ किया कि जिस-जिस पार्टी में हिंदू हैं, हम उन सभी पार्टियों के साथ हैं। बिहार में विधानसभा चुनाव के बाद बाबा पदयात्रा करेंगे। क्या बाबा बागेश्वर के कथनों और आह्वानों से स्पष्ट नहीं होता कि वह किस पार्टी के प्रचार के लिए आए थे? क्या धर्मगुरु का काम धर्म के नाम पर वोट मांगना ही रह गया है? जगद्गुरु रामभद्राचार्य बाबा बागेश्वर से बहुत आगे निकल गए। उन्होंने लालू यादव का नाम लिए बिना ही “चारा घोटाले” का उल्लेख किया। उन्हें भारत सरकार ने इसी वर्ष “पद्मविभूषण” से अलंकृत किया है। उन्हें “ज्ञानपीठ” पुरस्कार भी मिला है। कथावाचकों को भी “पद्म” सम्मान मिलने लगा है, किसी ने यह टिप्पणी की होगी, तो जगद्गुरु ने पलटजवाब दिया-“कमोबेश हम पशुओं का चारा नहीं खाते।” रामभद्राचार्य ने भविष्यवाणी-सी की है कि इस बार राष्ट्र-विरोधियों, हिंदू-विरोधियों और राम-विरोधियों को सत्ता नहीं दी जाएगी। सत्ता उन्हें ही मिलेगी, जो हिंदुओं के लिए संघर्ष करेंगे, क्रांति करेंगे। रामभद्राचार्य ने लगभग हुंकार के अंदाज में यह भी कहा-“जो सनातन को बांटना चाहेगा, वह स्वयं बंट जाएगा। जो काटना चाहेगा, वह स्वयं कट जाएगा। जो सनातन को मिटाना चाहेगा, वह स्वयं मिट जाएगा। हम राष्ट्र-विरोधियों का दमन करेंगे।” क्या ये शब्द किसी साधु-संत के प्रतीत होते हैं? क्या ये शब्द उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बयान सरीखे समानार्थी नहीं हैं? जगद्गुरु विचारोत्तेजक लगे, आक्रोशित लगे। यह मुद्रा जगद्गुरु की नहीं हो सकती। भगवान परशुराम पर कुछ शब्द भी समर्पित नहीं किए गए। रामभद्राचार्य और धीरेंद्र शास्त्री के वक्तव्य राजनीतिक बिंदुओं के इर्द-गिर्द केंद्रित रहे। क्या धमार्चार्यों की भूमिका भी बिल्कुल राजनीतिक हो गई है? दोनों साधु-संत भाजपा के प्रमुख प्रचारक की भूमिका में प्रतीत हुए। लिहाजा स्पष्ट लगता है कि चुनाव हिंदू-मुसलमान ध्रुवीकरण के आधार पर लड़े जाएंगे। आयोजन में अनेक साधु-संत उपस्थित थे। मुस्लिम राज्यपाल आरिफ मुहम्मद खां और बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा भी मंच पर मौजूद थे। किसी भी वक्ता ने बिहार की गरीबी, अनपढ़ता, पिछड़ेपन, पलायन आदि बुनियादी समस्याओं पर एक भी शब्द नहीं बोला। आयोजन को “महाकुंभ” नाम देकर इस शब्द का अपमान किया गया। बिहार में जो “जंगलराज” 20 साल पहले था, कमोबेश वह आज भी मौजूद है। इसी साल अभी तक 116 कत्ल किए जा चुके हैं। बलात्कार, डकैती, फिरौती आदि अपराधों को तो भूल ही जाएं। तब मुख्यमंत्री लालू यादव या राबड़ी देवी होते थे, बीते 20 साल से नीतीश कुमार मुख्यमंत्री हैं। सरेआम हत्याएं आज क्यों हो रही हैं? साधु-संतों के सरोकार सामाजिक भी होते हैं। यदि उन्होंने ऐसे मुद्दे भी छुए होते, तो विचार व्यापक लगते। जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने “जातीय गणना” का भी विरोध किया।

# बुढ़ापे में भी बनते हैं नए न्यूरॉन्स

**पहले परीक्षण में 14 में से 9 लोगों के मस्तिष्क में नए न्यूरॉन्स बनने के प्रमाण मिले और दूसरे परीक्षण में 10 में से सभी 10 लोगों में न्यूरॉन्स बनने के संकेत मिले। इस शोध में मशीन लर्निंग तकनीक का प्रयोग बायोलॉजिकल डाटा के विशाल सेट को प्रोसेस करने और सही निष्कर्ष निकालने के लिए किया गया। वैज्ञानिकों ने मस्तिष्क के सेल न्यूक्लियस की संरचना, आकार और व्यवहार का विश्लेषण करने के लिए एल्गोरिद्म तैयार किया। इसके माध्यम से यह जाना गया कि किन कोशिकाओं में जीवन भर विभाजन और विकास की प्रवृति बनी रहती है। इस तकनीक के फायदा है कि मैन्युअल विश्लेषण की तुलना में कहीं अधिक सटीकता रहती है। तेजी से प्रोसेसिंग और विशाल डाटा का विश्लेषण होता है**





जितेन्द्र कुमार सिन्हा
लेखक

बढ़ती उम्र के साथ हमारा दिमाग थकने लगता है? हम बूढ़े होते ही सीखना, समझना और याद रखना बंद कर देते हैं? दशकों से वैज्ञानिक और आम लोग इस बहस में उलझे हुए हैं। लेकिन अब स्वीडन के वैज्ञानिकों ने एक नई खोज के माध्यम से यह साबित कर दिया है कि इंसानी दिमाग, विशेषकर हिप्पोकैंपस क्षेत्र, उम्र बढ़ने के बाद भी नए न्यूरॉन्स बना सकता है। यह खोज न केवल विज्ञान की दृष्टि से एक नई क्रांति है, बल्कि यह मानसिक रोगों जैसे अल्जाइमर, डिमेंशिया और डिप्रेशन के इलाज के नए दरवाजे भी खोल सकता है। इस शोध में मशीन लर्निंग एल्गोरिद्म की मदद से 78 साल तक के लोगों के मस्तिष्क ऊतकों की जांच की गई और चौंकाने वाले परिणाम सामने आया। हिप्पोकैंपस मस्तिष्क का वह हिस्सा है जो स्मृति (याददाश्त), सीखने और भावनात्मक प्रतिक्रिया को नियंत्रित करता है। यह वह क्षेत्र है जहां नई जानकारी संसाधित होता है और दीर्घकालिक स्मृति में परिवर्तित होता है। यदि इस हिस्से में जीवन भर नए न्यूरॉन्स बनता हैं, तो यह मानव मस्तिष्क की सप्लाई चेन की तरह है, जो हर समय अपडेट होता रहता है। इसका अर्थ है कि मस्तिष्क शिक्षा, अनुभव और भावनात्मक विकास में हर उम्र में सक्षम बना रहता है। न्यूरॉजनिसिस वह प्रक्रिया है जिसमें मस्तिष्क में नए न्यूरॉन्स (तंत्रिका कोशिकाएं) बनती हैं। आम धारणा रहता है कि यह प्रक्रिया केवल शैशवावस्था (ल्लांल्लू८) और बचपन में ही होता है। जैसे ही व्यक्ति वयस्क होता है, यह प्रक्रिया धीमा हो जाता है और अंततः रुक जाता है, यही मान्यता अब तक प्रचलित थी। लेकिन हालिया शोध इस मान्यता को गलत साबित करता है। स्वीडन के कैरोलिस्का इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिकों ने मशीन लर्निंग तकनीक के मध्यम से यह सिद्ध कर दिया है कि मानव मस्तिष्क में बुढ़ापे तक भी न्यूरॉन्स बनता रहता है। इस शोध का नेतृत्व कर रही वैज्ञानिक मार्टा पैटरलिनी और उनकी टीम ने यह खोज कर विज्ञान की दशकों पुरानी बहस का समाधान प्रस्तुत कर दिया है। इस शोध की मुख्य बातें है, शोध में 78 साल तक के लोगों के दिमागी ऊतकों की जांच की गई। चार लाख से अधिक कोशिकाओं के न्यूक्लियस का मशीन लर्निंग से विश्लेषण किया गया। पहले परीक्षण में 14 में से 9 लोगों के मस्तिष्क में नए न्यूरॉन्स बनने के प्रमाण मिले और दूसरे परीक्षण में 10 में से सभी 10 लोगों में न्यूरॉन्स बनने के संकेत मिले। इस शोध में मशीन लर्निंग तकनीक का प्रयोग बायोलॉजिकल डाटा के विशाल सेट को प्रोसेस करने और सही निष्कर्ष निकालने के लिए किया गया। वैज्ञानिकों ने मस्तिष्क के सेल न्यूक्लियस की संरचना, आकार और व्यवहार का विश्लेषण करने के लिए एल्गोरिद्म तैयार किया। इसके माध्यम से यह जाना गया कि किन कोशिकाओं में जीवन भर विभाजन और विकास की प्रवृत्ति बनी रहती है। इस तकनीक के फायदा है कि मैन्युअल विश्लेषण की तुलना में कहीं अधिक सटीकता रहती है। तेजी से प्रोसेसिंग और विशाल डाटा का विश्लेषण होता है और न्यूरॉन्स की पहचान में उच्च संवेदनशीलता दिखता है। 1998 में कैंसर के मरीजों पर हुए शोध में पहली बार यह प्रमाण मिला था कि वयस्क मस्तिष्क में भी नए न्यूरॉन्स बनता है।

2013 में कैरोलिस्का इंस्टीट्यूट ने ही एक शोध में दावा किया था कि इंसान के दिमाग में हर दिन करीब 700 नए न्यूरॉन्स बनता हैं। लेकिन उस समय वैज्ञानिक समुदाय में इस पर सहमति नहीं बन पाई थी। 2024-25 का शोध अब अत्याधुनिक मशीन लर्निंग तकनीक की मदद से यह दावा पहले से कहीं ज्यादा मजबूत हो चुका है और वैज्ञानिक समुदाय में इसे व्यापक स्वीकृति मिल रहा है। इस खोज से न्यूरोलॉजिकल बीमारियों के इलाज में क्रांति आ सकता है। जब यह साबित हो गया है कि मस्तिष्क में नए न्यूरॉन्स बनने की प्रक्रिया चलती रहती है, तो कई बीमारियों के लिए नए ट्रीटमेंट मॉडल तैयार किया जा सकता है। इसके संभावित फायदा है अल्जाइमर- याददाश्त खोने की बीमारी के लिए न्यूरॉजनिसिस को बढ़ाने वाली थेरेपी तैयार किया जा सकता है। डिप्रेशन- नई न्यूरॉन्स की कमी भी डिप्रेशन से जुड़ा हो सकता है, जिससे इलाज की दिशा बदला जा सकता है। ट्रॉमा या स्ट्रोक- मस्तिष्क क्षति के बाद रिकवरी में सहायता मिल सकता है। यदि मस्तिष्क में उम्रभर न्यूरॉन्स बनता हैं, तो इस प्रक्रिया को तेज या सक्रिय कर सकते हैं। इसके लिए रोजाना शारीरिक गतिविधि जैसे तेज चलना, दौड़ना, योग करना आवश्यक है, ऐसा करने से न्यूरॉजनिसिस बढ़ता है। मानसिक व्यायाम के लिए पहेली हल करना, नई भाषा सीखना, संगीत वादन करना जरूरी है ताकि मस्तिष्क सक्रिय रहे। पर्याप्त नीद न्यूरॉन्स के पुनर्निर्माण में सहायक होता है। स्वस्थ आहार लेने जैसे ब्लूबेरी, मछली, हरी सब्ज़ियां से ब्रेन हेल्थ सुधरता है। यह खोज उत्साहजनक है, लेकिन अभी भी कई प्रश्न अनुत्तरित हैं। क्या हर व्यक्ति में न्यूरॉजनिसिस की दर एक समान होती है? कौन से कारक इस प्रक्रिया को बाधित करता हैं? क्या मानसिक तनाव और प्रदूषण जैसे बाहरी कारक न्यूरॉजनिसिस को धीमा कर सकता हैं? इन प्रश्नों का उत्तर भविष्य के शोध में मिलेगा, लेकिन फिलहाल यह स्पष्ट हो गया है कि दिमाग उम्रभर पुनर्निर्माण की प्रक्रिया में संलग्न रहता है। स्वीडन के वैज्ञानिकों ने यह सिद्ध कर दिया है कि उम्र चाहे 20 की हो या 78 की, मस्तिष्क सीखने और बदलने की क्षमता रखता है। यह खोज विज्ञान, चिकित्सा और जीवनशैली की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि है। यह न केवल मेडिकल फील्ड को प्रभावित करेगा, बल्कि आम लोगों के जीवन जीने के तरीके को भी।

# ब्रिक्स में भारत का बढ़ता वर्चस्व संतुलित दुनिया का आधार

**एआई यानी कृत्रिम बुद्धिमता के दौर में तकनीक हर हफ्ते अपडेट होती है, लेकिन एक वैश्विक संस्थान 80 सालों में एक बार भी अपडेट नहीं होती। बीसवीं सदी के टाइपराइटर इक्कीसवीं सदी के सॉफ्टवेयर को नहीं चला सकते। प्रधानमंत्री ने कहा, ग्लोबल साउथ के देश अक्सर डबल स्टैंडर्ड का शिकार रहे हैं। चाहे विकास हो, संसाधनों की बात हो, या सुरक्षा से जुड़े मुद्दों की, ग्लोबल साउथ को कभी प्राथमिकता नहीं दी गई है। इनके बिना, वैश्विक संस्थाएं ऐसे मोबाइल की तरह हैं, जिसमें सिम कार्ड तो है लेकिन नेटवर्क नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, वैश्विक अर्थव्यवस्था में जिन देशों का योगदान ज्यादा है, उन्हें फैसले लेने का हक नहीं है। यह सिर्फ प्रतिनिधित्व का नहीं, बल्कि विश्वसनीयता और प्रभावशीलता का भी सवाल है।**






ललित गर्ग
लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं

ब्राजील के रियो डी जनेरियो में रविवार को हुए 17वें ब्रिक्स सम्मेलन में सदस्य देशों ने 31 पेज और 126 पॉइंट वाला एक जॉइंट घोषणा पत्र जारी किया। इसमें पहलगाम आतंकी हमले और ईरान पर इजराइली हमले की निंदा की गई। इससे पहले 1 जुलाई को भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया की मेंबरशिप वाले क्वाड ग्रुप के विदेश मंत्रियों की बैठक में भी पहलगाम हमले की निंदा की गई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस समिट में पहलगाम की आतंकी घटना पर कठोर शब्दों में कहा कि पहलगाम आतंकी हमला सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि पूरी इंसानियत पर चोट है। आतंकवाद की निंदा हमारा सिद्धांत होना चाहिए, सुविधा नहीं। मोदी ने शांति एवं सुरक्षा सत्र में कहा कि पहलगाम में हुआ “कायरतापूर्ण” आतंकवादी हमला भारत की “आत्मा, पहचान और गरिमा” पर सीधा हमला है। इसके साथ ही उन्होंने एक नई विश्व व्यवस्था की मांग उठाई। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस समिट में महत्वपूर्ण मुद्रा में दिखाई दिये। उन्होंने एक बार फिर इसके विस्तार की बात की और सदस्य देशों से भी आग्रहपूर्ण ढंग से दबाव बनाया कि कि ब्रिक्स को विस्तार होना चाहिए। ब्रिक्स यानी बी से ब्राजील, आर से रूस, आई से इंडिया (भारत), सी से चीन और एस से दक्षिण अफ्रीका- ये दुनिया की पांच सबसे तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था वाले देशों का एक समूह है। ब्रिक्स एक ऐसा बहुपक्षीय मंच है, जो उभरती अर्थव्यवस्थाओं के बीच सहयोग, वैश्विक विकास और सामूहिक सुरक्षा की भावना को बल देता है। ब्रिक्स समिट काफी सफल एवं निर्णायक रहा है। ब्रिक्स सम्मेलन में आतंकवाद, विशेषकर कश्मीर में फैले इस्लामी आतंकवाद को लेकर चर्चा ने इस मंच को वैश्विक राजनीति की दिशा तय करने वाले संगठनों की अग्रिम पंक्ति में खड़ा कर दिया है। इसमें भारत की भूमिका, विशेषकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की निर्णायक भूमिका रही है। इन शक्तिसम्पन्न पांचों देशों का वैश्विक मामलों पर महत्वपूर्ण प्रभाव है और दुनिया की लगभग 40 फीसदी आबादी का प्रतिनिधित्व करते हैं। चीन इसे अपने हित के लिए इस्तेमाल करना चाहता है, जबकि भारत इसे सही मायनों में लोकतांत्रिक संगठन बनाना चाहता है। भारत चाहता है कि ब्रिक्स समूह मिलकर दुनिया में शांति, सह-जीवन, अहिंसा, लोकतांत्रिक मूल्य, समानता एवं सह-अस्तित्व पर बल देते हुए दुनिया को युद्ध, आतंक एवं हिंसामुक्त बनाया जाये। ब्रिक्स देशों के इस सम्मेलन में एक विशेष बिंदु जो उभरकर सामने आया वह था-अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद का बदलता स्वरूप और इसके कश्मीर जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में प्रभाव। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट रूप से यह रेखांकित किया कि आतंकवाद अब किसी एक राष्ट्र की समस्या नहीं रह गई है, बल्कि यह एक वैश्विक संकट बन चुका है। उन्होंने कश्मीर में हो रहे आतंकवादी हमलों, पाकिस्तान समर्थित गतिविधियों और भारत की सीमाओं पर हो रही हिंसक घटनाओं को उदाहरण के रूप में सामने रखा। मोदी ने ब्रिक्स मंच से यह भी स्पष्ट किया कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता, लेकिन जब आतंक का राजनीतिक हथियार की तरह इस्तेमाल होता है, तो वह मानवता के लिए सबसे बड़ा खतरा बन जाता है। भारत ने लंबे समय से कॉम्प्रेहेंसिव कॉन्वेंशन ऑन इन्टरनेशनल टेरिजम्स (सीसीआईटी) की पैरवी की है। इस बार ब्रिक्स मंच पर मोदी ने इस प्रस्ताव को फिर से प्रमुखता से उठाया और एक साझा परिभाषा व वैश्विक नीति की मांग की ताकि आतंकवादियों को सुरक्षा और राजनीतिक सहारा न मिल सके। प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी सुझाव दिया कि ब्रिक्स को एक साझा आतंकवाद निरोधी तंत्र बनाना चाहिए, जो सूचनाओं का आदान-प्रदान, निगरानी तंत्र और आतंक के वित्तपोषण को रोकने में सहयोग करे। भारत ने इस बार पाकिस्तान का नाम लिए बिना यह सिद्ध किया कि कश्मीर में आतंकवाद एक स्थानीय असंतोष नहीं, बल्कि बाहरी प्रायोजित आतंक है। ब्रिक्स देशों, विशेषकर रूस और ब्राजील ने इस बात को स्वीकारा कि कश्मीर में फैले आतंकवाद पर चिंता जायज है और उन्होंने भारत के दृष्टिकोण का समर्थन किया। यह कूटनीतिक जीत प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व कौशल को रेखांकित करती है। उन्होंने न केवल भारत के राष्ट्रीय हितों की रक्षा की, बल्कि वैश्विक आतंकवाद के विरुद्ध एक नैतिक और व्यावहारिक आधार भी प्रस्तुत किया। भारत 2026 में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता करने जा रहा है। यह भारत के लिए भविष्य को गढ़ने का एक सुनहरा अवसर है। भारत अब न केवल आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देगा, बल्कि यह भी सुनिश्चित करेगा कि ब्रिक्स एक न्यायसंगत, सुरक्षित और आतंकवादमुक्त विश्व के निर्माण की दिशा में कार्य करे। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भारत की भूमिका न केवल आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक स्वरूप में दिखाई दी, बल्कि यह भी स्पष्ट हुआ कि भारत अब एक वैश्विक नेतृत्वकर्ता राष्ट्र के रूप में उभर चुका है। नरेंद्र मोदी ने जिस सूझबूझ, तर्कशक्ति और साहस के साथ कश्मीर मुद्दे को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत किया, वह भारत की कूटनीति के नए युग की शुरूआत है। आगामी वर्ष में जब भारत ब्रिक्स की अध्यक्षता करेगा, तब यह विश्वास किया जा सकता है कि न केवल भारत, बल्कि समूचा विश्व भारत की नीति, नैतिक दृष्टि और नेतृत्व क्षमता का सम्मान करेगा। इस मंच से भारत केवल आर्थिक विकास नहीं, बल्कि मानवता, शांति और न्याय की नई इबारत लिखेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक नई विश्व व्यवस्था की मांग उठाई उन्होंने कहा कि आज दुनिया को एक बहुध्रुवीय और समावेशी व्यवस्था की जरूरत है। इसकी शुरूआत वैश्विक संस्थाओं में बदलाव से करनी होगी। मोदी ने कहा, “बीसवीं सदी में बनाई गई वैश्विक संस्थाएं इक्कीसवीं सदी की चुनौतियों से निपटने में नाकाम हैं।

# वन्यजीव संकट: टूटती पारिस्थितिकी की कड़ी!

सोनम लववंशी

हमारे देश में 1 जुलाई से 7 जुलाई तक मनाया जाने वाला “वन महोत्सव” केवल औपचारिकता बन कर न रह जाए, इसके लिए अब गहराई से चिंतन की आवश्यकता है। इस उत्सव का मूल उद्देश्य वनों की सुरक्षा और संरक्षण को लेकर जागरूकता फैलाना है। क्या एक सप्ताह की सक्रियता हमारे घटते वनों की पीड़ा को शांत कर सकती है? भारत एक समय हराभरा देश था। आज ये हरियाली लगातार सिकुड़ती जा रही है। भारतीय वन सर्वेक्षण 2023 की रिपोर्ट के अनुसार देश में कुल वन क्षेत्र लगभग 80.73 मिलियन हेक्टेयर है, जो कि भारत के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का मात्र 24.62 प्रतिशत है। यह आंकड़ा सुनने में बड़ा प्रतीत होता है। जब यह ज्ञात होता है कि इसमें से 12 फीसदी से अधिक क्षेत्र केवल स्क्रब, झाड़ियाँ या क्षतिग्रस्त वन भूमि है, तब स्थिति की गंभीरता स्पष्ट हो जाती है। वैश्विक औसत के मुकाबले भारत वन आच्छादन में अब भी पीछे है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, किसी देश का कम से कम 33 प्रतिशत क्षेत्र वनाच्छादित होना चाहिए। हमारा लक्ष्य अब भी अधूरा है। वन केवल हरियाली नहीं हैं, ये एक जटिल परिस्थकीय तंत्र का हिस्सा हैं। वन पृथ्वी के फेफड़े हैं, जो वायुमंडल से कार्बन डाइऑक्साइड लेकर हमें प्राणवायु ऑक्सीजन प्रदान करते हैं। वनों के कारण वर्षा होती है, मिट्टी की उर्वरता बनी रहती है, भूजल स्तर संतुलित रहता है और जैव विविधता संरक्षित होती है। भारत जैसे देश में जहां कृषि मुख्य व्यवसाय है, वहां वनों का विनाश सीधे तौर पर किसान की आजीविका से जुड़ा होता है। वन कटने से मिट्टी का कटाव बढ़ता है। जल स्रोत सूखने लगते हैं। इसका असर खाद्य उत्पादन, पशुपालन और ग्रामीण जीवन की स्थिरता पर गहरा पड़ता है। आर्थिक विकास के नाम पर सड़कें, रेललाइन, बिजली परियोजनाएं और उद्योग वनों को निगल रहे हैं। पिछले एक दशक में भारत में विकास परियोजनाओं के चलते 14, 000 वर्ग किलोमीटर से अधिक वन क्षेत्र साफ किया गया है। कई बार यह कटाई उस पारिस्थितिकी तंत्र को नष्ट कर देती है, जिसे बनने में सैकड़ों साल लगे थे। उदाहरण के तौर पर मध्य भारत के जंगलों में पाए जाने वाले बाघ, हाथी, गौर, और अन्य कई प्रजातियों का आवास क्षेत्र सीमित होता जा रहा है। जैव विविधता का यह संकट केवल वन्यजीवों का नहीं, मानव जाति का भी है। बढ़ती वन कटाई और अवैध शिकार का एक दर्दनाक प्रमाण देश में बाघों की लगातार हो रही मौतें हैं। वर्ष 2025 के पहले छह महीनों में ही 107 बाघ अपनी जान गंवा चुके हैं, जिनमें 20 मासूम शावक भी शामिल हैं।

# मानसिक बीमारी से कैसे बचा जाए



अंकित श्रीवास्तव

आज की तेज रफ्तार और तनावपूर्ण जीवनशैली में मानसिक स्वास्थ्य का ख्याल रखना अत्यंत आवश्यक हो गया है। मानसिक बीमारियों से बचाव के लिए सबसे पहले जरूरी है कि हम अपनी भावनाओं, सोच और व्यवहार को गंभीरता से समझें और समय-समय पर आत्ममंथन करें। संतुलित जीवनशैलीः स्वस्थ भोजन, नियमित व्यायाम और पर्याप्त नींद मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। जंक फूड से बचें और फलों, सब्ज़ियों तथा प्रोटीनयुक्त भोजन को प्राथमिकता दें। तनाव प्रबंधनः योग, ध्यान (मेडिटेशन), और प्राणायाम जैसे उपाय तनाव को कम करने में प्रभावी होते हैं। किसी भी स्थिति में खुद को शांत रखना सीखें और समय-समय पर ब्रेक लें।सकारात्मक सोच विकसित करेंः नकारात्मक विचारों की जगह सकारात्मक सोच को अपनाएं। खुद पर विश्वास रखें और असफलताओं को सीखने का अवसर समझें। सामाजिक संपर्क बनाए रखेंः अच्छे दोस्त, परिवार और सहकर्मी मानसिक सहारा बन सकते हैं। अकेलापन मानसिक रोगों को जन्म दे सकता है, इसलिए लोगों से जुड़े रहें और अपने मन की बात साझा करें। डिजिटल डिटॉक्सः मोबाइल, सोशल मीडिया और स्क्रीन टाइम को सीमित करें। तकनीक का अत्यधिक प्रयोग तनाव और चिंता को बढ़ा सकता है। मानसिक लक्षणों को नजरअंदाज न करेंः अगर लंबे समय तक उदासी, चिड़चिड़ापन, अकेलापन या डर महसूस हो रहा हो, तो मनोचिकित्सक से सलाह अवश्य लें। समय पर इलाज से मानसिक बीमारियों को रोका जा सकता है। इस प्रकार, यदि हम अपने मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल करें और जीवनशैली में छोटे-छोटे बदलाव लाएं, तो मानसिक बीमारी से काफी हद तक बचा जा सकता है।

# भिखारी ठाकुर के सम्मान में सांसद रूडी की पहल, पद्म भूषण की मांग

## सांसद रूडी ने कहाः भिखारी ठाकुर को पद्म भूषण से अलंकृत करना राष्ट्र की कृतज्ञता होगी

प्रात: किरण संवाददाता



छपरा कार्यालय। सारण सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री राजीव प्रताप रूडी ने कहा कि भोजपुरी के महान लोकनाटककार, समाजचेतक और पिछड़े वर्ग के गौरव स्व. भिखारी ठाकुर जी को मरणोपरांत पद्म भूषण से अलंकृत करना राष्ट्र की सच्ची कृतज्ञता होगी। उन्होंने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा गृहमंत्री श्री अमित शाह को अलग-अलग पत्र भेजकर यह अनुशंसा की है। साथ ही अपनी ओर से इसे भारत सरकार के पोर्टल पर ऑनलाइन भी सबमिट किया है। इस संदर्भ में सांसद श्री रूडी ने कहा कि स्व. भिखारी ठाकुर जी को मरणोपरांत पद्म भूषण दिलाने के इस प्रयास को वे संसद के आगामी सत्र में लोकसभा में भी पुरजोर ढंग से उठाएंगे। उन्होंने कहा कि इसके लिए बिहार के सभी माननीय सांसदों से मिलकर उनके हस्ताक्षर भी लेंगे ताकि इसे एक संयुक्त प्रस्ताव के रूप में भारत सरकार के समक्ष रखा जा सके। उन्होंने भरोसा जताया कि सभी राजनीतिक दलों के सांसद इस सांस्कृतिक आग्रह में सहभागी बनकर भिखारी ठाकुर जी को यह गौरव दिलाने में सहयोग करेंगे। सांसद श्री रूडी ने कहा कि भोजपुरी लोककला और संस्कृति के क्षितिज पर स्व. भिखारी ठाकुर वह अद्वितीय दीपशिखा हैं, जिन्होंने अपनी कलम और मंच की तपिश से समाज की कुरीतियों को झुलसा दिया और लोकमानस में जागरूकता की मशाल प्रज्वलित कर दी। उनके नाटक, ह्यबिदेसियाह्न, ह्यबेटी-बेचवाह्न, ह्यगबर घिचोरह्न, ह्यबिधवा विलापह्न केवल मनोरंजन नहीं थे, बल्कि दहेज प्रथा, नारी उत्पीड़न, प्रवासी जीवन की वेदना और सामाजिक विद्रूपताओं पर तीखे प्रहार भी थे। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भिखारी ठाकुर जी ने उस युग में भोजपुरी भाषा को साहित्य और मंच की गरिमा दी, जब इसे केवल जनभाषा माना जाता था। उन्होंने अपनी मंडली के साथ गाँव-गाँव जाकर लोकमंच को परिवर्तन का तीर्थ बना दिया। उनके गीतों व नाटकों में करुणा की कोमलता और सुधार की कठोरता साथ-साथ गूँजती रही। सांसद श्री रूडी ने कहा कि ऐसे लोकमर्मज्ञ, समाज सुधारक और भोजपुरी की अमर विभूति को मरणोपरांत पद्म भूषण से सम्मानित करना न केवल उनके प्रति कृतज्ञ राष्ट्र की श्रद्धांजलि होगी, बल्कि हमारी लोकसंस्कृति को चिरंजीवी बनाए रखने की ऐतिहासिक पहल भी होगी। उन्होंने विश्वास जताया कि यह निर्णय भोजपुरी समाज के करोड़ों लोगों के आत्मगौरव को भी नया संबल देगा।

# संस्थागत प्रसव कराने वाली माताओं को मिल रहा है जच्चा बच्चा किट

## किट में घी, दलिया, प्रोटीन पाउडर व अन्य सामग्री है उपलब्ध

●पौष्टिक आहार के सेवन के साथ नियमित टीकाकरण आवश्यक

प्रात: किरण संवाददाता



बेतिया,सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में संस्थागत प्रसव कराने वाली माताओं को समुचित टीकाकरण के साथ-साथ अब पोषण से सम्बन्धित वस्तुओं वाली जच्चा-बच्चा किट दिया जा रहा है। लाभार्थी को जच्चा-बच्चा किट देते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ठकराहां के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ परवेज आलम ने कहा कि सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में प्रसव कराने वाली माताओं को डिस्चार्ज के दौरान जच्चा-बच्चा किट दिया जा रहा है। इस किट में उन्हें घी, खिचड़ी प्रीमिक्स, नमकीन दलिया प्रीमिक्स, राइस खीर प्रीमिक्स, सुधा ठेकुआ तथा बेसन बर्फी दिया जा रहा है। पौष्टिक आहार के सेवन के साथ नियमित टीकाकरण आवश्यक सीएस डॉ विजय कुमार ने बताया कि गर्भवती महिलाओं के साथ ही प्रसूता माताओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सके, इसके लिए महिलाओं के पोषण पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि समय समय पर नियमित टीकाकरण कराना बहुत जरूरी है। इससे जच्चा बच्चा सुरक्षित रहता है। उसमें बीमारियों से लड़ने की क्षमता विकसित होती है। संस्थागत प्रसव को मिलेगा बढ़ावा डीसीएम राजेश कुमार ने बताया कि सरकार के इस पहल से जिला सहित राज्य में संस्थागत प्रसव को बढ़ावा मिलेगा और मातृ मृत्यु एवं शिशु मृत्यु को कम किया जा सकेगा। जच्चा बच्चा किट के उपलब्ध होने से महिलाओं का अब प्रसव के लिए सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों की तरफ रूचि बढ़ेगी। आयरन, कैल्शियम के टैबलेट के साथ-साथ इच्छुक लाभार्थियों को परिवार नियोजन के साधन भी उपलब्ध कराया जा रहा है। लाभार्थियों के बेहतर जानकारी के लिए मातृ स्वास्थ्य, शिशु स्वास्थ्य एवं परिवार नियोजन से संबंधित पम्पलेट भी उपलब्ध कराया जा रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### साईकिल रैली में शामिल हुए जदयू कार्यकर्ता



गड़खा (सारण) सोमवार को प्रदेश अध्यक्ष के निर्देशानुसार बिहार प्रदेश जनता दल यूनाइटेड के उपाध्यक्ष वैद्यनाथ प्रसाद सिंह विकल ,अध्यक्ष प्रदेश जेडीयू मॉनिटरिंग सेल के नेतृत्व में गड़खा प्रखंड क्षेत्र के रामपुर, मुहम्मदपुर एवं मीठेपुर पंचायत में मतदाता जागरूकता के लिए साइकिल रैली बड़े धूम धाम से निकाला गया। साइकिल रैली में जिला जदयू के उपाध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा, जिला महामंत्री गणेश प्रसाद सिंह के साथ रामपुर पंचायत के पंचायत अध्यक्ष शिवकुमार सिंह के साथ साथ सैकड़ों जदयू कार्यकर्ता शामिल हुए।

### मशाल कार्यक्रम का प्रखड़ स्तरीय खेल प्रतियोगिता सम्पन्न




बनियापुर। बिहार सरकार की खेल के विभींन्न मेघाओ मे विधालय स्तर से राष्ट्रीय स्तर तक बच्चो को मौका देने और उन्हे प्रोत्साहित करने वाला कार्यक्रम मशाल का आज प्रखड़ स्तरीय कार्यक्रम का समापन किया गया,जिस प्रतोयोगिता मे शामिल छात्र छात्राओं को अब जिला स्तरीय प्रतियोगता के लिए चयन कर लिया गया है,इस चिलचीलाती धुप मे बच्चो ने अपनी हार नही मानते अपनी मेघा का परिचय देते प्रथम द्वितीय तृतीय का खेताब हासिल कर अपना स्थान बनाया ,जहा चयन समिति के समन्वयको व शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा कार्यक्रम को अंतिम रूप देते ,चयनित छात्र छात्राओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।मौके पर श्रीकांत पाण्डेय प्रफुल कुमार गुड्डू सिंह शैलेन्द्र पाण्डेय राम लाल राम अरविन्द कुमार अरविन्द सिंह त्रिपुरी सिंह कौशर अली गुड्डू कुमारी नसरुद्दीन शकील अहमद अविनाश कुमार सद्दाम हुएं नजीर हुसैन सहित सभी समन्वयक सहित प्रींतिनियुक्त सभी विद्यालयों के शिक्षक शामिल थे।

### डीएम के निर्देश पर चल रहा है सघन वाहन चेकिंग अभियान




छपरा। जिलाधिकारी के निर्देश पर सारण जिला में लगातार वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज सारण जिलान्तर्गत अलोनी एवं इसके आस पास के मार्ग में परिवहन विभाग की टीम द्वारा गहन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध लगभग 4 लाख 55 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया।

# अवैध खनन भंडारण से डिमांड पर बालू और गिट्टी सप्लाई बदस्तूर जारी है



बगहा। वीटीआर सेफ्टी जोन में अवैध खनन कर भंडारण से खनन माफियाओं द्वारा डिमांड के अनुसार चोरी छिपे बालू और गिट्टी की सप्लाई बदस्तूर की जा रही है। सूत्रों की मानें तो वाल्मीकिनगर नगर थाना क्षेत्र में कई जगहों पर खनन कर बालू और पत्थर का भंडारण किया गया है।जिसमे कुछ भंडारण पर पुलिस प्रशासन और खनन विभाग द्वारा कर्यवाई की गई है।कइयों को नामजद कर एफआईआर दर्ज भी किया गया है।लेकिन कुछ भंडारण अब भी ऐसे है जो खनन विभाग की आंखों से बचे हुए है जहां से स्थानीय लोगों को मांग पर बालू और गिट्टी का सप्लाई पुलिस प्रशासन के आंखों में धूल झोंककर किया जा रहा है। सूत्र बताते हैं कि एक ट्रैक्टर ट्रॉली जिसमे लगभग 120 सीएफटी बालू या गिट्टी होता है जिसे 4 हजार से 5 हजार रुपये में बेचा जा रहा है। वहीं इस गोरखधंधा से वीटीआर के सेफ्टी जोन स्थित पर्यावरण को भारी नुकसान भी पहुंच रहा है।


# लायंस क्लब ने चुप्पी तोड़ो, खुल कर पूछो खुल के जानो कार्यक्रम का किया आयोजन

## डॉ सीमा सिंह ने बच्चियों को किया मासिक धर्म पर जागरूक

प्रात: किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय।लायंस क्लब छपरा टाऊन ने शहर के सेंट जोसफ स्कूल में मासिक धर्म के बारे सीनियर लड़कियों के लिए एक अवेयरनेस कैम्प लगाया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के निर्देशक लायन अभिषेक सिंह ने किया। इस कैम्प में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ सीमा सिंह ने उपस्थित छात्राओं को मुश्किल दिनों में होने वाली मुश्किलों और उनसे बचाव के बारे विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि औरतो खासकर युवा लड़कियों को इस दिनों में साफ सफाई का विशेष रूप से ध्यान देना चाहिए। कैसे हम इन दिनों में तनाव पर नियंत्रण रखकर खुश रह सकते हैं। हमे आपस में मिलकर इस बारे में बात करके झिझक को दूर करना चाहिए ।आज भी समाज में इस बारे में झिझक और शर्म हैं जोकि महिलाओं और आदमियों को आपस में बात करके खत्म होनी चाहिए ।क्लब के सचिव लायन मनीष कुमार ने बताया कि हमारे क्लब का ये सिग्नेचर प्रोजेक्ट है और लायंस इंटरनेशनल के जिलापाल प्रदीप खेतान के दिशा निर्देश पर मिशन शक्ति के तहत ये कार्यक्रम अनेक स्कूलों में किया जाएगा, साथ ही सेनेटरी पैड्स की वितरण भी किया जाएगा। इस अवसर पर लायंस लियो क्लब की लक्ष्मी सिंह, स्कूल की प्राचार्य रोशनी सिंह के द्वारा लड़कियों को सेनेटरी पैड्स भी दिये गये। लायंस क्लब के अध्यक्ष अभिषेक किशोर ने स्कूल ने अतिथियों का स्वागत पौधा दे कर किया, वही स्कूल की प्रिंसिपल रौशनी सिंह ने डॉक्टर और सभी लायंस क्लब के सदस्यों का धन्यवाद किया और कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में निरन्तर होते रहना चाहिए इससे समाज जागरूक होगा। इस अवसर पर लायंस क्लब के अध्यक्ष अभिषेक किशोर, गोविंद सोनी, कुंवर जायसवाल, चंदन सिंह, अली अहमद, लियो अध्यक्ष अमित सोनी, लियो सचिव उज्जवल मिश्रा आदि उपस्थित थे ।

# सियार के हमले से बाल बाल बचे स्कूली बच्चे राहगीरों ने दूर खेतों में भगाया सियार को



प्रात: किरण संवाददाता

बगहा। बगहा के संतपुर सोहरिया पंचायत में उस वक़्त अफरातफरी मच गई जब स्कूली बच्चों पर सियार ने हमला बोल दिया।हल्लागुल्ला सुन हमलावर सियार को राहगीरों ने दूर धान व गन्ने की खेत मे भाग दिया।बतादें की यह घटना कनघुसरी और शिवनाहा गांव के बीच मुख्य सड़क स्थित तीखे मोड पर हुई है।कनघुसरी निवासी चंद्रभान शर्मा ने बताया कि ये बच्चे शिवलाहा सरकारी विद्यालय में जा रहे थे तभी सियार ने इन पर हमला कर दिया।गनीमत रही कि उसी समय कुछ राहगीर साइकिल से आ पहुंचे। बच्चों के शोर करने पर राहगीरों का ध्यान उस तरफ गया और सियार को बच्चों से दूर खेतों में भगा दिया। उन्होंने आगे बताया कि ये सियार जंगलों से निकल कर गांव के करीब मंडराते रहते है ताकि गांव के पालतू जानवरों,मुर्गा,मुर्गी,खरगोश, बत्तख,मेमने आदि को अपना शिकार बना सके हैं।

# नव विवाहित युवक की सड़क हादसे में हुई मौत, सवार महिला गम्भीर रूप से घायल

प्रात: किरण संवाददाता




बगहा। बगहा में सड़क हादसे में नव विवाहित युवक की दर्दनाक मौत हो गई है जबकि बाइक पर पीछे सवार एक महिला को गंभीर हालत में जीएमसीएच बेतिया रेफर किया गया है। घटना चौतरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच-727 मुख्य सड़क पर हुई जब कोर्ट में किसी मुकदमे की सुनवाई के बाद अपने चाची को लेकर संदीप पड़ित घर लौट रहा था। दरअसल सोमवार की देर रात भीषण सड़क हादसे में हरदी नदवा गांव निवासी 24 वर्षीय संदीप पंडित की मौके पर ही मौत हो गई जबकि बाइक पर सवार उसकी चाची रेखा देवी (35) गंभीर रूप से घायल हो गईं है। यह हादसा चौतरवा के बहुअरवा कांटा के पास हुआ, जब बाइक और ट्रक की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों व परिजनों के मुताबिक ट्रक तेज रफ्तार में आ रहा था और अचानक सामने से आ रही बाइक को जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक चला रहें संदीप पंडित की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उसकी चाची रेखा देवी गंभीर रूप से घायल होकर सड़क किनारे गिर गईं। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को इसकी सूचना दी, जिसके बाद चौतरवा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में रेखा देवी की स्थिति गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेतिया गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज ( जीएमसीएच ) रेफर कर दिया। बेतिया में भी महिला की स्थिति में सुधार नहीं होने पर चिकित्सकों ने उन्हें पटना रेफर कर दिया है। परिजनों ने बताया कि संदीप की शादी करीब ढाई महीने पहले रामनगर के पकड़ी गांव में हुई थी। संदीप चार भाइयों में सबसे बड़ा था और पूरे परिवार का भरण-पोषण वहीं करता था। शादी के बाद संदीप की पत्नी के हाथों की मेहंदी का रंग भी नहीं उतरा था लेकिन अब उसकी मांग हीं उजड़ गईं। बताया जा रहा है कि संदीप अपने परिजनों के साथ किसी पुराने केस की सुनवाई के सिलसिले में कोर्ट गया हुआ था। कोर्ट से वापस लौटते समय बहुअरवा कांटा के पास ट्रक से आमने-सामने की टक्कर हो गई। इस मामले में चौतरवा थानाध्यक्ष ज्योतिपुंज ने बताया कि ट्रक को जब्त कर लिया गया है। जबकि ट्रक चालक हादसे के बाद मौके से फरार हो गया है। मृतक के शव का पोस्टमार्टम की प्रक्रिया के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया जाएगा। लिखित शिकायत के आधार पर पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी।

# विधायक के नेतृत्व में निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली ,सैकड़ों युवा हुए शामिल

प्रात: किरण संवाददाता



बगहा। जदयू नेता व विधायक धीरेंद्र प्रताप उर्फ रिंकू सिंह के नेतृत्व में मंगलवार की सुबह मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। साइकिल पर सवार हो रैली में निकले विधायक के साथ सैकड़ो युवाओं ने हिस्सा लिया। इस दौरान चौक चौराहे पर रूक कर विधायक ने मतदाताओं को अपने मताधिकार का उपयोग करने एवं मताधिकार से होने वाले फायदे की जानकारियां दे, उन्हें जागरूक किया। इसकी जानकारी देते हुए विधायक धीरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि भारत का नागरिक होने के नाते हमें अपने मताधिकार का उपयोग करने का पूरा अधिकार प्राप्त है। 2025 में होने वाले विधानसभा चुनाव में मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग कर,विकास के लिए सरकार बनाने का काम करें।वाल्मीकिनगर में विकास का पहिया कितना तेज दौड़ा है,यह कहने की जरूरत नहीं है।मतदाताओं ने खुद देखा है। इस बार भी विकास के लिए सरकार चुनने का काम मतदाता ही करेंगे, इसलिए अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए उन्हें जागरूक होना पड़ेगा। मतदाता जागरूकता रैली में विशेष रूप से जदयू के प्रखंड उपाध्यक्ष बृजेश कुमार शर्मा उर्फ लड्डू शर्मा, पूर्व बीडीसी वीरेंद्र साह, रमन सिंह,विजय झा,रंजन कुमार,आनंद कुमार सिंह एवं समाज सेवी संतोष रौनियार शामिल रहे।

# शुरूआती स्टेज में कैंसर की पहचान से शत-प्रतिशत इलाज संभव

## बचाव हेतु लोगों कों जागरूक करना एक अहम मुद्दा

प्रात: किरण संवाददाता

बेतिया, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, लौरिया में डा मुतुर्जा अंसारी एनसीडीओ एवं डा. दिलीप कुमार प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी की अध्यक्षता में उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित की गई। एनसीडी स्क्रीनिंग, ट्रीटमेंट, कैंसर इत्यादि बीमारियों की जाँच एवं उसके बारे में स्वास्थ्य कर्मियों को जागरूक करने की बातें बताई गई। एनसीडीओ डॉ मुर्तजा अंसारी ने बताया कि भारत में मौतों का 63 प्रतिशत वजह गैर संचारी रोग होता है। डॉ मुर्तजा ने कहा कि गुटका जनित मुँह के कैंसर से प्रतिवर्ष लगभग 3.50 लाख लोगों की मौत हो रही है। इसमें अधिकतर 30 साल से उपर वाले लोग शामिल होते हैं। ऐसे संदिग्ध लोगों की स्क्रीनिंग की जाए। बीपी, शुगर, ओरल, ब्रैस्ट कैंसर या बच्चेदानी के मुँह के कैंसर की शुरूआत में ही जाँच कराकर टेली मेडीसिन या रेफरल मैनेजमेंट से इलाज सुनिश्चित कर लोगों की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने बताया कि कैंसर जैसे जानलेवा बीमारी की भी पहचान अगर शुरूआती स्टेज में हो जाए तो शत-प्रतिशत इलाज संभव होता है। इस तरह लोग असमय मौत, सामाजिक-आर्थिक नुकसान से बच सकते हैं। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ दिलीप कुमार ने बताया कि आशा के द्वारा अनुमानतः 1000 की जनसंख्या में 370 व्यक्तियों की स्क्रीनिंग कर अपने लक्ष्य को शत-प्रतिशत पूरा करने का निर्देश दिया गया है। इस मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, अस्पताल प्रबंधक राहुल कुमार, एफएलसी कन्हैया, बीसीएम रीना मोदी, ब्रजेश कुमार तिवारी एवं एएनएम मौजूद थीं।

# भारत स्काउट और गाइड ने मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान के तहत दलित/महादलित टोलों में चलाया जागरूकता कार्यक्रम

प्रात: किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय।भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी विशेष मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत भारत स्काउट और गाइड सारण ने शहर के प्रभुनाथ नगर स्थित दलित व महादलित टोलों में जागरूकता अभियान चलाया।इस अभियान का उद्देश्य पात्र मतदाताओं को सूची में नाम जोड़वाने,सुधार करवाने एवं मतदान की प्रक्रिया के प्रति जागरूक करना था। अभियान के दौरान भारत स्काउट एवं गाइड के स्वयंसेवकों ने घर-घर जाकर लोगों को मतदाता सूची से संबंधित जानकारी दी और उन्हें आवश्यक दस्तावेजों के साथ नामांकन हेतु प्रेरित किया।खासकर युवाओं,महिलाओं, बुजुर्गों और पहली बार मतदान करने वालों को विशेष रूप से जागरूक किया गया। जिला संगठन आयुक्त(स्काउट) अमन राज ने बताया की इलेक्शन ऑफिस से मिले जागरूकता पर्चे के मदद से जानकारी दी गई कि नाम जोड़ने,हटाने,संशोधन और स्थानांतरण की प्रक्रिया कैसे पूरी की जा सकती है।और जागरूकता पर्चे को घर घर वितरण किया गया ताकि पूर्ण रूप से नही समझ पाने के स्थिति में लोग जागरूकता पर्चे के माध्यम से आसानी से समझ जायेगे। इस अवसर पर सहायक निर्वाचन पदाधिकारियों जावेद इकबाल,कला संस्कृति पदाधिकारी डॉ० विभा भारती,जिला शिक्षा पदाधिकारी सह सभापति भारत स्काउट और गाइड सारण निशांत किरण ने भी सहयोग किया और भारत स्काउट और गाइड के प्रयासों की सराहना की।सहायक निर्वाचन पदाधिकारी जावेद इकबाल ने कहा कि समाज के वंचित तबकों में इस प्रकार की जागरूकता गतिविधियाँ लोकतंत्र को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। कला संस्कृति पदाधिकारी डॉ० विभा भारती के बताया कि भारत स्काउट और गाइड संगठन आगे भी लगातार जिले के विभिन्न दलित/महादलित वस्तियो में इस तरह की गतिविधियों के माध्यम से समाज के हर वर्ग तक लोकतांत्रिक अधिकारों की जानकारी पहुंचाता रहेगा। इस अभियान का नेतृत्व भारत स्काउट और गाइड सारण के जिला प्रशिक्षक प्रणव सिंह ने किया। अभियान में शामिल स्काउट और गाइड के जिला आयुक्त(स्काउट) अरूण परासर एवम स्काउट और गाइड के सक्रिय स्वयंसेवक सोनू कुमार गुप्ता,मनीष कुमार,आशुतोष कुमार,खुशी कुमारी,चांदनी कुमारी और अन्य ने भाग लिया।इन युवाओं ने टोलों में जाकर जनसंवाद किया,जागरूकता पर्चे वितरित किए और कुछ स्थानों पर पोस्टर के माध्यम से संदेश पहुंचाया।

# जदयू जिला अध्यक्ष अल्ताफ आलम राजू ने जिला के सभी मतदाताओं से किया अपील

## जिला के सभी पंचायतो में जदयू ने मतदाता जागरूक साइकिल रैली निकाली

प्रात: किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। जिला से लेकर प्रखंड पंचायत बूथ स्तर तक के जदयू कार्यकर्ता मतदाता जागरूकता साइकिल रैली में हुए शामिल प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा के निर्देश पर जिले के सभी पंचायत में समर्पित कार्यकर्ता साथियों के साथ मतदाता जागरूकता साइकिल रैली निकाली गई जदयू जिला अध्यक्ष अल्ताफ आलम राजू ने मढ़ौरा नगर पंचायत में मतदाता जागरूक साइकिल रैली में भाग लिया जदयू जदयू जिला अध्यक्ष अल्ताफ आलम राजू ने कहा कि मतदाता जागरूकता रैली निकालने का मुख्य उद्देश्य है कि एक भी मतदाता छूटे नहीं फर्जी मतदाता जुटे नहीं इस संबंध में पार्टी निरंतर सभी पंचायत वार्ड बूथ स्तर पर मतदाताओं के बीच में जाकर जागरूक कर रही है इसी क्रम में मंगलवार को जिले के सभी पंचायत में पंचायत अध्यक्ष की अध्यक्षता में मतदाता जागरूक साइकिल रैली निकाली गई पार्टी के बीएलए को निर्देशित किया गया है कि बीएलओ को सहयोग करेंगे मुख्य रूप से संजय गिरी गामा सिंह, संदेश महतो, अरशद परवेज मुन्नी,सुधाकर भारद्वाज,कुसुम देवी, ईङ्घ प्रभास शंकर,बृजेश कुमार ,रामबाबू सिंह,अनिल सिंह अजय प्रसाद,रियाजउद्दीन मंसूरी,दिवाकर चौबे, रमेश किशन कुशवाहा,चांदनी कुशवाहा,संजय सिंह चंदन मिश्रा सभी विधानसभा प्रभारी,प्रखण्ड अध्यक्ष,पंचायत अध्यक्ष एवं समर्पित कार्यकर्ता साथी सम्मिलित रहे।

# राजद गठबंधन का चक्का जाम आज

छपरा कार्यालय। चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के खिलाफ राजद महागठबंधन में शामिल सभी राजनीतिक दलों के द्वारा जिला मुख्यालय सहित पूरे जिले में संपूर्ण चक्का जाम रहेगा। सारण जिला राजद प्रवक्ता हरेलाल यादव ने बताया कि केंद्रीय चुनाव आयोग केंद्र की एनडीए सरकार के इशारे पर गहन मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत आम जनता ये जिन ग्यारह दस्तावेजों को मांगा जा रहा है वो सीमित समय में संभव नहीं है। राजद प्रवक्ता ने चुनाव आयोग के मंसूबे पर सवाल उठाते हुए कहा है कि जब आधार कार्ड, राशन कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, वोटर आई कार्ड कार्ड भारत सरकार के द्वारा बनवाए गए हैं, तब क्यों दूसरे दस्तावेजो की मांग की जा रही है ? क्या चुनाव आयोग मानता है कि 2024 में लोकसभा चुनाव की मतदाता सूची गलत थी ? क्या 2024 का लोकसभा चुनाव गलत था? क्या चुनाव आयोग मानता है कि 2003 के बाद बिहार में हुए सभी चुनाव गलत वोटर लिस्ट पर हुए ? क्या चुनाव आयोग मानता है कि फरवरी में उसने जो वोटर लिस्ट प्रकाशित वह सही नहीं है? राजद प्रवक्ता ने जोर देकर कहा कि मतदाता गहन समीक्षा के फैसले के पहले विपक्षी दलों से परामर्श क्यों नहीं किया गया। दरअसल गहन मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत एनडीए सरकार और चुनाव आयोग की मंशा करोड़ों बिहारियों जो रोजी रोटी कमाने दूसरे प्रदेशों में गए हैं, उन्हें एवं गरीब, वंचित, आदिवासी व अल्पसंख्यकों के बड़ी आबादी को मतदाता सूची से नाम काट कर मतदान तथा अन्य सरकारी सुविधाओं से वंचित करने वाला है, जिसे राजद गठबंधन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगा। चक्का जाम कार्यक्रम से एंबुलेंस, दूध, एवं दवा आपूर्ति वाहनों को मुक्त रखा गया है, ताकि गंभीर रूप से बीमार रोगियों, बच्चों के ऊपर असर न पड़ें।

# 9 जुलाई के आम हड़ताल एवं बिहार बंद को सफल बनाने के लिए बैठक का आयोजन



छपरा कार्यालय। महंगाई, बेरोजगारी पर रोक लगावे, श्रमिक अधिककारों के खिलाफ 4 केंद्रीय कानूनों को रद्द करने तथा कार्य अवधि 8 घंटा से 12 घंटा के खिलाफ को रद्द करने, मतदाता सूची के पुनरीक्षण को बिहार में स्थगित करने, किसानों के पैदावार का मुनासिब दाम तय करने, किसानों खेत मजदूरों एवं ग्रामीण दस्तकारों को पेंशन निर्धारित करने, एम एस पी को कानूनी दर्जा देने आदि मांगो के समर्थन में 9 जुलाई को देश व्यापी आम हड़ताल एवं बिहार बंद का ऐलान किया गया है जिसे छपरा शहर में सफल बनाने के लिए श्यामदेव नगर भगवान बाजार में विभिन्न संगठन के नेता एवं भाकपा नेताओं की एक बैठक सुरेश वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में उक्त आयोजन को सफल बनाने का संकल्प लिया गया और शहरवासियों से बंद को सफल बनाने की अपील की गई। बैठक में रामबाबू सिंह सी पी आई जिला सचिव शिक्षक नेता सुरेन्द्र सौरभ , सीनियर अधिवक्ता सुरेन्द्र नाथ त्रिपाठी,प्रो कामेश्वर सिंह, चूल्हन प्रसाद सिंह, बिजली मजदूर नेता जवाहर मिश्र , कर्मचारी नेता रमेश ठाकुर, बाल कटाई मजदुर नेता मनोज ठाकर , भदई राम (निर्माण मजदुर नेता ),खुदरा व्यवसाई नेता लक्ष्मण सिंह,पत्रकार एवं अधिवक्ता दिलीप वर्मा , आदि प्रमुख से शामिल थे ।

# आरएसए ने मनाया स्थापना दिवस

प्रात: किरण संवाददाता

छपरा सदर। मंगलवार को आर एस ए की स्थापना दिवस लक्की पैलेस छपरा में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सामाजिक कार्यकर्ता रणवीर सिंह, प्रिंस सिंह, राकेश सिंह, उज्जवल कुमार सिंह, मनीष पांडे मिंटू, विशाल सिंह ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के संरक्षक आशीष यादव उर्फ गुलशन यादव ने किया. कार्यक्रम का संचालन संयोजक विकास सिंह सेंगर ने किया। जबकि स्वागत भाषण प्रमेन्द्र सिंह कुशवाहा ने की। धनबाद ज्ञापन परमजीत सिंह कुशवाहा ने किया। कार्यक्रम प्रारंभ अतिथियों के स्वागत में आर एस ए की छात्रा इकाई ने स्वागत गीत गाकर किया। वक्ताओं ने कहा कि आर एस ए 16 वर्षों से छात्र-छात्राओं के मूल समस्या को लेकर लगातार संघर्ष कर रही है। आर एस ए की पहचान भ्रष्ट पदाधिकारी के विरुद्ध संघर्ष करके हैं। संगठन लगातार प्रवेश,पढ़ाई,परीक्षा और परिणाम के लिए लगातार संघर्ष कर रही है और उसमें सफलता भी मिली है। अभी वर्तमान में जो विश्वविद्यालय प्रशासन कार्य कर रहा है वह कहीं से सारण प्रमंडल के छात्र-छात्राओं के हित में कार्य नहीं कर रहा है। लगभग डेढ़ वर्षों में विश्वविद्यालय के इंटरनल फंड से 17 करोड़ रूपया का निकासी हुआ है लेकिन विश्वविद्यालय के विभाग में एवं महाविद्यालय में प्रयोगशालाओं का ताला नहीं खुला. प्रयोगशालाएं धूल फांक रहा है महाविद्यालय में खेल के और संगीत की घंटी बजना बंद हो गए।

# बढ़ी हुई पेंशन राशि का 11 जुलाई को सीएम करेंगे डीबीटी के माध्यम से अंतरण

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 11 जुलाई को बड़ी हूई सामाजिक सुरक्षा पैंशन वितरण की शुरूआत करेंगे। डीबीटी के माध्यम से राशि पेंशनधारकों के खाते में भेजी जाएगी।सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना अंतर्गत वृद्ध, विधवा एवं दिव्यांग जनों को दी जा रही पेंशन की राशि को माह जून 2025 से 400 रुपये प्रतिमाह से बढ़ाकर 1100 प्रति माह किया गया है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य समाज के कमजोर वर्ग के लोगों को सहायता और संबल प्रदान करना है ताकि उनके आत्मसम्मान में वृद्धि हो तथा उन्हें गरिमापूर्ण जीवन जीने का अवसर मिले। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के अंतर्गत मुजफ्फरपुर जिला में कुल 531618 लाभार्थी हैं।



**मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना के अंतर्गत 2 लाख**

1 0 हजार311 लाभार्थी, बिहार निशक्तता पेंशन योजना के तहत 25 हजार 636 लाभार्थी, लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत 29 हजार162 लाभार्थी , इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निःशक्तता पेंशन के तहत 3 हजार 457 लाभार्थी, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना के तहत 38 हजार 399 लाभार्थी, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत 2 लाख24 हजार 653 लाभार्थी है।11 जुलाई को मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में पटना में कार्यक्रम आयोजित कर जून माह से लाभार्थियों को बढ़े हुए दर पर मिलनेवाली राशि को डीबीटी के माध्यम से लाभार्थियों के खाते में अंतरित किया जाएगा। इस अवसर पर जिला मुख्यालय से लेकर प्रखंड मुख्यालय, पंचायत मुख्यालय में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम सफल एवं सुचारु आयोजन हेतु जिलाधिकारी ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक कर पंचायतवार होने वाले कार्यक्रम के स्थलों की सूची तथा हर स्थल के लिए प्रभारी नामित कर प्रतिवेदन भेजने का निर्देश दिया। विदित हो कि पूरे जिले में 2 हजार लोकेशंस पर कार्यक्रम आयोजित होंगे तथा मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण लाभुकगण सुन सकेंगे ।हर पंचायत में 6 से 7 स्थलों पर कार्यक्रम होना है ।प्रत्येक केंद्र पर न्यूनतम 100 व्यक्ति तथा प्रखंड स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में न्यूनतम 200 व्यक्ति शामिल होंगे। पंचायत स्तर पर प्रभारी के रूप में पंचायत सचिव, राजस्व कर्मी, विकास मित्र,रोजगार सेवक, आवास सहायक, किसान सलाहकार आदि को नामित किया जा सकता है। जिले के संपूर्ण कार्यक्रमों के संपादन हेतु उप विकास आयुक्त को नोडल पदाधिकारी बनाया गया है।इस अवसर पर उपस्थित व्यक्तियों के बीच मुख्यमंत्री के संदेश की प्रति भी वितरित की जाएगी।बैठक में उप विकास आयुक्त श्रेष्ठ अनुपम अनुमंडल पदाधिकारी पश्चिमी श्रेयाश्री, अनुमंडल पदाधिकारी पूर्वी अमित कुमार, जिला परियोजना प्रबंधक अनीशा सहित कई अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### तिरहुत मुख्य नहर के पुनर्स्थापन से मिलेगी सिंचाई सुविधा

मुजफ्फरपुर।जल संसाधन विभाग सिंचाई सुविधा को सशक्त बनाने के लिए नहर प्रणालियों के सुदृढ़ीकरण और पुनर्स्थापन की दिशा में तेजी से कार्य प्रारंभ कर रहा है। विभाग का उद्देश्य यह है कि खेती की मुख्य अवधि में जल की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके, ताकि किसानों की उपज पर मौसम का प्रतिकूल असर न पड़े। मुजफ्फरपुर जिले के अंतर्गत तिरहुत मुख्य नहर के विभिन्न खंडों में पुनर्स्थापन, लाइनिंग और संरचना निर्माण का कार्य युद्धस्तर पर कराया जा रहा है।, इसे निर्धारित समय-सीमा से पूर्व पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है ।इन कार्यों से नहर की जल वहन क्षमता में वृद्धि हुई है और सिंचाई व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।इन योजनाओं से मुजफ्फरपुर जिले के मोतीपुर, साहेबगंज, मरवन, कांटी, मुरौल, मुशहरी, कुढ़नी एवं सकरा प्रखंड के किसान लाभान्वित होंगे। खेतों तक पानी की बेहतर आपूर्ति सुनिश्चित होने से समय पर बुवाई और सिंचाई संभव हो सकेगी, जिससे उत्पादन और कृषि आय में वृद्धि की उम्मीद है।

### नगर निगम चलाएगा अतिक्रमण हटाओ अभियान

मुजफ्फरपुर। कांवरियों की सुगम आवाजाही सुनिश्चित करने हेतु रामदयालु रेलवे गुमटी, आरडीएस कॉलेज, अघोरिया बाजार, आमगोला, साहूपोखर होते हुए बाबा गरीबनाथ मंदिर तक के कांवरिया मार्ग पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाएगा। सभी अस्थायी व अवैध दुकानदारों को सूचित किया गया है कि मंगलवार से यह अभियान आरंभ होगा। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी अस्थाई दुकानदारों से अपील है की गई है कि वे स्वयं अपनी दुकानें हटा लें। यदि निर्धारित समय पर अतिक्रमण नहीं हटाया गया, तो नगर निगम प्रशासन द्वारा जबरन अतिक्रमण हटाते हुए जुमार्ना वसूल किया जाएगा एवं संबंधित दुकानदारों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई भी की जाएगी।

### सब्जी भरी नांद में गिरने से किशोरी हुई जख्मी

कल्याणपुर समस्तीपुर थाना क्षेत्र के मध्य विद्यालय धुरुवगामा स्कूल के परिसर में मंगलवार को मध्याह्न भोजन खिलाने के दौरान सब्जी भरी गर्म नांद में गिरने से 6 वर्षीय किशोरी गंभीर रूप से जख्मी हो गई। जख्मी किशोरी की पहचान विद्यालय के प्रथम कक्षा की छात्रा धुरुवगामा गांव के ही दिलीप कुमार राम की 6 वर्षीय पुत्री के रूप में हुई है ।हालांकि उक्त किशोरी को जख्मी की हालात में स्कूल के शिक्षक ने प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक अस्पताल कल्याणपुर में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर ने पारथिमकी उपचार के बाद बेहतर ईलाज डीएमसीएच रेफर कर दिया गया। वहीं स्कूल के प्रधानाध्यापक मनेदर कुमार सिन्हा ने बताया कि अभी मैं चुनावी ड्यूटी पर हूं ।विद्यालय के शिक्षक के द्वारा बच्चों का ईलाज कराई जा रही है ।

### मतदाता पुनरीक्षण कार्य में तेजी लाने को लेकर नगर निगम में बैठक

मधुबनी। नगर निगम सभागार में सोमवार को मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य को गति देने के उद्देश्य से एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नगर निगम के मेयर अरुण राय ने की, जिसमें निगम के सभी 1 से 45 वार्डों के पार्षद उपस्थित थे।बैठक में मेयर व नगर आयुक्त अनिल चौधरी ने सभी वार्ड पार्षदों से अपील की कि वे अपने-अपने क्षेत्र के मतदाताओं को पुनरीक्षण फॉर्म भरने के लिए प्रेरित करें तथा समय पर बीएलओ के पास जमा कराने में सहयोग करें।मेयर अरुण राय ने कहा कि यदि किसी मतदाता को फॉर्म भरने या अन्य किसी प्रक्रिया में कठिनाई होती है, तो वे स्वयं या नगर आयुक्त से टेलीफोन पर संपर्क कर सकते हैं। साथ ही, बीएलओ को ऑनलाइन प्रक्रिया में किसी प्रकार की दिक्कत होने पर नगर निगम के कंप्यूटर ऑपरेटर से संपर्क कर समाधान कराने की व्यवस्था की गई है।नगर आयुक्त अनिल चौधरी ने वार्ड पार्षदों से अनुरोध किया कि वे मतदाता पुनरीक्षण कार्य को प्राथमिकता दें और बीएलओ के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य में तेजी लाएं। बैठक में मौजूद सभी वार्ड पार्षदों ने इस अभियान को सफल बनाने के लिए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

### मतदाता जागरूकता अभियान के तहत निकली गई साइकिल रैली

विभूतिपुर/समस्तीपुर मतदाता जागरुकता अभियान के तहत विभूतिपुर में जनता दल यू की ओर से साइकिल रैली निकाली गई। यह रैली जदयू के प्रखंड अध्यक्ष अशोक पटेल के नेतृत्व में निकाला गया जो प्रखंड के विभिन्न पंचायत में घूम कर मतदाता को जागरूक किया। रैली में प्रखंड अध्यक्ष के अलावा, जिला एवं राज्य नेता अंजनी कुशवाहा, जिला प्रभारी भूमि पाल राय, तरुण सिंह, सत्यनारायण राय, महेश्वर प्रसाद सिंह,विधानसभा प्रभारी राम विनय सिंह, राम आशीष प्रसाद सिंह, रंजीत कुमार सिंह, श्याम नंदन आर्या, अवधेश राय, रामबालक राय, रामबाबू राय, दीप नारायण राय, गंगाराम, सियाराम महतो, रामशेखर राय, कपिल देव राय आदि शामिल थे।

## पुलिस को बड़ी सफलता: बैंक ऑफ महाराष्ट्र डकैती मामले में दो गिरफ्तार, लूटा गया सोना बरामद





समस्तीपुर प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर, नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत बैंक ऑफ महाराष्ट्र, काशीपुर में 7 मई 2025 को हुई सनसनीखेज डकैती कांड में समस्तीपुर पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने इस मामले में दो अपराधियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूटा गया सोना, दो मोबाइल, एक बैग और नगद राशि बरामद की है। 7 मई 2025 को 6-7 अज्ञात अपराधियों ने बैंक ऑफ महाराष्ट्र, काशीपुर में दिनदहाड़े हथियार के बल पर बैंककर्मियों व ग्राहकों को बंधक बनाकर करीब 15,02,791 नगद, सोना, मोबाइल और बैंक से जुड़े दस्तावेज लूट लिए थे। इस मामले में नगर थाना कांड संख्या 113/25, धारा 310(2) भा.न्या.सं. के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक अरविन्द प्रताप सिंह के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक सह सदर-1 अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संजय कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में गठित विशेष टीम व एसटीएफ बिहार पटना द्वारा लगातार छापेमारी कर मामले की तह तक जाने की कोशिश की जा रही थी। इसी क्रम में कुख्यात अपराधकर्मी अखिलेश राय उर्फ गोलाई राय उर्फ गोलू को नगर थाना अंतर्गत डीआरएम चौक से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसने अपराध स्वीकार किया और अपने सहयोगियों के नाम बताए। उसके बताए अनुसार उसके घर से लूट का आभूषण, मोबाइल व बैग बरामद किया गया। अखिलेश राय की पत्नी सविता देवी को भी लूट का सोना छिपाकर रखने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। अखिलेश राय एक कुख्यात पेशेवर अपराधी है। उस पर पटोरी, महनार, जंदाहा, हाजीपुर सहित कई थानों में 38 से अधिक गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें डकैती, लूट, शस्त्र अधिनियम, एनडीपीएस एक्ट व अन्य संगीन धाराएं शामिल हैं। गिरफ्तार अपराधी ने खुलासा किया कि उसने दीपक मुंशी और रमेश झा के साथ मिलकर इस घटना की साजिश रची थी। पहले बैंक का रैकी किया गया, लोन लेने के बहाने बैंक में जाकर स्थिति का मुआयना किया गया, और फिर दिनदहाड़े घटना को अंजाम दिया गया। अब तक की बरामदगीः- सोनाः कुल 2 किलो 780 ग्राम 842 मिलीग्राम (अनुमानित मूल्य 2.7 करोड़),नकदः 19,200,मोबाइलः2 अब तक इस मामले में कुल 10 से अधिक अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है जिनमें प्रमुख नाम हैंः करमवीर कुमार उर्फ देशमुख, रविश कुमार, रणधीर कुमार उर्फ बबलू, दीपक मुंशी, रमेश झा, विट्ठु कुमार, अभिषेक गुप्ता उर्फ राजन, अनुराधा कुमारी, फुलपरी देवी, दीपक कुमार (सोनार) आदि। एसटीएफ और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम बाकी लूटे गए सामान की बरामदगी और फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। गिरफ्तार अपराधियों से पूछताछ के बाद कई नए सुराग भी हाथ लगे हैं।

## शाही लीची को बचाने के लिए चलाया जा रहा पुनर्स्थापन अभियान




प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर ।पर्यावरणविद् सुरेश गुप्ता शाही लीची के पेड़ों की संख्या लगातार कम होने को लेकर काफी चिंतित हैं। लीची के इस प्रभेद को बचाने के लिए उन्होंने 36 दिनों तक घूम- घूम कर शाही लीची पुनर्स्थापन अभियान चलाया है। उनका कहना है कि विश्व प्रसिद्ध शाही लीची अपनी मिठास और खुशबू के कारण कभी मुजफ्फरपुर की पहचान और शान हुआ करती थी। पिछले दो दशक में उसका पेड़ 70 फीसदी कट जाने से इसकी संख्या नगण्य हो गई है। इसे लेकर उन्होंने 36 दिन का अभियान मुजफ्फरपुर में चलाया। सोमवार को बेरिया में पर्यावरणविद् सुरेश गुप्ता ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी कि दो दशक में मुजफ्फरपुर के शाही लीची का पेड़ 70 फीसदी कट गया। इसे पुनर्स्थापित करने के लिए मुजफ्फरपुर के लीची उत्पादक किसानों के बीच उन्होंने 3 जून से अभियान शुरू किया था। इस दौरान उन्होंने लोगों से बुके के बदले शाही लीची का बुके देकर सम्मानित करने और लीची से निर्मित वस्तुएं गिफ्ट में देने का आग्रह किया।उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे अन्य लोगों को बताएं कि आप लीचीपुरम में है।मीठा मुस्कुराइए और मीठा बोलिए इससे सामाजिक समरसता बढ़ेगी। सुरेश गुप्ता ने बताया कि उन्होंने इस क्रम में जिले के न्यायाधीशों तमाम अधिकारियों, समाज सेवी और राजनेताओं, शिक्षाविदों के अलावे उप मुख्यमंत्री को भी लीची का बुके देकर सम्मानित किया एवं विभिन्न संस्थाओं को प्रेरित किया तिकि वे कला, साहित्य, चित्रकला एवं प्रिंटिंग आदि में शाही लीची की थीम का उपयोग करें ।इसी कड़ी में उन्होंने किलकारी भवन के कलाकारों यूपीएससी और बीएससी में उत्तीर्ण सफल अभ्यर्थियों को भी शाही लीची का बुके देकर और लीची का मुकुट बनाकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा, शाही लीची को बचाने उनका यह अभियान निरंतर जारी रहेगा ।

## आम हड़ताल को सफल बनाने की तैयारी मुकम्मल

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। महागठबंधन के आह्वान पर आज के आम हड़ताल को सफल बनाने के लिए महागठबंधन के सभी घटक दलों ने एंडी चोटी का जोर लगा दिया है। इनका दावा है कि मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण के बहाने गरीब मतदाताओं का मताधिकार छीनने के सवाल पर पहली बार इस आम हड़ताल का जनता का बड़ा समर्थन मिल रहा है। पूरी तरह चक्का जाम रहेगा। गायघघाट विधानसभा अंतर्गत कपूर्री ठाकुर स्मृति भवन के सभागार में आम हड़ताल को पूरी तरह सफल बनाने की रणनीति को ले कर आज महागठबंधन के घटक दलों की एक संयुक्त बैठक आयोजित की गई । इस बैठक में गायघाट प्रखंड राष्ट्रीय जनता दल अध्यक्ष पांचू महासेठ, भीआईपी के रामपुकार सहनी, कांग्रेस पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष राम ललित यादव, भाकपा माले के जितेंद्र यादव समेत माकपा और भाकपा के अंचल सचिव उपस्थित थे। बैठक की जानकारी देते थे हुए गायघाट विधायक निरंजन रियल ने बताया कि मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण के बहाने निर्वाचन आयोग पिछले दरवाजे से गरीब किसान ,मजदूरों को उसके मताधिकार से वंचित करने का लोकतंत्र विरोधी कार्त कर रहा है। बिहार की जनता इस नापाक इरादे को हर्गिज सफल नहीं होने देगी। आम हड़ताल को पूरी तरह सफल बनाकर जनता एनडीए सरकार और चुनाव आयोग को अपनी ताकत दिखा देगी। उन्होंने दावा किया कि उनके विधानसभा क्षेत्र में चक्का जाम पूरी तरह सफल रहेगा। एन एच 27 पर वाहनों को चलने नहीं दिया जाएगा। आज दिन भर लाउडस्पीकर से गांव - गांव में प्रचार कर जनता से इस आम हड़ताल को सफल बनाने की अपील की गई।मुजफ्फरपुर शहर में भाकपा द्वारा हड़ताल की पूर्व संध्या पर हड़ताल को सफल बनाने के लिए मशाल जुलूस निकालने का निर्णय लिया गया है। उधर दस केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच द्वारा आहूत और संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) द्वारा समर्थित देशव्यापी आम हड़ताल से भी बिहार महागठबंधन की हड़ताल को बल मिलने की बात कही जा रही है। यह हड़ताल भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों--मसलन चार मजदूर-विरोधी और एकाधिकार पूंजीपतिपरस्त श्रम संहिताओं को लागू करने, सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों और सरकारी उद्यमों के निजीकरण में तेजी लाने, स्थायी प्रकृति के रोजगार के ठेकेदारीकरण और आकस्मिकीकरण, ह्यहायर एंड फायरह्न नीति को लागू करने हेतु निश्चित अवधि रोजगार की शुरूआत जैसे कठोर उपाय, उपभोक्ता-विरोधी बिजली (संशोधन) विधेयक 2023 और स्मार्ट मीटर लगाने, काम के घंटों में वृद्धि, कार्यबल में मनमानी आदि के विरोध में आहूत की गई है।

## साइकिल रैली के माध्यम से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया

प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर दिनांक 8 जुलाई 2025 को सुबह मतदाता जागरुकता हेतु प्रदेश के हर पंचायत/वार्ड में साइकिल रैली निकाली गई इस मौके पर जिला जदयू समस्तीपुर की सभी प्रखंडों में पंचायत स्तर पर मतदाता जागरूकता साईकिल रैली कार्यक्रम आयोजित हुआ एवं समस्तीपुर मुख्यालय में पूर्व सांसद अश्वमेघ देवी के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता साईकिल रैली जद यू कार्यलय लोहिया आश्रम से निकला गया नगर भ्रमण करते हुए कार्यक्रम को भारत-रत्न जननायक कपूर्री ठाकुर के स्मारक स्थल पर समाप्त किया गया। इस अवसर पर पूर्व सांसद अश्वमेघ देवी ने कहा कि विपक्षी दल के नेताओं के द्वारा जनता के बिच भ्रम को फैलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के रहते कोई भी परिवार का संवैधानिक अधिकार नहीं छिन सकता है। जदयू का नारा है देखो कोई छूटे नहीं फजी कोई जुटे नहीं सत्यापन हम करायेगें मतदान को स्वच्छ बनायेगें आदि नारों के साथ जदयू समस्तीपुर के कार्यकताओं ने इस कार्यक्रम में शामिल होकर साइकिल रैली को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाया।इस मौके पर जिला महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी सुबोध कुमार सिंह, जिला प्रवक्ता अनस रिजवान, प्रखंड अध्यक्ष राजीव सिंह, बिरिया देवी ,अशरफी सहनी,दयानंद ठाकुर, तोहिद अंसारी, नरेंद्र भगत,मुकेश कुमार, संतोष साह, रविन्द्र ठाकुर, संजीत कुशवाहा,रजा अहमद, इंद्रजीत कुमार, सिंघेश्वर भगत, अरविंद कुशवाहा, जितेन्द्र बब्बलु, भरत भूषण, प्रेम कुमार, संजय महतो,मनोज कुमार, अमरजीत, रामकृपाल पंडित, हजारी साह,उदय शंकर,शुभकांत ठाकुर, कुंदन कर्ण,टुनटुन पौदार, विष्णुदेव, मिथलेश कुमार, गोविंद कुमार आदि मौजूद रहे।

## सीतामढ़ी निवासी युवक की बेनीपट्टी सीमा क्षेत्र में हत्या, पुलिस जांच में जुटी

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी बेनीपट्टी थाना क्षेत्र अंतर्गत सिनुआरा गांव के समीप एक युवक का शव बरामद होने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। युवक की हत्या अत्यंत ही निर्मम तरीके से की गई है। सूत्रों के अनुसार युवक की एक आंख निकाल ली गई है, साथ ही शरीर के पिछले हिस्से पर धारदार हथियार से वार किए गए हैं। मृत युवक की पहचान उसके पास से बरामद मोबाइल के आधार पर रवि मंडल के रूप में हुई है, जो सीतामढ़ी जिले के परिहार थाना क्षेत्र का निवासी बताया गया है ।शव मिलने का स्थान सीतामढ़ी और मधुबनी जिले की सीमा से सटा हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही सीतामढ़ी जिले के चरौत थाना की पुलिस भी मौके पर पहुंची थी, लेकिन शव मिलने का स्थान बेनीपट्टी थाना क्षेत्र में होने के कारण उन्हें लौटना पड़ा। अब मामले की जांच का जिम्मा बेनीपट्टी थाना को सौंपा गया है। मौके पर पहुंचे बेनीपट्टी थाना प्रभारी शिवशरण साह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने घटनास्थल की जांच शुरू कर दी है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और मामले की तहकीकात की जा रही है ।घटना की जानकारी फैलते ही आस-पास के क्षेत्रो से बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर एकत्र हो गए। पुलिस द्वारा अर्जुन सहित अन्य परिजनों को भी सूचना दे दी गई है। फिलहाल पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और हत्या के कारणों का पता लगाने का प्रयास जारी है।

## श्यामा महोत्सव के लिए 10 लाख रुपये की राशि स्वीकृत : संजय सरावगी



प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा।माधेश्वर परिसर स्थित ऐतिहासिक माँ श्यामा मंदिर में इस वर्ष होने वाले श्यामा महोत्सव के आयोजन हेतु बिहार सरकार द्वारा 10 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। इस बात की जानकारी बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री संजय सरावगी ने दी। मंत्री श्री सरावगी ने बताया कि श्यामा महोत्सव का आयोजन दो दिवसीय होगा। यह राशि महोत्सव की भव्यता और दिव्यता में चार चाँद लगाने का कार्य करेगी। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए राज्य सरकार के कला, संस्कृति एवं युवा विभाग से राशि की स्वीकृति मिली है। इस राशि से मंदिर परिसर की सजावट, श्रद्धालुओं की सुविधा, विद्युत-प्रकाश व्यवस्था, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के सफल आयोजन तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को सुदृढ़ किया जाएगा।उन्होंने कहा कि माँ श्यामा मंदिर दरभंगा की धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान का प्रतीक है। यहाँ प्रति वर्ष लाखों श्रद्धालु आस्था एवं श्रद्धा के साथ माँ श्यामा की आराधना हेतु एकत्रित होते हैं। ऐसे में श्यामा महोत्सव का आयोजन न केवल धार्मिक आस्था को प्रबल करेगा, बल्कि स्थानीय संस्कृति, परंपरा और सामाजिक समरसता को भी मजबूत बनाएगा। मंत्री श्री सरावगी ने आगे कहा कि एनडीए सरकार धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्थलों के विकास के लिए संकल्पित है। माधेश्वर परिसर और यहां की मंदिरों की गरिमा, व्यवस्था और दिव्यता को बनाए रखने तथा उसे आगे बढ़ाने के लिए वे लगातार प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि दो दिवसीय श्यामा महोत्सव दरभंगा वासियों के लिए गौरवमयी अवसर होगा।

## जदयू ने साईकिल रैली निकालकर लोगों को किया जागरुक

प्रात : किरण संवाददाता



दरभंगा/बेनीपुर/अलीनगर। मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर जदयू के जिला अध्यक्ष ईश्वर मण्डल व नगर अध्यक्ष माधव झा के संयुक्त नेतृत्व मे जन जागरूकता साईकिल रैली मनोकामना मन्दिर से रेलवे स्टेशन, दोनार चौक, कपूरी चौक, नाका 6,कोतवाली थाना, मिजार्पुर चौक, होते हुए पुनः मनोकामना मन्दिर तक सैकड़ों साइकिल की संख्या मे आज साईकिल रैली निकाली गई। रैली में जिला संगठन प्रभारी केदारनाथ भण्डारी, नगर संगठन प्रभारी सुधीर राय, मदन प्रसाद राय, कमरे आलम, अशोक सिंह, अजय सत्संगी, राकेश रौशन यादव, रविन्दर यादव, मनोज साह, विजय जलान, श्याम मण्डल, शशि चंद्र पटेल, राजीव कुमार सिंह, नागेंद्र पासवान, राजीव झा लालू,बिट्टू सिंह, सुनील कुमार पप्पू महाशेठ, दीपक ज्योति, गोरी पासवान, विनोदान्द झा जी, प्रदीप महतो जी, मनोज ठाकुर, कन्हैया साह, अवन कुमार राय, मों अशरफ, घनश्याम श्रीवास्तव, मनोज राय, रौशन महतो, इकबाल रायन,तरुण मण्डल, रंजीत झा मौजूद थे। वही बेनीपुर विधायक प्रो विनय कुमार चौधरी के नेतृत्व में प्रखंड क्षेत्र के शिवराम पंचायत में मतदाता जागरूकता रैली निकल गई। मतदाताओं से शत-प्रतिशत अपना नाम सत्यापन कराने का अपील किया गया। विधायक श्री चौधरी लोगों से अपील किया कि किसी दल के बहकावे में नहीं आए और मतदाता सूची से नाम का सत्यापन उचित पहचान के साथ करवाए। बीएलओ द्वारा उपलब्ध कराए गए फॉर्म को भरकर समुचित पहचान के साथ मतदाता सूची में अपना नाम शामिल करवाना सुनिश्चित करें। उन्हौने आम लोगों से अपील किया कि योग्य मतदाता का नाम मतदाता सूची में छूटे नहीं और अयोग्य मतदाताओं का नाम जुट नहीं पाए। साइकिल रैली में प्रखंड प्रमुख चौधरी मुकुंद कुमार राय, चंद्रशेखर झा उर्फ बेचन, गोविंद चौधरी, गोपाल चौधरी, लालबाबू झा बाबा, पप्पूझा, सुमित राय, संजयचौपाल, करीलाल देव, राजकुमार राय, कैलाश मिश्रा, हरि नारायण मंडल, शंभू नाथ झा, बाबूराम, जय नारायण झा, अनिल झा, राम उदगार यादव आदि शामिल थे। अलीनगर में जदयू के पूर्व प्रदेश महासचिव राजकुमार झा के नेतृत्व में साइकिल रैली निकाली गई। इस रैली का उद्देश्य आम लोगों को मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन कराने और जागरूकता फैलाने को लेकर प्रेरित करना था।रैली में उप प्रमुख सिद्धार्थ शंकर संस्कृत शिक्षा बोर्ड के सदस्य अरुण झा पंचायत समिति सदस्य सागर पासवान, संतोष सिंह, ललन जी झा, जदयू के मो राजा,मो मुशरूफ पैक्स अध्यक्ष पंकज झा के साथ जदयू कार्यकर्ता और आम लोगों ने हिस्सा लिया।

## लहेरियासराय से सहरसा व मुजफ्फरपुर नई रेल लाइन को शीघ्र मिलेगी स्वीकृति : सांसद



प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा।भारत सरकार के रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का बिहार दौरा मिथिला खासकर दरभंगा के लिए वरदान साबित हुआ।कल समस्तीपुर मंडल रेल कार्यालय के सभागार में सभी रेलवे अधिकारियों की बैठक में रेल मंत्री ने जिस तरह से लहेरियासराय से सहरसा तक लगभग 95 किलोमीटर तथा लहेरियासराय से मुजफ्फरपुर तक 66 किलोमीटर नई रेल लाइन की शीघ्र मंजूरी देने की सहमति जताई एवं दरभंगा से लखनऊ एवं अमृतसर से दरभंगा होकर सहरसा तक नई अमृत भारत ट्रेन चलाने की घोषणा की गई उससे साबित होता है कि रेल मंत्री का बिहार दौरा दरभंगा के लिए वरदान साबित हुआ। जिसके लिए साढ़े आठ करोड़ मिथिलावासियों की ओर से देश के पीएम नरेन्द्र मोदी तथा रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को साधुवाद है। दरभंगा सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने स्थानीय परिसदन में पार्टी नेताओं के साथ रेल के मुद्दे पर आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में उपरोक्त बातें कही। सांसद डा ठाकुर ने संवाददाता सम्मेलन में रेल मंत्री के द्वारा जताई गई सहमति तथा घोषणाओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए ।

## पीड़ित मानवता की सेवा से बढ़कर कोई मानव धर्म नहीं है : प्रो विनय चौधरी



प्रात : किरण संवाददाता

बहेड़ी(दरभंगा)।विधायक प्रो विनय कुमार चौधरी ने कहा कि पीड़ित मानवता की सेवा से बढ़कर कोई मानव धर्म नहीं है ।वे मंगलवार को विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बहेड़ी प्रखंड के बघौनी गांव के आंधी तुफान बर्षा से प्रभावित अमर कुमार साह एवं शंकर साह को गृह क्षति अनुदान राशि का चेक देते हुए उक्त बातें कही । इस दौरान उन्हौने कहा कि बिहार के लोकप्रिय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कुशल नेतृत्व में पिछले दो दशक से बिहार में न्याय के साथ विकास की यात्रा अनवरत जारी है जो आने वाले समय में और तेज गति से जारी रहेगी ।मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का स्पष्ट मानना है कि विकास में सभी वर्गों के समान भागीदारी सुनिश्चित की जाए ।इसके अनुरूप विकास कार्य को गति दी जा रही है ।

## पंचायत उपचुनाव को लेकर जिला प्रशासन की तैयारियां पूर्ण

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी पंचायत उप निर्वाचन 2025 को लेकर मधुबनी जिला प्रशासन ने पूरी तैयारिया पूरी कर ली हैं। जिला के 10 प्रखंडों में कुल 84 मतदान केंद्रो पर बुधवार, 09 जुलाई को सुबह 7 बजे से संध्या 5 बजे तक मतदान होगा। निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त मतदान सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है ।जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी आनंद शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार ने बताया कि सभी मतदान केंद्रों के आसपास 500 गज की परिधि में धारा 144 लागू रहेगी। इस दौरान असामाजिक तत्वों और अफवाह फैलाने वालों पर प्रशासन की कड़ी नजर रहेगी। किसी भी प्रकार की अव्यवस्था से निपटने के लिए क्विक रिस्पॉन्स टीम को सतर्क रखा गया है ।मतदान प्रक्रिया के सफल संचालन हेतु 40 गश्ती सह ईवीएम संग्राहक दंडाधिकारियो 10 जोनल एवं 21 सेक्टर दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। इसके अतिरिक्त पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की भी तैनाती की गई है। सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि मतदान दिवस पर वे अपने निर्धारित स्थल पर समय से पहुंचकर नियंत्रण कक्ष को सूचित करें तथा निर्वाचन आयोग द्वारा जारी सभी दिशा-निदेशों का पालन सुनिश्चित करें ।डीएम ने सभी पदाधिकारियों को यह भी स्पष्ट किया है कि मतदान केंद्रों पर उपलब्ध सुविधाओं का पहले ही जायजा लें एवं रास्तों की भली-भांति जानकारी प्राप्त कर लें। उन्होंने निर्देश दिया कि ड्यूटी की पूर्णता तब मानी जाएगी जब ईवीएम को सुरक्षित रूप से संबंधित प्रखंड के बज्रगृह में जमा कर दिया जाए। किसी भी अप्रिय घटना की सूचना तत्काल संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी एवं जिला मुख्यालय को देने के निर्देश भी जारी किए गए हैं। प्रशासन ने मतदाताओं से अपील की है कि वे निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें तथा किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें।



# रूट-रनिंग आउट ऑफ टाइम से तमिल सिनेमा में डेब्यू करेंगे अपारशक्ति खुराना

पीटीआई के अनुसार फिल्म 'रूट– रनिंग आउट ऑफ टाइम' की शूटिंग इन दिनों चेन्नई में चल रही है। इस फिल्म का निर्देशन सूर्यप्रताप एस कर रहे हैं। इस फिल्म में अपारशक्ति खुराना भी एक अहम किरदार में नजर आएंगे। फिल्म में वह तमिल एक्टर गौतम कार्तिक के साथ नजर आएंगे। इस फिल्म से अपारशक्ति तमिल सिनेमा में डेब्यू कर रहे हैं। तमिल फिल्म 'रूट– रनिंग आउट ऑफ टाइम' का हिस्सा बनकर अपारशक्ति खुराना उत्साहित हैं। वह कहते हैं, 'मैं रूट– रनिंग आउट ऑफ टाइम' के साथ तमिल सिनेमा में अपनी शुरुआत को लेकर एक्साइटेड हूं। फिल्म की कहानी काफी चुनौतीपूर्ण और अलग है। इस फिल्म की टैलेंटेड टीम के साथ काम करके काफी खुश हूं।' इस फिल्म के मेकर्स का भी कहना है, 'हम एक इमोशनल स्टोरी को साइंस फिक्शन, क्राइम थ्रिलर के साथ दिखाने की कोशिश कर रहे हैं।

## भाई के साथ फिल्मों में आए

अपारशक्ति खुराना के भाई आयुष्मान खुराना भी बॉलीवुड के जाने–माने एक्टर हैं। अपारशक्ति, आयुष्मान से इंस्पायर हैं। दोनों भाइयों की बॉन्डिंग भी कमाल की है। दोनों भाई साथ ही मुंबई करियर बनाने आए। अपारशक्ति एक्टिंग में आने से पहले क्रिकेट में भी रुचि रखते थे। वह हरियाणा अंडर 19 क्रिकेट टीम के कैप्टन भी रह चुके हैं।

## अपारशक्ति की चर्चित फिल्में

अपारशक्ति खुराना के करियर फ्रंट की बात करें तो वह 'स्त्री 2' फिल्म और सीरीज 'जुबली' के कारण चर्चा में आए। अपारशक्ति ने सीरियस से लेकर कॉमेडी किरदारों तक में खूब रंग जमाया है। वह वाणी कपूर, परेश रावल के साथ एक फिल्म 'बदतमीत गिल' में नजर आएंगे।



# 'द ट्रेटर्स' जीतने और ट्रोलिंग के बाद बोलीं उर्फी

उर्फी जावेद सोशल मीडिया पर अपने अलग ढंग के फैशन स्टाइल, बेबाक बातों के लिए जानी जाती हैं। हाल ही में वह शो 'द ट्रेटर्स' को लेकर खबरों में रहीं। उर्फी ने बाकी कंटेस्टेंट्स को पीछे छोड़ते हुए इस शो को जीता है। इस जीत के कारण वह जमकर ट्रोल हुईं, ट्रोलिंग भी ऐसी, जिसमें यूजर्स ने अपनी सीमा ही लांघ दी। गालियां, धमकी तक उर्फी को दे डाली। इस ट्रोलिंग को लेकर एक बार फिर उर्फी ने बात की है। इससे पहले वह बेहूदा ट्रोलिंग पर एक सोशल मीडिया पोस्ट भी साझा कर चुकी हैं।

## पूरब को लेकर साझा की अपनी राय

उर्फी का सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह पैपराजी से बात कर रही हैं। इस बातचीत में वह कहती हैं, 'पहली बार थोड़े ना ट्रोल कर रहे हैं, ये लोग मुझे कब से ट्रोल कर रहे हैं। चलता रहता है, ये तो लाइफ है।' आगे उर्फी पूरब झा के बारे में कहती हैं, 'पूरब भी शो 'द ट्रेटर्स' जीतने का हकदार था। मगर यह गेम ही ऐसा था, जिसने पकड़ लिया, वह जीत गया। पूरब के लिए यही कहूंगी कि वह बहुत अच्छा लड़का है, उसने मेरे लिए इंस्टाग्राम पर स्टोरी लगाई कि उर्फी को ट्रोल मत करो। ऐसा कम ही लोग करते हैं।'

उर्फी ने जब पैपराजी को कहा कि पूरब भी शो 'द ट्रेटर्स' जीतने का हकदार था, तो एक बार फिर कुछ यूजर्स ने तंज कसना शुरू कर दिया। एक यूजर्स ने लिखाा, 'उर्फी बहन, पूरब ही शो जीतना डिजर्व करता था।' एक अन्य यूजर्स ने लिखा, 'आप चीटिंग से जीते हो, बातें छुपकर सुनी।' ऐसे ही कुछ और यूजर्स ने उर्फी को लेकर कमेंट किए और पूरब को 'द ट्रेटर्स' जीतने का हकदार बताया।


## उर्फी पहले भी हुई ट्रोल

यह पहली बार नहीं है कि उर्फी सोशल मीडिया पर ट्रोल हो रही हो, इससे पहले भी वह अपने ड्रेसिंग सेंस, स्टाइल को लेकर ट्रोल हो चुकी हैं। उर्फी ने टीवी सीरियल में एक्टिंग करके अपना करियर शुरू किया था, फिर वह फैशन इंफ्लुएंसर बन गईं। अब तक कई रियलिटी शो कर चुकी हैं, 'द ट्रेटर्स' को तो जीत भी लिया है।



# लैंगिक भेदभाव पर भोजपुरी अक्षरा सिंह ने किया पोस्ट

भोजपुरी अभिनेत्री अक्षरा सिंह फिल्मों और सिनेमा से अलग तमाम सामाजिक मुद्दों पर भी मुखर होकर बोलती हैं। आज गुरुवार को उन्होंने अपने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए समाज में व्याप्त लैंगिक भेदभाव पर बात की। इस दौरान उन्होंने मेल ईगो पर भी कटाक्ष किया। अक्षरा सिंह ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर आज गुरुवार को एक पोस्ट शेयर किया है। इसमें उन्होंने लिखा है, जब वो चुप हो जाए तो समझ जाओ तुम गलत हो और जब तुम चुप हो जाओ, तब भी तुम ही गलत हो, क्योंकि लॉजिक नहीं, जेंडर चलता है। मेल ईगो मेल ईगो...बित्ता भर से लेकर सत्तर तक, जहां जाओ वहां पाओ। भातिं–भांति के ईगो कोई माने ना माने पर ये फैक्ट है। अक्षरा सिंह अपनी आगामी फिल्म रुद्र–शक्ति को लेकर चर्चा में हैं, जिसका ट्रेलर आज ही जारी किया गया है। इस फिल्म में अक्षरा सिंह एक्टर विक्रांत सिंह के साथ स्क्रीन शेयर करेंगी। वे एक्टर विक्रांत सिंह के साथ नजर आएंगी। सावन के महीने में फिल्म दर्शकों तक पहुंचेगी। फिल्म 18 जुलाई को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। आज जारी ट्रेलर को दर्शकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। इसके अलावा अक्षरा अपने नए गाने सईयां जी प्रधान को लेकर भी सुर्खियां बटोर रही हैं। भोजपुरी सिनेमा की क्वीन कही जाने वाली अक्षरा सिंह की जोड़ी इस गाने में सतीश रे के साथ बनाई गई है। गाने में अक्षरा प्रधान की पत्नी बनी हैं और अपने पति की तारीफों के पुल बांधती दिखी हैं।



# शाहरुख–सलमान में से किसके साथ काम करना चाहेंगे राजकुमार

अभिनेता राजकुमार राव इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'मालिक' को लेकर चर्चाओं में बने हुए हैं। वो फिल्म की अभिनेत्री मानुषी छिल्लर के साथ फिल्म के प्रमोशन में व्यस्त हैं। इस दौरान 'मालिक' के दोनों लीड एक्टर ने खास बातचीत की। इस दौरान राजकुमार राव ने रैपिड फायर अंदाज में कुछ मजेदार सवालों के जवाब भी दिए।

**फिल्म में तो आप मालिक बन गए, लेकिन घर में असली मालिक कौन है? आप या फिर पत्रलेखा?**

ऐसा कुछ नहीं है। हम दोनों ही मालिक हैं। लेकिन पत्रलेखा अपनी जिंदगी में ज्यादा अच्छे फैसले लेती हैं। तो इसलिए मैं उन्हीं की ज्यादा सुनता हूं।

**एक ओर करण जौहर कोई रोमांटिक फिल्म ऑफर करें और दूसरी ओर यशराज कोई एक्शन फिल्म, तो दोनों में से किसे चुनेंगे?**

दोनों में से जिसकी कहानी अच्छी होगी, मैं उसे ही चुनूंगा। जिसका निर्देशक अच्छा हो और कहानी बेहतर हो।

**तीनों खानों में से आप आमिर के साथ काम कर चुके हैं। अब सलमान–शाहरुख दोनों मौजूद हों लेकिन आप किसी एक को चुन सकते हैं, तो किसके साथ काम करेंगे?**

मैं चाहूंगा कि हम लोग करण–अर्जुन की तरह करण–अर्जुन और नकुल के नाम से एक नई फिल्म बना दें।

**खाली समय होने पर सबसे पहले क्या करते हैं?**

मैं खाली समय में कुछ भी नहीं करता हूं। मुझे घर पर खाली काउच पर बैठे रहना और बातें करना बहुत अच्छा लगता है। मैं इतना आलसी हूं कि मुझे जूतों के फीते बांधने में बहुत आलस आता है, इसलिए मैं जूते के फीते हमेशा बांधकर ही रखता हूं। उन्हें खोलता ही नहीं हूं। मुझे बचपन से ही जूते के फीते बांधने में बहुत आलस आता है।

**अगला प्रोजेक्ट किस तरह का करना चाहते हैं? क्या फिर से एक्शन अवतार में ही दिखेंगे या फिर कोई नया जॉनर पकड़ेंगे?**

फिलहाल तो 'मालिक' आ रही है। इसके बाद दादा (सौरव गांगुली) की बायोपिक है, उस पर काम चल रहा है। उससे पहले भी एक–दो प्रोजेक्ट्स हैं, जो बहुत ही एक्साइटिंग हैं। दर्शकों के लिए भी नया है, उनमें नजर आऊंगा। मुझे उम्मीद है लोगों को पसंद आएंगे।

# क्या बॉलीवुड में वापसी करने वाली हैं सेलिना जेटली?



सेलिना जेटली पिछले 14 वर्षों से फिल्मों से दूर हैं। आखिरी बार उन्हें लीड एक्ट्रेस के तौर पर साल 2011 में आई फिल्म थैंक यू में देखा गया था। इसके बाद वह 2012 में विल यू मैरी मी में बहुत कम देर के लिए नजर आईं। उनके फैंस उनकी पर्दे पर वापसी का इंतजार कर रहे हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने एक हिंट दी, जिससे फैंस अंदाजा लगा रहे हैं कि वह जल्द ही फिल्म में वापसी करेंगी। सेलिना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक पुराना वीडियो शेयर किया। ये वीडियो उस वक्त का है जब वह प्रेगनेंट थीं। वीडियो में देखा जा सकता है कि वह चल नहीं सकतीं, इसलिए वह कुर्सी पर बैठी हैं। वीडियो शेयर करते हुए सेलिना ने लिखा सात साल पहले मैं 6 महीने की प्रेगनेंट थी। उस वक्त मैं सिम्फिसिस प्यूबिस डिसफंक्शन की वजह से चल नहीं सकती थी। क्या किसी के साथ ये दिक्कत हुई है?

सेलिना जेटली के इस वीडियो को कई यूजर्स ने लाइक किया और कई यूजर्स ने इस पर कमेंट किए। एक यूजर ने पूछा हम आपको बहुत याद करते हैं। आप बॉलीवुड में वापस कब आओगी? इस पर सेलिना जोटली ने रिप्लाई किया जल्द ही। सेलिना जेटली ने रिप्लाई में एक गुलाब वाला इमोजी भी कमेंट किया।

## शॉर्ट फिल्म में निभाई भूमिका

सेलिना जेटली साल 2020 में आई शॉर्ट फिल्म सीजंस ग्रीटिंग में नजर आईं। यह फिल्म ओटीटी पर रिलीज हुई। फिल्म का निर्देशन राम कमल मुखर्जी ने किया था। हालांकि इससे उनकी पर्दे पर वापसी नहीं हुई। इस साल फरवरी में सेलिना जेटली किसी काम से मुंबई गईं थीं। उनके इस दौरे को फिल्मों में उनकी वापसी के तौर पर देखा गया। साल 2020 बातचीत में सेलिना ने कहा था कि उन्होंने सिनेमा से ब्रेक ले लिया था। उन्होंने कहा लगातार खुद को साबित करने की वजह से मैं थक गई थी। इसके बाद मैंने कहा ठीक है, मुझे एक ब्रेक लेना होगा, जिंदगी में कुछ अलग काम करने होंगे, बैटरी रिचार्ज करनी होगी और जब भी मैं तैयार हो जाऊंगी, मैं फिर से वापस आऊंगी।



# पैपराजी कल्चर को लेकर रितेश ने दी प्रतिक्रिया

शेफाली जरीवाला की मौत के बाद एक बार फिर पैपराजी कल्चर सेलेब्स के निशाने पर है। वरुण धवन समेत कई सेलेब्स पैपराजी कल्चर पर उंगली उठा चुके हैं। उनका कहना है कि पैपराजी को भी थोड़ी संवेदनाएं दिखानी चाहिए। अब इस बीच अभिनेता रितेश देशमुख ने पैपराजी कल्चर को लेकर बात की और उन्होंने बताया कि कैसे उन्होंने अपने बच्चों को पैपराजी के सामने आने और उनसे बात करने के बारे में बताया है।

## मैंने बच्चों को बताया फोटो खिंचवाना सम्मान की बात

हिंदुस्तान टाइम्स के साथ बातचीत के दौरान रितेश ने कहा कि हमें पैपराजी से निपटना सीखना होगा। अभिनेता ने कहा, हमारे बच्चे खेल खेलते हैं और वे रोजाना वहां जाते हैं। कभी–कभी, जब हम उनके मैच देखते हैं, तो कुछ पैपराजी हमारी तस्वीर खींच लेते हैं, इसलिए हमें इससे निपटना सीखना होगा। आपको बच्चों से बात करनी होगी और सुनिश्चित करना होगा कि वे खुद को हकदार न समझें। मैं अपने बेटों से बस यही कहता हूं कि फोटो खिंचवाना सम्मान की बात है। जब पैपराजी तस्वीरें मांगते हैं, तो आप उन्हें क्लिक करने के लिए धन्यवाद देते हैं और आगे बढ़ जाते हैं।

## सेलेब्रिटी किड्स के मीडिया के सामने आने का कोई नियम नहीं है

सेलेब्रिटी पेरेंट्स को अपने बच्चों के मीडिया के सामने किस तरह से लाना चाहिए या क्या करना चाहिए। इस पर बात करते हुए रितेश देशमुख ने कहा कि सेलिब्रिटी माता–पिता को अपने बच्चों को मीडिया के सामने लाने के लिए किस तरह का रवैया अपनाना चाहिए, इस बारे में कोई खास नियम नहीं है। सिर्फ इसलिए कि एक व्यक्ति कुछ करता है, इसका मतलब यह नहीं है कि दूसरे भी वैसा ही करें। मुझे लगता है कि माता–पिता जानते हैं कि उनके बच्चों के लिए क्या सबसे अच्छा है। अगर लोगों को लगता है कि वे नहीं चाहते कि उनके बच्चे मीडिया में आएं, तो इसका

# कार्तिक आर्यन को हटाने की फिराक में इंडस्ट्री

सिंगर और म्यूजिक कंपोजर अमाल मलिक ने हाल ही में बॉलीवुड इंडस्ट्री के बारे में खुलकर बात की। एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि इंडस्ट्री में कार्तिक आर्यन के साथ भी वही व्यवहार हो रहा है, जैसा पहले दिवंगत एक्टर सुशांत सिंह राजपूत के साथ किया गया था। इंटरव्यू में अमाल मलिक ने कहा, 'अब लोगों को फिल्म इंडस्ट्री की सच्चाई समझ आ चुकी है। यह इंडस्ट्री अंदर से इतनी काली है कि कई बार लोगों की जान तक चली जाती है। सुशांत सिंह राजपूत इस सबको सहन नहीं कर पाए। कुछ लोग कहते हैं कि उनकी मौत मर्डर थी, कुछ कहते हैं सुसाइड। लेकिन जो भी हुआ, इंसान तो चला गया।' उन्होंने आगे कहा, 'इस इंडस्ट्री ने ही उनके मनोबल पर असर डाला। शायद उनके आत्मा और मानसिक स्थिति को नुकसान पहुंचाया। जब आम जनता को ये सब पता चला, तो उनका भरोसा बॉलीवुड से उठ गया। लोग कहने लगे कि यह इंडस्ट्री बहुत गंदी है।' अमाल मलिक ने आगे कहा कि सुशांत की मौत के बाद इंडस्ट्री की असली सच्चाई सामने आई और इसकी छवि खराब हो गई। इन लोगों ने जो किया, उसका नतीजा अब इन्हें भुगतना पड़ रहा है। ये लोग अब अपने डाउनफॉल के दौर से गुजर रहे हैं और ये इसके हकदार हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अब वही सब कार्तिक आर्यन के साथ भी हो रहा है। उसे भी अलग करने की कोशिश की जा रही है, लेकिन फिर भी वह मेहनत कर रहा है, मुस्कुरा रहा है, डांस करता है और आगे बढ़ रहा है। कार्तिक भी एक आउटसाइडर है, जिसने अपनी मेहनत से नाम कमाया है। लेकिन अब भी 100 लोग उसे हटाने की कोशिश में लगे रहते हैं।






## दो दिन से 20-20 प्रतिशत चढ़ रहा यह छोटकू शेयर, 5 दिन में ही 60 प्रतिशत की तूफानी तेजी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पेनी स्टॉक एकेआई इंडिया शेयर बाजार में धमाल मचाए हुए है। एकेआई इंडिया के शेयरों में जबरदस्त तेजी देखने को मिल रही है। कंपनी के शेयर लगातार दूसरे दिन 20 पर्सेंट के अपर सर्किट पर हैं। कंपनी के शेयर मंगलवार को क्वस्थ में 20 पर्सेंट उछलकर 13.76 रुपये पर पहुंच गए हैं। एकेआई इंडिया के शेयर सोमवार को भी 20 पर्सेंट की तेजी के साथ 11.47 रुपये पर बंद हुए थे। इस छोटी कंपनी के शेयरों में 5 दिन में 60 पर्सेंट का उछाल देखने को मिला है। एकेआई इंडिया, लेदर और लेदर प्रॉडक्ट्स इंडस्ट्री से जुड़ी है।

**5 दिन में 8.60 रुपये से 13.76 रुपये पर पहुंचे शेयरः** एकेआई इंडिया लिमिटेड के शेयरों में 5 दिन में 60 पर्सेंट की तूफानी तेजी देखने को मिली है। यह पेनी स्टॉक 2 जुलाई 2025 को 8.60 रुपये पर थे। कंपनी के शेयर 8 जुलाई 2025 को 13.76 रुपये पर पहुंच गए हैं। 30 जून से लेकर अब तक कंपनी के शेयरों में 73 पर्सेंट से अधिक की तेजी आई है। कंपनी का मार्केट कैप मंगलवार को 121 करोड़ रुपये के पार जा पहुंचा है। एकेआई इंडिया के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 25.60 रुपये है। वहीं, कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 6.96 रुपये है।

**5 साल से कम में 632 प्रतिशत चढ़ गए कंपनी के शेयरः** एकेआई इंडिया लिमिटेड के शेयर पिछले पांच साल से कम में 632 पर्सेंट उछल गए हैं। लेदर इंडस्ट्री से जुड़ी इस कंपनी के शेयर 3 नवंबर 2020 को 1.88 रुपये पर थे। कंपनी के शेयर 8 जुलाई 2025 को 13.76 रुपये पर जा पहुंचे हैं। वहीं, पिछले चार साल में कंपनी के शेयरों में 147 पर्सेंट की तेजी देखने को मिली है। हालांकि, पिछले एक साल में कंपनी के शेयर 43 पर्सेंट से अधिक लुढ़क गए हैं। पिछले छह महीने में कंपनी के शेयरों में 14 पर्सेंट से अधिक की तेजी आई है।

## मोदी सरकार की टॉप 5 बिजनेस लोन स्कीम, महिलाओं के लिए हैं खास

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में पिछले कुछ वर्षों में महिलाओं के नेतृत्व वाले उद्यमों में जबरदस्त उछाल आया है। यह बदलाव भारत की आर्थिक प्रगति में नारी शक्ति की बढ़ती भूमिका को दिखाता है। इसे और गति देने के लिए सरकार ने कई विशेष बिजनेस लोन स्कीम्स शुरू की हैं, जो महिला उद्यमियों को वित्तीय सहायता, प्रशिक्षण और आसान क्रेडिट एक्सेस देती हैं।

**पर्सनल लोन क्या है:** पर्सनल लोन असुरक्षित (बिना गारंटी) ऋण होता है, जो बैंक, एनबीएफसी या डिजिटल लेंडर देते हैं। इनकी पात्रता आपकी आय और क्रेडिट स्कोर पर निर्भर करती है। इसका इस्तेमाल मेडिकल खर्च, घर की मरम्मत या कर्ज चुकाने जैसी जरूरतों के लिए किया जा सकता है। बिजनेस लोन कंपनियों की फंडिंग जरूरतों को पूरा करने के लिए दिए जाते हैं। इनका उपयोग बिजनेस का विस्तार करने, मशीनें खरीदने, कार्यशील पूंजी (वर्किंग कैपिटल) या रोजाना खर्चों के लिए किया जा सकता है। व्यक्तिगत लोन से इनका फोकस और लोन अमाउंट अलग होता है।

सरकार की यह योजना छोटे उद्यमों को बिना गिरवी 10 लाख रुपये तक का लोन देती है। महिला मालिकों को विशेष रूप से कम ब्याज दरों का लाभ मिलता है, जिससे नया बिजनेस शुरू करना या पुराने को आगे बढ़ाना आसान हो जाता है।इसका लक्ष्य महिलाओं और वंचित समूहों को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित करना है। हर बैंक शाखा कम से कम एक महिला उद्यमी को 10 लाख से 1 करोड़ रुपये तक का लोन देती है।

# अदाणी पावर ने 600 मेगावाट की विदर्भ स्थित पावर कंपनी का किया अधिग्रहण, 4,000 करोड़ रुपये में सौदा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अदाणी पावर लिमिटेड (एपीएल) ने 600 मेगावाट क्षमता वाली विदर्भ इंडस्ट्रीज पावर लिमिटेड (वीआईपीएल) का अधिग्रहण सफलतापूर्वक पूरा किया। यह अधिग्रहण दिवाला प्रक्रिया के तहत 4,000 करोड़ रुपये में हुआ। एपीएल ने मंगलावर को यह जानकारी दी।

एपीएल ने एक बयान में कहा कि 18 जून ,2025 को राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) की मुंबई पीठ ने इस अधिग्रहण योजना को मंजूरी दी थी। इसके बाद 7 जुलाई को योजना को पूरी तरह लागू कर दिया गया।



**एपीएल की परिचलान क्षमता 18,150 मेगावट हो गईः** वीआईपीएल महाराष्ट्र के नागपुर जिले के बुटीबोरी में स्थित है और इसमें 2म300 मेगावाट के घरेलू कोयला-आधारित संयंत्र शामिल हैं। इसके अधिग्रहण के बाद अदाणी पावर की परिचलान क्षमता बढ़कर 18,150 मेगावट तक पहुंच गई है।

**एपीएल का 2029-30 का लक्ष्य :** एपीएल ने कहा कि वह 2029-30 तक अपनी क्षमता को 30,670 मेगावाट तक पहुंचाने के लक्ष्य पर तेजी से काम कर रही है। इसके तहत अडानी पावर देशभर में कई ब्राउनफील्ड और ग्रीनफील्ड परियोजनाओं पर काम कर रही है।

**कंपनी कर रही है छह ब्राउनफील्ड परियोजनाओं का निर्माण :** कंपनी वर्तमान में अपने छह ब्राउनफील्ड अल्ट्रा सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट्स (यूएससीटीपीपी) का निर्माण कर रही है, जिनमें प्रत्येक की क्षमता 1,600 मेगावाट होगी। ये संयंत्र सिंगरौली-महान (मध्य प्रदेश), रायपुर, रायगढ़, कोरबा (छत्तीसगढ़) और कवाई (राजस्थान) में स्थापित किए जा रहे हैं। इसके अलावा उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर में 1,600 मेगावाट की ग्रीनफील्ड यूएससीटीपीपी का भी निर्माण कर रही है। साथ ही, कंपनी कोरबा में 1,320 मेगावाट के सुपरक्रिटिकल पावर प्लांट के निर्माण को भी पुनर्जीवित कर रहा है, जिसे इसने पहले अधिग्रहित किया था।

**सभी के लिए बिजली का विजन :** एपीएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एसबी ख्यालिया ने कहा कि हम अपने पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए सभी के लिए बिजली के भारत के विजन को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, ताकि देश की सतत विकास यात्रा को सस्ती और भरोसेमंद बेस-लोड बिजली के माध्यम से समर्थन दिया जा सके।

अदाणी समूह की कंपनी एपीएल भारत की सबसे बड़ी निजी ताप विद्युत उत्पादन कंपनी है। कंपनी के पास गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक, राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, झारखंड और तमिलनाडु में ताप विद्युत संयंत्रों में 18,150 मेगावाट की स्थापित क्षमता है। इसके अलावा, गुजरात में 40 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजना का भी संचालन किया जा रहा है।

## कमजोर कड़ी से सबसे तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था बना भारत, जीडीपी की वृद्धि में साथी देशों को पीछे छोड़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनिया की सबसे तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था बना भारत अब ब्रिक्स शिखर सम्मेलनों में सिर्फ भागीदारी ही नहीं करता बल्कि बैठकों का एजेंडा भी तय करता है। बात चाहे आतंकवाद के खिलाफ लड़ने की हो, डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) की हो या फिर वैश्विक दक्षिण से जुड़े मुद्दों की, इन्हें इस मंच के एजेंडे में लाने का श्रेय भारत को ही जाता है। लेकिन करीब एक दशक पहले ऐसी स्थिति नहीं थी। उस समय भारत को ब्रिक्स देशों की सबसे कमजोर कड़ी में गिना जाता था।




ब्रिक्स में भारत की धमक वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सत्ता में आने के बाद बढ़ी है। मोदी ने प्रधानमंत्री की कुर्सी संभालने के बाद से अब तक ब्रिक्स के सभी शिखर सम्मेलनों में हिस्सा लिया है। ताजा आंकड़ों पर नजर डाले तो भारत ब्रिक्स में शामिल देशों ब्राजील, चीन, रूस और दक्षिण अफ्रीका को जीडीपी और औद्योगिक वृद्धि में पीछे छोड़ चुका है। यूपीए-2 के शासनकाल के दौरान तो यह स्थिति थी कि कमजोर आर्थिक बुनियाद का हवाला देकर अंतरराष्ट्रीय मीडिया सवाल उठाता था कि क्या भारत वाकई इस समूह का हिस्सा है।

**पुतिन ने भी की थी भारत की तारीफ :** भारत की मौजूदा मजबूत आर्थिक स्थिति की मार्गन स्टैनले, एचएसबीसी से लेकर आईएमएफ तक दुनिया के तमाम प्रमुख वित्तीय संस्थान तारीफ करते रहे हैं। आईएमएफ ने दो 2023 में भारत को वैश्विक अर्थव्यवस्था में सुधार के लिए उम्मीद की किरण करार दिया था। वहीं, वर्ष 2024 में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा था कि भारत की आर्थिक वृद्धि ब्रिक्स देशों के लिए एक मिसाल है।

**2013 में आतंकवाद विरोधी कार्य योजना अपनाई :** ब्रिक्स में आतंकवाद के खिलाफ मिलकर लड़ने पर बनी सहमति मोदी सरकार की पहल का ही नतीजा थी। 2021 में 13वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की भारत की अध्यक्षता में एक औपचारिक आतंकवाद विरोधी कार्य योजना को अपनाया। इसके तहत खुफिया जानकारी साझा करने, क्षमता निर्माण और आतंकवादी समूहों के वित्तीय और डिजिटल नेटवर्क को तोड़ने वाला ठोस संस्थागत तंत्र बना। नवाचार और उद्यमिता पर भारत का जोर ब्रिक्स स्टार्टअप फोरम के तौर पर सामने आया। भारत ने ब्रिक्स सहयोग के एक नए स्तंभ के रूप में डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना (डीपीआई) की भी शुरुआत की।

**इंडोनेशिया से बदलने की दी गई राय :** भारत की कमजोर स्थिति को देखते हुए वर्ष 2012 में एक विशेषज्ञ ने तो यह सलाह तक दे डाली थी कि ब्रिक्स में इंडिया की जगह इंडोनेशिया को शामिल कर लिया जाना चाहिए। भारत उस समय विदेशी कर्ज के बोझ से दबा था, मुद्रास्फीति दोहरे अंकों में थी और निवेशकों का भरोसा लगातार घट रहा था। उस समय भारत को दुनिया की पांच सबसे कमजोर अर्थव्यवस्थाओं में से एक कहा जाता था।

**2013 से 2025 के बीच जबर्दस्त उछाल :** वर्ष 2013 में भारत की जीडीपी वृद्धि दर काफी धीमी थी और वह अन्य सभी ब्रिक्स देशों से पीछे रह गया था। आर्थिक स्थिति के प्रमुख संकेतकों में एक औद्योगिकी विकास में भी उसकी हालत खस्ता थी।

## नकली और घटिया दवा बेचने वालों अब सुधर जाओ, सरकार चलाने वाली है डंडा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भारत के दवा नियामक सिस्टम को मजबूत करने की सलाह दी थी। इसके बाद केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन ने नकली और घटिया दवाओं से निपटने के लिए एक नई राष्ट्रीय योजना बनाई है। इसका मकसद दवाओं की गुणवत्ता पर कड़ी नजर रखना और गलत विज्ञापनों पर रोक लगाना है



### क्या-क्या बदलाव आएंगे

1. दवा विज्ञापनों पर सख्तीः मिंट की खबर के मुताबिक डॉक्टरों और केमिस्ट को टार्गेट करने वाले विज्ञापन अब ज्यादा कंट्रोल किए जाएंगे। भ्रामक विज्ञापन, खासकर जो मरीजों को बिना डॉक्टर की सलाह के दवा लेने के लिए उकसाते हैं, पर पूरी तरह से रोक लगेगी

2. ऑनलाइन शिकायत सिस्टमः अब हर राज्य की दवा नियामक वेबसाइट पर एक अलग पेज बनेगा, जहां आप नकली या खराब दवा की शिकायत दर्ज कर सकेंगे। शिकायत करने का तरीका आसान होगा और हर शिकायत की जांच की जाएगी। इससे पारदर्शिता बढ़ेगी और आम लोग भी नकली दवाओं के खिलाफ कार्रवाई में हिस्सा ले सकेंगे

3. फैक्ट्रियों पर ज्यादा निगरानीः सरकार अब दवा कंपनियों का रिस्क बेस्ड मूल्यांकन करेगी। मतलब, जिन कंपनियों पर पहले शिकायतें आ चुकी हैं या जो संदिग्ध हैं, उनकी ज्यादा बार जांच होगी। पिछले साल ष्ठष्टस्ष्टह्र ने राज्य नियामकों के साथ मिलकर 400 से ज्यादा फैक्ट्रियों का निरीक्षण किया था और 300 से अधिक कार्रवाइयां की थीं। अब यह और सख्त होगा

**यह कदम क्यों जरूरी है:** गाम्बिया की घटना के बाद विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भारत पर दबाव बनाया था, जहां हरियाणा की एक कंपनी की खांसी की सिरप से 66 बच्चों की मौत हुई थी

भारत दुनिया का सबसे बड़ा जेनरिक दवा निर्यातक है। 2025 तक यहां का दवा बाजार 100 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। ऐसे में दवाओं की गुणवत्ता पर भरोसा बनाए रखना बेहद जरूरी है

फार्मा कंपनी एंटोड के सीईओ निक्खिल मसुरकर के मुताबिक, यह प्लान मरीजों की सुरक्षा के साथ-साथ ईमानदार कंपनियों की साख भी बचाएगा

**पहले भी हुई हैं कार्रवाइयां:** नकली दवा बनाने पर 10 साल की जेल और 10 लाख रुपये जुर्माना का प्रावधान पहले से है। ष्ठष्टस्ष्टह्र ने हाल ही में नकली कैंसर और लीवर की दवाओं (जैसे एडसेट्रिस और डेफिटालियो) के खिलाफ भी अलर्ट जारी किया था यह योजना अभी प्रस्तावित है। जल्द ही ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया सभी राज्यों को इस पर एक्शन लेने के निर्देश दे सकते हैं। इससे उम्मीद है कि भारत में दवाओं की गुणवत्ता और सुरक्षा का स्तर सुधरेगा।

## 1270 करोड़ की डील ने निवेशकों को कराया बुरा फील

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नेक्टर लाइफसाइंसेज के शेयरों में 8 जुलाई, 2025 को तेज गिरावट देखी गई, जो इंट्रा-डे ट्रेडिंग में लगभग 20 प्रतिशत गिरकर 52-सप्ताह के निचले स्तर 18.60 रुपये पर पहुंच गए। यह गिरावट कंपनी द्वारा अपने कोर एपीआई और फॉर्मूलेशन बिजनेस को 1,270 करोड़ रुपये में सेफ लाइफसाइंसेज को बेचने की घोषणा के बाद आई है। यह डील निवेशकों आज बहुत बुरा फील कराई है।

**डील की डिटेल्सः** कंपनी ने सेफ लाइफसाइंसेज प्राइवेट लिमिटेड के साथ एपीआई और फॉर्मूलेशन बिजनेस के ट्रांसफर के लिए बिजनेस ट्रांसफर एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसकी कुल राशि 1,270 करोड़ रुपये है। इसके अलावा, मेंथॉल बिजनेस की संपत्तियों को भी 20 करोड़ रुपये में बेचा जाएगा। यह डील 20 सितंबर, 2025 तक पूरी होने की उम्मीद है, जो शेयरधारक और नियामक मंजूरी पर निर्भर करेगी।

**कंपनी की भविष्य की योजनाएंः** इस डील से प्राप्त राशि का उपयोग कंपनी मौजूदा कर्ज चुकाने, नए बिजनेस सेक्टरों में निवेश करने, शेयरधारकों को रिवॉर्ड देने और भविष्य की ग्रोथ प्लान्स के लिए करेगी। कंपनी का कहना है कि यह कदम पुराने और कैपिटल-इंटेंसिव बिजनेस से बाहर निकलकर शेयरहोल्डर्स के लिए वैल्यू क्रिएट करने की दिशा में उठाया गया है।

## शक्ति पम्प्स (इंडिया) लिमिटेड ने सफलतापूर्वक क्यूआईपी इश्यू से जुटाए 292.60 करोड़

**इंदौर, एजेंसी।** शक्ति पम्प्स (इंडिया) लिमिटेड (बीएसई- [531431], एनएसइ- ने यह घोषणा की है कि कंपनी ने इंस्टिट्यूशनल इन्वेस्टर्स के लिए क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल प्लेसमेंट इश्यू को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है और इस माध्यम से 292.60 करोड़ की पूंजी जुटाई है।

इस क्यूआईपी इश्यू को मौजूदा और नए प्रमुख इंस्टिट्यूशनल इन्वेस्टर्स से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली, जो कंपनी के भविष्य की संभावनाओं और अब तक के प्रदर्शन में उनके भरोसे को दर्शाता है। इस पूंजी का उपयोग मध्य प्रदेश के पीथमपुर में सोलर डीसीआर. सेल और सोलर पीवी मॉड्यूल निर्माण के लिए प्लांटकी स्थापना हेतु किया जाएगा। यह परियोजना शक्ति पम्प्स की सहायक कंपनीशक्ति एनर्जी सोल्यूशन्स लिमिटेडके माध्यम से संचालित होगी और इसकी उत्पादन क्षमता 2.20 गीगावॉट होगी।

इसडीसीआरसोलर सेल निर्माण से कंपनी की बैकवर्ड इंटीग्रेशन को मजबूती मिलेगी और पूरी वैल्यू चेन पर बेहतर नियंत्रण स्थापित होगा, जिससे कंपनी को दीर्घकालिक लाभ होगा। क्यूआईपी इश्यू की कीमत प्रति शेयर 918.00 रखी गई, जो सेबी द्वारा निर्धारित फ्लोर प्राइस 965.96 से 4.97 प्रतिशत की छूट पर है। इस फंड से कंपनी की वित्तीय स्थिति और मजबूत होगी और यह कंपनी को अपनी रणनीतिक योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने में मदद करेगी।

## पावर एंड इंस्ट्रूमेंटेशन (गुजरात) ने उदयपुर एयर टर्मिनल परियोजना के लिए पांचवां ठेका हासिल किया

### जिससे कुल ऑर्डर मूल्य बढ़कर 56.36 करोड़ हुआ

**अहमदाबाद, एजेंसी।** पावर एंड इंस्ट्रूमेंटेशन (गुजरात) लिमिटेड (एनएसईः पीआइजीएल, बीएसईः 543912), जो विद्युत संविदा और उपकरण क्षेत्र की एक प्रमुख कंपनी है, को राजस्थान में प्रतिष्ठित उदयपुर एयर टर्मिनल परियोजना के लिए न्याती इंजीनियरिंग एंड कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड से पाँचवां महत्वपूर्ण कार्यादेश प्राप्त हुआ है। इस नवीनतम ठेके की कुल मूल्य 2.59 करोड़ है, जो भारत के प्रमुख विमानन केंद्रों में से एक के बुनियादी ढांचे को आकार देने में पीआइजीएल की महत्वपूर्ण भूमिका को और मजबूत करता है। इस नए आदेश में उदयपुर एयर टर्मिनल पर ईएलवी रेसवे और केबल ट्रे कार्यों की डिज़ाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग शामिल है।

परियोजना को अनुबंध की प्रभावी तिथि से छह महीने के भीतर पूरा किया जाना है, जो समय-सीमित और उच्च-सटीकता वाले विद्युत बुनियादी ढांचे को वितरित करने में पीआइजीएल की विशेषज्ञता को दर्शाता है। इस नवीनतम आदेश के साथ, उदयपुर एयर टर्मिनल परियोजना के लिए अब तक प्राप्त कुल कार्यादेशों का मूल्य 56.36 करोड़ हो गया है, जो हवाई अड्डे के बुनियादी ढांचे के विकास में पीआइजीएल की बढ़ती रणनीतिक भूमिका को दर्शाता है।

**सिद्ध हवाई अड्डा बुनियादी ढांचा विशेषज्ञता :** यह उपलब्धि पावर एंड इंस्ट्रूमेंटेशन (गुजरात) लिमिटेड की सटीक और महत्वपूर्ण विद्युत बुनियादी ढांचे को विमानन केंद्रों के लिए प्रदान करने की क्षमता को और प्रमाणित करती है। भारत भर में 35 से अधिक हवाई अड्डा परियोजनाओं को सफलतापूर्वक पूरा करने के अनुभव के साथ, पीआइजीएल ने बड़े पैमाने पर, समय-सीमित और तकनीकी रूप से जटिल कार्यों को अत्यधिक विनियमित और संवेदनशील वातावरण में संभालने में असाधारण विशेषज्ञता हासिल की है।

## डिफेंस कंपनी के शेयरों को बेचने की लगी होड़, 8 प्रतिशत तक टूट गया भाव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पारस डिफेंस, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) और गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) सहित डिफेंस कंपनियों के शेयरों में सोमवार के कारोबार में तेज गिरावट आई। निवेशकों ने हालिया तेजी के बाद मुनाफावसूली की। कारोबार के दौरान निफ्टी डिफेंस इंडेक्स में 1 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई, जिससे पिछले कारोबारी दिन में हुई बढ़त खत्म हो गई, जब यह 1 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुआ था।

**किस शेयर में कितनी गिरावट-** पारस डिफेंस एंड स्पेस टेक्नोलॉजीज ने सबसे अधिक नुकसान उठाया, जो एनएसई पर 8 प्रतिशत गिरकर 860.4 रुपये के इंट्राडे लो पर पहुंच गया। लगातार चार सेशंस तक बढ़त के बाद शेयर में गिरावट आई। जीआरएसई और बीईएल भी दबाव में रहे, जिनमें क्रमशः 2.15 प्रतिशत और 2.03 प्रतिशत की गिरावट आई। अन्य रक्षा शेयरों में मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स, कोचीन शिपयार्ड और हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स में 1 प्रतिशत तक की गिरावट आई। इसके अलावा, डीसीएक्स सिस्टम्स के शेयर एनएसई पर 4 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 297 रुपये के इंट्राडे हाई पर पहुंच गए।

# नौकरी छोड़ी और बढ़ा दिए कदम... दो दोस्तों ने खड़ा किया करोड़ों का साम्राज्य

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कृषि क्षेत्र में अच्छी पकड़ रखने वाले दो दोस्तों ने जबदस्त सफलता हासिल की है। इनके नाम हैं- शशांक सिंह और भुवनेश गुप्ता। दोनों ने मिलकर नवंबर 2020 में पोष्ण नाम का डिजिटल प्लेटफॉर्म शुरू किया। इसका मकसद कृषि उत्पादों के व्यापार को आसान बनाना था। तीन साल में इस प्लेटफॉर्म ने करोड़ों का टर्नओवर हासिल कर लिया। शशांक और भुवनेश ने अपनी अच्छी कॉर्पोरेट नौकरियों को छोड़कर यह काम शुरू किया। पोष्ण किसानों के लिए बिक्री प्रक्रिया को आसान बनाता है। यह प्लेटफॉर्म बिना किसी गोदाम के काम करता है। इससे लागत घटती है। किसानों और व्यापारियों दोनों को बेहतर मूल्य मिलता है। आइए, यहां शशांक सिंह और भुवनेश गुप्ता की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।



**समस्या की जड़ को पहचाना :** शशांक सिंह और भुवनेश गुप्ता कृषि पृष्ठभूमि से आते हैं। उन्होंने किसानों की जमीनी समस्याओं को करीब से देखा था। शशांक उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले से हैं। वहीं, भुवनेश पंजाब के जालंधर से आते हैं। दोनों ने महसूस किया कि किसानों को अक्सर बिचौलियों की वजह से फसल बेचने में दिक्कतें आती हैं। इससे देरी होती है, लागत बढ़ती है और भुगतान में भी जोखिम रहता है। पोष्ण इसी समस्या का सीधा समाधान है। यह बी2बी प्लेटफॉर्म है जो प्रोसेसर (जो फसल को बाजार में बेचने लायक बनाते हैं, जैसे गेहूं से आटा) और थोक विक्रेताओं को सीधे किसानों से जोड़ता है। इस सीधे संपर्क से बिचौलियों की जरूरत खत्म हो जाती है। लागत कम होती है। किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य मिलता है। वहीं खरीदारों को भी अच्छी गुणवत्ता वाले उत्पाद किफायती दामों पर मिलते हैं।

### बिना गोदाम वाला अनूठा मॉडल अपनाया

पोष्ण का बिजनेस मॉडल अपनी बिना गोदाम वाली नीति के कारण खास है। शशांक और भुवनेश स्टॉक नहीं रखते, बल्कि ऑर्डर के आधार पर सामान खरीदते और फिर डिलीवरी करते हैं। यह रणनीति न केवल परिचालन लागत को कम करती है, बल्कि यह भी सुनिश्चित करती है कि किसानों और व्यापारियों दोनों को बेहतर मूल्य मिलें। पोष्ण मुख्य रूप से किराने का सामान (जैसे चावल, आटा, खाद्य तेल) और तरल उत्पादों (जैसे दूध) के थोक व्यापार पर केंद्रित है। खरीदार और विक्रेता स्मार्टफोन ऐप के जरिये ऑर्डर देते और प्राप्त करते हैं। पोष्ण प्लेटफॉर्म लॉजिस्टिक्स से लेकर भुगतान तक पूरी प्रक्रिया को संभालता है। इसे ऐप पर ट्रैक किया जा सकता है।

### दोनों को कॉर्पोरेट सेक्टर का अनुभव

शशांक सिंह उत्तर प्रदेश के उन्नाव के एक कृषि परिवार से आते हैं, जहां उन्होंने बचपन से ही खेती की चुनौतियों को देखा। बिड़ला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस, पिलानी से इंजीनियरिंग और आइआइएम कलकत्ता से एमबीए करने के बाद उन्होंने विप्रो, ब्लैकबक और उबर जैसी कंपनियों में काम किया। वहीं, पंजाब के जालंधर से आने वाले भुवनेश गुप्ता ने भी बैंकिंग और ई-कॉमर्स जैसे विभिन्न क्षेत्रों में अनुभव प्राप्त किया, जिसमें ओयो रूम्स और भारतपे जैसी कंपनियों के साथ काम करना शामिल है। शशांक और भुवनेश 2019 में मिले और कृषि के प्रति उनकी समान रुचि ने उन्हें एक साथ पोष्ण शुरू करने के लिए प्रेरित किया।

# वियान मुल्डर ने क्यों नहीं तोड़ा लारा का रिकॉर्ड

## बोले- वे एक लीजेंड प्लेयर, इस रिकॉर्ड को बनाए रखने के हकदार



**बुलावायो (एजेंसी)।** साउथ अफ्रीका के कप्तान वियान मुल्डर के पास जिम्बाब्वे के खिलाफ बुलावायो में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट में ब्रायन लारा के 400* के वर्ल्ड रिकॉर्ड को तोड़ने का मौका था। दूसरे दिन जब लंच हुआ तब मुल्डर 367 के स्कोर पर नाबाद पवेलियन लौटे थे, लेकिन ब्रेक के दौरान उन्होंने पारी डिक्लेयर कर दी। वे लारा का रिकॉर्ड इसलिए तोड़ने नहीं गए, क्योंकि उन्हें लगा कि यह रिकॉर्ड लारा के ही नाम रहना चाहिए।

### अगर मुझे दोबारा यह मौका मिला तब भी मैं ऐसा ही करूंगा

दूसरे दिन का खेल खत्म होने के बाद सुपरस्पोर्ट पर शॉन पोलक को दिए इंटरव्यू में मुल्डर ने कहा, सबसे पहले मैंने सोचा कि हमने पर्याप्त रन बना लिए हैं और अब हमें बॉलिंग करनी चाहिए। और दूसरी बात यह कि ब्रायन लारा एक लीजेंड प्लेयर हैं। उनके कद का व्यक्ति यह रिकॉर्ड बनाए रखने का हकदार है। मैंने शुक्स (साउथ अफ्रीका हेड कोच शुकरी कॉनराड) से बात की और उन्हें भी ऐसा ही लगा। मुझे लगता है कि अगर मुझे दोबारा यह मौका मिला तब भी मैं लारा का रिकॉर्ड नहीं तोड़ूंगा। लारा टेस्ट पारी में 400 रन बनाने वाले एकमात्र बल्लेबाज हैं। उन्होंने यह स्कोर 2004 में एंटीगुआ में इंग्लैंड के खिलाफ बनाया था।



**वियान मुल्डर**
367* रन
बॉल - 334
स्ट्राइक रेट 109.88
4|6 - 49|4



**ब्रायन लारा**
400* रन
बॉल - 582
स्ट्राइक रेट - 68.72
4|6 - 43|4

### मुल्डर ने 297 गेंदों में ट्रिपल सेंचुरी पूरी की

बतौर कप्तान अपना पहला टेस्ट खेल रहे मुल्डर ने वीरेंद्र सहवाग के बाद सबसे तेज ट्रिपल सेंचुरी लगाई। सहवाग ने 2008 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ 278 गेंदों में यह कारनामा किया था। मुल्डर ने अपनी पारी में 49 चौके और 4 सिक्स भी लगाए।

### मार्क टेलर ने भी डॉन ब्रैडमैन के लिए किया था ऐसा

मार्क टेलर 16 अक्टूबर 1998 को टेस्ट क्रिकेट में तिहरा शतक लगाने वाले चौथे ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी बन गए थे। वे पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन 334 रन बनाकर नाबाद रहे, जो कि सर डोनाल्ड ब्रैडमैन के बेस्ट टेस्ट स्कोर की बराबरी थी, जिसके बाद कप्तान मार्क टेलर ने ऑस्ट्रेलिया की पारी घोषित कर दी थी जिससे वो ब्रैडमैन के बेस्ट टेस्ट स्कोर से आगे न निकल सकें।

### साउथ अफ्रीका के लिए सबसे बड़ा स्कोर

मुल्डर, हाशिम अमला के बाद ट्रिपल सेंचुरी लगाने वाले दूसरे साउथ अफ्रीकी बल्लेबाज बने। उन्होंने अमला के 311 रन के रिकॉर्ड को भी तोड़ा। मुल्डर ने ब्लेसिंग मुजारबानी की गेंद को कवर के जरिए बाउंड्री मारकर अमला का रिकॉर्ड पार किया।

# जोकोविच 16वीं बार विम्बलडन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

## ऑस्ट्रेलिया के मिनॉर को हराया, भारत के युकी-गैलोवे की जोड़ी मेंस डबल्स से बाहर



**सर्बिया (एजेंसी)।** सर्बिया के टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच विम्बलडन-2025 के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं। उन्होंने सोमवार रात को राउंड ऑफ 16 मैच में ऑस्ट्रेलिया के 11वीं वरीयता प्राप्त एलेक्स डी मिनॉर को 1-6, 6-4, 6-4, 6-4 से हराया। 38 साल के जोकोविच ने 16वीं बार इस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया है। अब उनका मुकाबला इटैलियन स्टार फ्लावियो कोबोली से होगा। जोकोविच के अलावा, अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज, रूस के कारेन खचानोव, ब्रिटेन के कैमरून नोरी और स्पेन के कार्लोस अल्काराज भी टॉप-8 में पहुंच गए हैं। विमेंस कैटेगरी में वर्ल्ड नंबर-1 एरिना सबालेंका, जर्मनी की लौरा सीजमंद, अमेरिका की अमांडा एनिसीमोव, स्विटजरलैंड की बेलिंडा बेनसिच, रूस की लुडमिला सैमसोनोवा भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई हैं। साथ ही भारत के युकी भांबरी को उनके अमेरिकी जोड़ीदार रॉबर्ट गैलोवे के साथ मेंस डबल्स कैटेगरी में स्पेन के मार्सेल ग्रानोलर्स और अर्जेंटीना के होरासियो जेबालोस के खिलाफ कड़े मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा।

### टेलर फ्रिट्ज को वॉकओवर मिला

मेंस सिंगल्स के में वर्ल्ड नंबर-5 अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज को ऑस्ट्रेलिया को जॉर्डन थॉम्पसन के खिलाफ वॉकओवर मिल गया। वॉकओवर के वक्त फ्रिट्ज 6-1, 3-0 से आगे थे। वहीं दूसरे मुकाबले में रूस के कैरेन खाचनोव ने पोलैंड के कामिल माजरेक को 6-4, 6-2, 6-3 से हरा दिया। ब्रिटेन के कैमरून नोरी ने चिली के निकोलस जैरी 6-3, 7-6, 6-7, 6-7, 6-3 से और स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने आंद्रे रुबलेव को 6-7, 6-3, 6-4, 6-4 से हराते हुए टॉप-8 में प्रवेश किया।

### सबालेंका ने मर्टेंस को सीधे सेट में हराया

वर्ल्ड नंबर-1 बेलारूस की एरिना सबालेंका ने मर्टेंस को 6-4, 7-6 (7-4) के अंतर से हरा दिया। जर्मनी की लौरा सीजमंद ने अर्जेंटीना की सोलाना सिएरा को 6-3, 6-2 से हराया। अमेरिका की अमांडा एनिसीमोव ने चेक रिपब्लिक की लिंडा नोस्कोवा को 6-2, 5-7, 6-4 से हराया। स्विटजरलैंड की बेलिंडा बेनसिच ने एकटरीना एलेक्जेंड्रोवा को 7-6, 6-4 से और रूस की लुडमिला सैमसोनोवा ने स्पेन की जेसिका बूजास मानेरो को 7-5, 7-5 से हराया।

### मेंस डबल्स में भारत के यूकी भांबरी हारे

भारत के युकी और गैलोवे की 16वीं वरीय जोड़ी ने चौथी वरीयता प्राप्त प्रतिद्वंद्वियों को कड़ी टक्कर दी, लेकिन नतीजा पक्ष में नहीं रहा। इस जोड़ी को दो घंटे नौ मिनट तक चले इस रोमांचक मुकाबले में 4-6, 6-3, 6-7 (10) से हार मिली। युकी के बाहर होने के साथ विम्बलडन में भारतीय चुनौती समाप्त हो गई। इससे पहले, अर्जेंटीना के मार्सेलो अरेवालो और क्रोएशिया के मैट पाविच ने क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। दोनों की नंबर-1 जोड़ी ने चेक रिपब्लिक के पैट्रिक रिकल और पीटर नौजा की जोड़ी को 7-5, 7-6 (15-13) के अंतर से हराया। वर्ल्ड नंबर-3 जर्मनी के टिम पुट्ज और केविन क्राविट्ज की जोड़ी को भी उलटफेर का शिकार होना पड़ा। दोनों को ऑस्ट्रेलिया के रिंकी हिजीकाता और नीदरलैंड के डेविड पेल की जोड़ी ने 6-2, 6-4 से हरा दिया।

# कोहली बोले- वर्ल्डकप जैसे दबाव में खेलते हैं टेनिस खिलाड़ी

## प्लेयर्स की मानसिक मजबूती काबिल-ए-तारीफ, जोकोविच का मैच देखने गए थे

**लंदन (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली ने टेनिस खिलाड़ियों की मानसिक ताकत की तारीफ की है। उन्होंने कहा कि टेनिस खिलाड़ी जिस तरह हर हफ्ते दबाव में खेलते हैं, वह भारत के वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले या नॉकआउट मैचों के दबाव जैसा होता है। विंबलडन देखने लंदन पहुंचे कोहली अपनी पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ थे और उन्होंने पूर्व टेनिस खिलाड़ी विजय अमृतराज से बातचीत में ये बातें कहीं।



**टेनिस प्लेयर में दबाव अच्छे से हैंडल करते हैं** -विराट कोहली ने मैच के बाद इंटरव्यू में कहा, जब हम वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के खिलाफ खेलते हैं या सेमीफाइनल-फाइनल जैसे बड़े मैच होते हैं, तो पैरों में कांप महसूस होती है। लेकिन टेनिस खिलाड़ी शायद क्वार्टरफाइनल से लेकर फाइनल तक हर मैच में ऐसा दबाव झेलते हैं।

### क्रिकेट और टेनिस में अंतर

कोहली ने बताया कि क्रिकेट और टेनिस दोनों के अपने-अपने चैलेंज होते हैं। क्रिकेट में कभी-कभी बहुत देर तक इंतजार करना पड़ता है कि आपकी बल्लेबाजी कब आएगी। वहीं टेनिस में आपको पता होता है कि किस समय मैच है और कब कोर्ट में उतरना है। उन्होंने कहा कि टेनिस में खिलाड़ी के पास वापसी का मौका होता है, लेकिन क्रिकेट में एक गलती पूरे मैच से बाहर कर सकती है।

# लॉर्ड्स टेस्ट में बुमराह की वापसी तय

## ● सुंदर की जगह शार्दूल को मौका संभव ● इंग्लैंड से आर्चर-एटकिंसन खेल सकते हैं

**लॉर्ड्स (एजेंसी)।** एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी 1-1 की बराबरी पर है। भारत ने बर्मिंघम टेस्ट को 336 रन से जीतकर वापसी की। इससे पहले भारत को लीड्स टेस्ट में इंग्लैंड ने 5 विकेट से हराया था। 5 मैचों की सीरीज का तीसरा मुकाबला लॉर्ड्स में 10 से 14 जुलाई तक खेला जाएगा। क्रिकेट का मक्का कहे जाने वाले इस मैदान की पिच आमतौर पर तेज गेंदबाजों के लिए मददगार होती है, लेकिन पिछले महीने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल के आखिरी तीन दिन बैटर्स को भी मदद मिली थी। साउथ अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलियन बॉलर्स के खिलाफ 3 सेशन में 282 रन का टारगेट चेज करके वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का टाइटल जीता। 11 से 14 जून के बीच खेले गए इस मुकाबले के शुरुआती ढाई दिनों में तीन पारियां खत्म हो गईं। इसके बाद पिच बल्लेबाजी के लिए आसान होती गई। भारत-इंग्लैंड तीसरे टेस्ट के लिए भी इसी तरह के कंडीशंस देखने को मिल सक्बैटिंग में बदलाव की गुंजाइश नहीं, 4 बैटर्स 200+ रन बना चुके भारतीय बैटिंग ऑर्डर में बदलाव की गुंजाइश न के बराबर है।



सीरीज में चार भारतीय बैटर्स 200 से ज्यादा रन बना चुके हैं। ओपनर्स अच्छी शुरुआत दे रहे हैं। पिछले दो मैचों में भारत की ओपनिंग जोड़ी 456 रन बना चुकी हैं। यशस्वी जायसवाल ने एक शतक और एक फिफ्टी के सहारे 220 रन बनाए हैं, जबकि केएल राहुल ने 236 रन बनाए हैं। उनके नाम भी एक शतक और एक अर्धशतक है। इन दोनों के अलावा, कप्तान शुभमन गिल 3 शतक के सहारे 585 रन बनाकर सीरीज के टॉप स्कोरर हैं। उप कप्तान ऋषभ पंत ने दो शतक सहित 342 रन बनाए हैं।

### दोनों टीमों की पॉसिबल प्लेइंग-11

**भारत**- यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, करुण नायर, शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, नीतीश कुमार रेड्?डी, वॉशिंगटन सुंदर/शार्दूल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और आकाश दीप।

**इंग्लैंड** - बेन स्टोक्स (कप्तान), जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रूक, बेन स्टोक्स, जैमी स्मिथ (विकेटकीपर), क्रिस वोक्स, गॉस एटकिंसन, जोफा आर्चर और शोएब बशीर।

## लॉर्ड्स में तीसरे टेस्ट से पहले बोले एंडरसन

# आपको आर्चर को खिलाना ही होगा, यह बहुत महत्वपूर्ण मैच है

**लंदन (यूके) (एजेंसी)।** इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने कहा कि इंग्लैंड को भारत के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला के आगामी तीसरे टेस्ट में अनुभवी खिलाड़ी जोफ्रा आर्चर को खिलाना चाहिए, जो गुरुवार 10 जुलाई से प्रतिष्ठित लॉर्ड्स स्टेडियम में खेला जाएगा। आर्चर ने चार साल से अधिक समय से टेस्ट क्रिकेट नहीं खेला है, लेकिन हाल ही में बर्मिंघम में भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए इंग्लैंड की टीम में शामिल होने से पहले ससेक्स के लिए प्रथम श्रेणी स्तर पर लाल गेंद से वापसी की। इंग्लैंड को एजबेस्टन में भारत के खिलाफ 336 रनों से हार का सामना करना पड़ा जिससे पांच मैचों की विश्व टेस्ट चैंपियनशिप श्रृंखला 1-1 से बराबर हो गई है।

# यूथ वनडे- इंग्लैंड ने भारत को 7 विकेट से हराया

## वैभव सूर्यवंशी 33 रन ही बना सके; सीरीज 3-2 से भारत ने जीती

**वॉर्सेस्ट (एजेंसी)।** भारतीय अंडर-19 टीम इंग्लैंड के खिलाफ यूथ वनडे सीरीज का 5वां मैच 7 विकेट से हार गई है। हालांकि, इस हार के बावजूद टीम इंडिया ने 5 मैचों की सीरीज 3-2 से अपने नाम कर ली है।सोमवार को भारत ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। टीम ने 50 ओवर में 9 विकेट पर 210 रन बनाए। 211 रन का टारगेट इंग्लैंड ने 113 बॉल शेष रहते हुए आसानी से हासिल कर लिया।

**भारत की खराब शुरुआत, कप्तान आयुष एक रन ही बना सके** - भारत की शुरुआत खराब रही। टीम ने 9 रन के स्कोर पर कप्तान आयुष म्हात्रे (1 रन) और विहान मल्होत्रा (1 रन ) के विकेट गंवा दिए। वैभव सूर्यवंशी (42 गेंदों में 33 रन) भी ज्यादा देर तक टिक नहीं सके। वैभव ने राहुल कुमार (21) के साथ मिलकर 51 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी कर पारी को संभाला।



यह साझेदारी खतरनाक होती उससे पहले ही सूर्यवंशी तीन चौके और दो छक्के लगाने के बाद सेबस्टियन मॉर्गन की गेंद पर एलेक्स ग्रीन को कैच देकर आउट हो गए। राहुल कुमार भी ज्यादा देर टिक नहीं पाए और ग्रीन की गेंद पर बीजे डॉकिन्स को कैच थमा बैठे। विकेटकीपर हरवंश पंगालिया (24 रन), कनिष्क चौहान (24 रन) और दीपेश देवेंद्रन शून्य के स्कोर पर आउट हुए।

### बेन मेयर ने नाबाद 82 रन बनाए

इंग्लैंड ने बेन मेयस के नाबाद 82 रन, बीजे डॉकिन्स के 66 रन और कप्तान थॉमस रेव के 37 गेंदों में नाबाद 49 रनों की मदद से लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया। मेयस ने अपनी 76 गेंदों की पारी में 11 चौके और एक छक्का लगाया, जबकि डॉकिन्स ने अपनी 53 गेंदों की पारी में नौ चौके और तीन छक्के जड़े। भारत के लिए लेग-स्पिनर नमन पुष्पक ने 65 रन देकर दो विकेट लिए, जबकि दीपेश देवेंद्रन ने अपने सात ओवरों में 34 रन देकर एक विकेट हासिल किया।

# भारतीय तेज गेंदबाज यश दयाल पर लगे गंभीर आरोप, दर्ज हुआ यौन शोषण का मामला

**गाजियाबाद (एजेंसी)।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और उत्तर प्रदेश के तेज गेंदबाज यश दयाल पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 69 के तहत यौन शोषण, शारीरिक हिंसा, मानसिक उत्पीड़न और शादी का झूठा वादा कर धोखाधड़ी करने के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद के इंदिरापुरम पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई है। गाजियाबाद की एक महिला द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत में दयाल के साथ उसके पांच साल के रिश्ते का जिक्र है। उसके अनुसार क्रिकेटर ने उसे गुमराह करके यह विश्वास दिलाया कि वह उनसे शादी करेंगे और यहां तक कि उसे अपने परिवार से भी मिलवाया, जिन्होंने कथित तौर पर उसे अपनी 'बहू' के रूप में स्वीकार कर लिया। उसका दावा है कि इस कृत्य ने उसके विश्वास को और गहरा कर दिया और वह भावनात्मक रूप से कमजोर हो गई। एफआईआर में लिखा है, 'पिछले पांच सालों से शिकायतकर्ता क्रिकेटर के साथ रिलेशनशिप में थी। उसने शादी का झूठा वादा करके उसका भावनात्मक, मानसिक और शारीरिक शोषण किया। धोखे का एहसास होने पर उसने विरोध किया, जिसके बाद उसे शारीरिक हिंसा और मानसिक शोषण का सामना करना पड़ा।



## आईसीसी महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में

# नंबर एक गेंदबाज बनने की दहलीज पर दीप्ति शर्मा

**दुबई (एजेंसी)।** भारतीय स्पिनर दीप्ति शर्मा आईसीसी महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है और इस तरह से अपने करियर में पहली बार नंबर एक गेंदबाज बनने की दहलीज पर खड़ी हैं। दीप्ति पिछले छह वर्षों में अधिकतर समय टी20 गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष 10 में रही हैं, लेकिन लगातार अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद वह कभी नंबर एक गेंदबाज नहीं बन पाई।

टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग के नए अपडेट में दीप्ति को एक स्थान का फायदा हुआ है और उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की तेज गेंदबाज एनाबेल सदरलैंड को पीछे छोड़कर दूसरा स्थान हासिल कर लिया है। दाएं हाथ की यह गेंदबाज अब रैंकिंग में शीर्ष पर मौजूद पाकिस्तान की सादिया इकबाल से सिर्फ आठ रेटिंग अंक पीछे है। दीप्ति ने इंग्लैंड के खिलाफ भारत की पांच मैचों की टी20 श्रृंखला के तीसरे मैच में तीन विकेट लेने के बाद अपनी नवीनतम रैंकिंग में सुधार किया है और यह ऑफ स्पिनर अंतिम दो मैच में अच्छा प्रदर्शन करके अपनी पाकिस्तानी प्रतिद्वंद्वी से शीर्ष स्थान हासिल कर सकती है।



भारत की तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी ओवल में इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला के हालिया मैच में तीन विकेट लेने के बाद 11 स्थान की छलांग लगाकर टी20 गेंदबाजों की सूची में 43वें स्थान पर पहुंच गई हैं। बल्लेबाजों में जेमिमा रोड्रिग्स दो पायदान ऊपर चढ़कर 12वें स्थान पर पहुंच गई। उन्होंने ब्रिस्टल में श्रृंखला के दूसरे मैच में अर्धशतक जमाया था।

# बिहार चुनाव के बीच ठाकरे बंधुओं ने चला मराठी दांव

**मुंबई , एजेंसी।** मराठी अस्मिता के मुद्दे पर ठाकरे बंधुओं य़ानी शिवसेना (यूबीटी) के उद्धव और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के राज के एकजुट होने से कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। बिहार विधानसभा चुनाव से लेकर बीएमसी यानी बृह्ममुंबई महानगर पालिका चुनाव समेत कई मुद्दे इसकी वजह बताए जा रहे हैं। फिलहाल, इसे लेकर कांग्रेस आलाकमान की ओर से आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। खबर है कि शनिवार को मुंबई में हुए ठाकरे बंधुओं के कार्यक्रम से कांग्रेस ने दूरी बनाई थी।

रिपोर्ट के मुताबिक, महाराष्ट्र कांग्रेस का मानना है कि ठाकरे बंधुओं का साथ आने का असर मुंबई में क्क्ष्ट चुनाव तक सीमित होगा। खास बात है कि कांग्रेस ऐसे हालात में मंच साझा करती नजर नहीं आना चाहती, वहीं वह शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे को भी नाराज करने का जोखिम नहीं उठा सकती।

अखबार से बातचीत में कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता बताते हैं, वो अधूरे मन से दिया गया न्योता था। हमारे नेताओं को बुलाया गया था। एनसीपी कार्यक्रम में गई थी, लेकिन उनका अपमान किया गया। उनके नेताओं को बोलने के लिए भी नहीं बुलाया गया। ठाकरे मराठी आंदोलन का पूरा क्रेडिट लेना चाहते हैं। उन्होंने कहा, यह अच्छी बात है कि हम नहीं गए, क्योंकि कांग्रेस हिंदी विरोधी आंदोलन का हिस्सा नहीं थी। अजीबोगरीब बयानों के बाद भी हमारे नेताओं ने मुद्दे को गंभीरता से नहीं लिया, क्योंकि उन्हें दिल्ली के निर्देशों की स्पष्ट जानकारी नहीं थी।

एक नेता ने कहा, ठाकरे बंधुओं की नजर सिर्फ बीएमसी चुनाव पर है और हम वो अकेले लड़ना चाहते हैं। हमने बीएमसी चुनावों के लिए किसी से गठबंधन नहीं किया था।

एक अन्य नेता ने अखबार को बताया, ठाकरे ने यह सब सिर्फ बीएमसी में सत्ता हासिल करने के लिए किया है। हमारे विधायकों का मानना है कि हमें अकेले लड़ना चाहिए। हमारे पास जो जगह है, हम उसे छोड़ नहीं सकते। जब हम (उद्धव सेना) के साथ जाते



हैं, तो अल्पसंख्यक वोट बैंक शिवसेना के साथ जाता है, लेकिन शिवसेना का वोट हमें नहीं मिलता। रिपोर्ट के अनुसार, एक नेता ने कहा, यह एक जटिल स्थिति है। कांग्रेस के पास मुंबई में खास जनाधार नहीं है। हम ना ही मराठी मानूस के साथ हैं और ना ही गुजरातियों के साथ। हमारा जनाधार सिर्फ अल्पसंख्यकों में है, जो कुछ उन जगहों पर है जहां सपा और एआईएमआईएम उम्मीदवार उतारते हैं। उत्तर भारतीयों में हमारा थोड़ा जनाधार है, जो कि अगर राज के साथ हम नजर आए तो वो भी चला जाएगा। कांग्रेस के लिए बहुत ज्यादा वोट बेस बचा नहीं है। हम पूरी तरह से कन्फ्यूज हैं। अखबार के मुताबिक, कांग्रेस का एक बड़ा वर्ग पार्टी की स्टेट यूनिट के कामकाज से भी नाखुश है। एक नेता बताते हैं, कोई भी यहां पहल नहीं कर रहा है, क्योंकि छोटे से कार्यक्रम के लिए भी आपको दिल्ली से इजाजत लेनी पड़ती है। महाराष्ट्र पार्टी नेतृत्व इस बात को लेकर ठोस कदम नहीं उठा पा रही है कि हमें हिंदी विरोधी रुख रखना चाहिए या नहीं। ऐसे में वो बीच में अटके हैं। उन्होंने कहा, यह मराठी मुद्दा नहीं है, बल्कि हिंदी थोपे जाने का मुद्दा है। अगर पहली क्लास से हिंदी थोपी जाएगी, तो मराठी पर असर होगा। यह लॉजिक है। पार्टी के अंदरूनी सूत्र ने अखबार से कहा, हमने (हिंदी थोपे जाने के मुद्दे) पर बोला, लेकिन मनसे और शिवसेना (यूबीटी) ने लोगों को पीटने जैसा आक्रामक रुख अपनाया। उन लोगों ने इसे एकदम नजर में आने वाला बना दिया, क्योंकि मीडिया को ऐसी खबरें पसंद हैं। कांग्रेस के साथ एक परेशानी यह भी है कि दिल्ली उन्हें जय हिंद यात्रा, संविधान सम्मान सम्मेलन आदि करने के निर्देश दे रहा है, जहां सिर्फ कट्टर कांग्रेस ही शामिल होंगे।

## मराठवाड़ा में बढ़ गए किसानों की खुदकुशी के मामले, 6 महीने में 520 ने दे दी जान

**मराठवाड़ा, एजेंसी।** महाराष्ट्र में मराठवाड़ा क्षेत्र के आठ जिलों में इस साल जनवरी महीने से 26 जून तक 520 किसानों ने आत्महत्या की है। यह संख्या पिछले साल इसी अवधि में दर्ज आत्महत्या के 430 मामलों से 20 प्रतिशत अधिक है। राज्य के राजस्व विभाग की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। मध्य महाराष्ट्र क्षेत्र में बीड जिले में आत्महत्या की सर्वाधिक घटनाएं हुईं जहां पहली छमाही में 126 किसानों ने अपना जीवन समाप्त कर लिया। रिपोर्ट के अनुसार, 2024 में जनवरी से जून के बीच मराठवाड़ा के आठ जिलों में 430 किसानों ने आत्महत्या की थी, जबकि वर्ष 2025 की समान अवधि में इस क्षेत्र के 520 किसानों ने आत्महत्या की। इस प्रकार किसानों की आत्महत्या के मामलों में लगभग 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। रिपोर्ट में कहा गया कि जनवरी-जून 2024 के दौरान भी आत्महत्या के सर्वाधिक मामले बीड जिले में ही थे, जब 101 किसानों ने अपनी जिंदगी समाप्त कर ली। इसमें कहा गया कि इस वर्ष मुआवजा योग्य 313 मामलों में से 264 में प्रभावित परिवारों को अनुग्रह राशि दी गई है, जबकि 146 मामले पड़ताल के दायरे में हैं। रिपोर्ट के अनुसार, 61 मामले मुआवजे के लिए अयोग्य पाए गए, जो पिछले साल जनवरी-जून में हुए 20 ऐसे ही मामलों से तीन गुना अधिक है। इस साल जनवरी से जून तक बीड में 126, छत्रपति संभाजीनगर में 92, नांदेड़ में 74, परभणी में 64, धाराशिव में 63, लातूर में 38, जालना में 32 और हिंगोली में किसानों की आत्महत्या के 31 मामले सामने आए। किसानों की खुदकुशी के मामले पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा था कि हर किसान कर्ज में डूबा जा रहा है।

## 25 साल की जेल अभी खत्म नहीं हुई, राहत मांगने पहुंचे अबू सलेम से बोला हाईकोर्ट

**मुंबई, एजेंसी।** बंबई उच्च न्यायालय ने सोमवार को गैंगस्टर अबू सलेम को राहत देने से यह कहते हुए इनकार कर दिया कि प्रथम दृष्टया उसकी राय है कि उसने (सलेम) पुर्तगाल से प्रत्यर्पण की शर्तों के तहत भारत की जेल में अभी तक 25 साल पूरे नहीं किए हैं। सलेम ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर उसे जेल से रिहा करने का अनुरोध किया है। उसने दलील दी है कि अगर अच्छे आचरण के लिए छूट को शामिल किया जाए, तो वह पहले ही 25 साल के कारावास की सजा काट चुका है। याचिका में कहा गया है कि जब सलेम को पुर्तगाल से प्रत्यर्पित किया गया था, उस समय भारत सरकार ने आश्वासन दिया था कि उसे किसी भी मामले में मौत की सजा नहीं दी जाएगी और उसे 25 साल से अधिक की जेल की सजा भी नहीं दी जाएगी। न्यायमूर्ति ए एस गडकरी और न्यायमूर्ति राजेश पाटिल की पीठ ने सोमवार को सलेम की याचिका स्वीकार कर ली, लेकिन कोई अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया। पीठ ने कहा कि उच्चतम न्यायालय के आदेश के अनुसार, सलेम की गिरफ्तारी अक्टूबर 2005 में हुई थी और इसलिए प्रथम दृष्टया यह स्पष्ट है कि 25 साल की अवधि अभी पूरी नहीं हुई है। पीठ ने कहा कि वह इस याचिका पर अंतिम सुनवाई उचित समय पर करेगी।

## बिलासपुर में बाढ़ में फंस गए 17 ग्रामीण, 10 घंटे जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष, बची जान

**बिलासपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर संभाग में इन दिनों भारी बारिश हो रही है। बारिश से किसानों को राहत है तो कईयों के लिए आफत भी बन जा रही है। कोरबा जिले में रविवार की शाम हुई मूसलधार बारिश ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। मूसलाधार बारिश से कहीं बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए हैं तो कहीं हादसे की स्थिति बन गई है। पाली ब्लॉक के ग्राम ढुकुपथरा और पोंडी के लब्दापारा में खेती करने गए 17 ग्रामीण अचानक बाढ़ के पानी में फंस गए। हालात इतने गंभीर हो गए कि जान पर बन आई। ग्रामीण घंटों अपनी जान बचाने जद्दोजहद करते रहे, लेकिन हिम्मत नहीं हारी। आखिरकार 10 घंटे की मशक्कत के बाद उन्हें बाढ़ से बाहर निकाल लिया गया। खासकर उत्तर और मध्य छत्तीसगढ़ के जिलों में भारी बारिश हो रही है। खेती किसानी करने गए पाली ब्लॉक के ग्राम ढुकुपथरा और लब्दापारा के 17 ग्रामीण भारी बारिश से आई बाढ़ में फंस गए। इस स्थिति की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देशन में राजस्व विभाग, थाना पाली, जिला आपदा प्रबंधन, नगर सेना कोरबा और राज्य आपदा प्रतिक्रिया टीम बिलासपुर की संयुक्त टीम ने रविवार रात को ही रेस्क्यू अभियान शुरू कर दिया।

## भाजपा की हमेशा से फूट डालो और राज करो की नीति रही है: उद्धव ठाकरे

**मुंबई , एजेंसी।** शिवसेना (यूबीटी) के नेता उद्धव ठाकरे ने भारतीय जनता पार्टी सांसद निशिकांत दुबे पर निशाना साधा। उन्होंने विवादित टिप्पणी को लेकर दुबे को लकड़बग्घा करार दिया। ठाकरे ने आरोप लगाया कि दुबे लोगों को बांटकर आपसी सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश कर रहे हैं।

उद्धव ने भाजपा पर फूट डालो और राज करो की नीति के जरिये राजनीतिक लाभ हासिल करने का प्रयास करने का आरोप लगाया और कहा कि वह किसी भी भाषा के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन बलपूर्वक इसे थोपे जाने का विरोध करेंगे। उन्होंने विधान भवन में संवाददाताओं से कहा, भाजपा की हमेशा से फूट डालो और राज करो की नीति रही है। राजनीति की यह शैली अब अपनी प्रासंगिकता खो रही है। मैं समझ सकता हूं कि शनिवार को मुंबई में हमारी रैली की सफलता से उनकी पार्टी बेचैन है या नहीं।



महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) द्वारा मराठी न बोलने पर एक दुकानदार की पिटाई करने पर मचे आक्रोश के बीच दुबे ने मनसे प्रमुख राज ठाकरे और उनके चचेरे भाई उद्धव पर निशाना साधते हुए कथित तौर पर कहा था, पटक पटक के मारेंगे। उनके इस बयान के बाद विवाद खड़ा हो गया।

गोड्डा के सांसद ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, हिंदी भाषी लोगों को मुंबई में मारने वाले यदि हिम्मत है तो महाराष्ट्र में उर्दू भाषियों को मार कर दिखाओ। अपने घर में तो कुत्ता भी शेर होता है? कौन कुत्ता कौन शेर खुद ही फैसला कर लो।

उद्धव ने मराठी लोगों को निशाना बनाने वाली दुबे की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, ऐसे 'लकड़बग्घे' राज्य में शांति और सद्भाव को बिगाड़ने की कोशिश कर रहे हैं। उनका (भाजपा नेताओं का) एकमात्र काम लोगों को भड़काना है।

## 80 किमी कांवड़ यात्रा रूट को 123 बीट में बांटा, गाजियाबाद में पहली बार होगा ऐसा तगड़ा इंतजाम

**गाजियाबाद , एजेंसी।** गाजियाबाद में इस बार कांवड़ियों की सुरक्षा बेहद टाइट और चाक-चौबंद नजर आएगी। कांवड़ियों की सुरक्षा के मद्देनजर गाजियाबाद कमिश्नरेट में पहली बार बीट प्रणाली को कांवड़ यात्रा में भी लागू किया गया है। इसके तहत पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर कांवड़ा यात्रा के 80 किलोमीटर लंबे रूट को 123 बीट में बांटा गया है।



कांवड़ियों की संभावित संख्या के हिसाब से 800 मीटर से लेकर एक हजार मीटर दायरे में एक बीट बनाई गई है। पुलिस कमिश्नर जे. रविंद्र गौड ने बताया कि आगामी 11 जुलाई से शुरू हो रहे सावन माह के दौरान कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए पुलिस द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। एक तरफ जहां थाना पुलिस और अधिकारी कांवड़ियों की सुरक्षा में तैनात किए गए हैं। वहीं, इस साल कांवड़ मार्ग पर पहली बार बीट पुलिसिंग प्रणाली को लागू किया गया है। कांवड़ियों की सुरक्षा में कोई चूक न हो, इसके लिए पहली बार नई प्रणाली को लागू किया गया है।

पुलिस कमिश्नर ने बताया कि मोदीनगर की कादराबाद पुलिस चौकी से शुरू होकर दिल्ली व अन्य जनपदों के विभिन्न बॉर्डर तक करीब 80 किलोमीटर का कांवड़ मार्ग गाजियाबाद कमिश्नरेट की सीमा से होकर गुजरता है। ऐसे में न सिर्फ कांवड़ियों की पुख्ता सुरक्षा का ध्यान रखा गया है, बल्कि सुविधाओं का भी पुलिस ध्यान रखेगी। लंबे कांवड़ मार्ग की 800 मीटर से एक हजार मीटर की दूरी को एक बीट का रूप दिया गया है। इस तरह कांवड़ मार्ग पर कुल 123 बीट बनाई गई हैं। इनमें पुलिस ऑफिसरों की टीमें चौबीसों घंटे तैनात रहेंगी। एक बीट में दो दरोगा और चार कॉन्स्टेबल या हेड कॉन्स्टेबल तैनात किए जाएंगे, जो अपनी बीट में सुरक्षा व्यवस्था के चलते निरंतर पेट्रोलिंग पर रहेंगे। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि बीट में तैनात पुलिसकर्मियों का काम न सिर्फ कांवड़ियों को सुरक्षा प्रदान करना होगा, बल्कि सड़क, सुरक्षा, बिजली, पेयजल आपूर्ति, मेडिकल सुविधा और अन्य सुविधाओं का ध्यान रखना होगा। किसी भी विभाग से जुड़ी कोई समस्या या लापरवाही के बारे में पुलिसकर्मी उच्चाधिकारियों को अवगत कराएंगे। अधिकारी संबंधित विभाग से समनव्य स्थापित पर उस समस्या को दूर कराएंगे। कमिश्नर ने बताया कि मेरठ तिराहे पर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। सभी पुलिस अधिकारी सीधे तौर पर कंट्रोल रूम से जोड़े गए हैं। कंट्रोल रूम में आने वाली सूचनाओं पर कार्रवाई के लिए संबंधित बीट पुलिस अधिकारी को फोन जाएगा। कंट्रोल रूम से सूचना मिलते ही सबसे पहले बीपीओ पहुंचेंगे और कांवड़ियों की समस्या का समाधान करेंगे। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि कांवड़ियों की सुरक्षा में चौकी और थाने की फोर्स के अलावा पीआरवी, पीसीआर तैनात रहेंगी। पुलिसकर्मी लगातार घूमते रहेंगे। वहीं, दूसरी ओर कांवड़ियों के लिए शहर केसरिया रंग में रंग गया है। मुख्य मार्गों के साथ बाजारों में बोल बम और हर महादेव लिखे कपड़ों की दुकानें सज गई हैं। नगर निगम ने कांवड़ यात्रा की तैयारी शुरू कर दी है। मेरठ रोड पर सीसीटीवी कैमरे लगाने का काम सोमवार से आरंभ हो गया। कैमरों को कंट्रोल रूम से जोड़कर नजर रखी जाएगी। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया कि कांवड़ यात्रा के लिए निगम ने अपर नगर आयुक्त को नोडल अधिकारी बनाया है। वह टीम के साथ तैयारी का जायजा लेंगे। मेरठ रोड पर कंट्रोल रूम शुरू हो गया है। मेरठ रोड और अन्य स्थानों पर कैमरे लगाने का काम शुरू हो गया। दूधेश्वरनाथ मंदिर पर भी सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। हरिद्वार से जल लेकर कांवडियों के मोदीनगर से निकलने का सिलसिला शुरू हो गया है। सोमवार को ग्रेटर नोएडा और दिल्ली के कांवडिएं जल लेकर अपने गंतव्य की तरफ से बढ़ते नजर आए। सोमवार को मयूर विहार निवासी अरुण सैनी 51 लीटर जल लेकर जा रहे थे। उन्होंने बताया कि उन्होंने 36 दिन पहले से हरिद्वार हर की पौढ़ी से जल उठाया था। जलाभिषेक के दिन तक वह दिल्ली पहुंच जाएंगे। इस बार वह छठवीं कांवड़ ला रहे थे।

## पेट्रो ने अमेरिका से रिश्ते सुधारने के लिए ट्रंप को भेजा सफाई पत्र, साजिश के आरोपों से झाड़ा पल्ला

**बोगोटा, एजेंसी।** कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने जून में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को एक गोपनीय पत्र भेजा। इस पत्र में उन्होंने कहा कि उनकी किसी भी टिप्पणी का मकसद अमेरिकी अधिकारियों पर तख्तापलट की साजिश का आरोप लगाना नहीं था। यह पत्र 23 जून को लिखा गया था और सोमवार को कोलंबियाई मीडिया में लीक हो गया। बता दें कि यह पत्र पेट्रो के उस भाषण के बाद आया, जिसमें उन्होंने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो पर अपनी सरकार को गिराने की साजिश रचने का आरोप लगाया था।



हालांकि, अब पत्र में उन्होंने कहा है कि उनकी बात को गलत तरीके से समझा गया और उनके बयान का मकसद किसी पर सीधा आरोप लगाना नहीं था। उन्होंने अमेरिका-लैटिन अमेरिका सम्मेलन बुलाने की भी बात कही।व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा कि उन्हें नहीं पता कि ट्रंप ने यह पत्र देखा है या नहीं।

मामले में कोलंबिया की विदेश मंत्री लौरा साराबिया ने पुष्टि की कि यह पत्र दोनों देशों के रिश्ते मजबूत करने की कोशिश का हिस्सा था। लेकिन इसी हफ्ते अमेरिका ने कोलंबिया में अपने शीर्ष राजनयिक को वापस बुला लिया, यह कहते हुए कि कोलंबियाई सरकार के उच्च स्तर से बेबुनियाद और निंदनीय बयान दिए गए हैं। जवाब में कोलंबिया ने भी अमेरिका से अपने राजदूत को वापस बुला लिया है।

**कोलंबिया और अमेरिका की साझेदारी:** बता दें कि कोलंबिया और अमेरिका दशकों से ड्रग्स के खिलाफ अभियान में साझेदार रहे हैं। अमेरिका ने बीते 20 वर्षों में कोलंबिया को 13 अरब डॉलर से ज्यादा की मदद दी है। लेकिन 2022 में पेट्रो के सत्ता में आने के बाद से रिश्तों में बदलाव आया है। पेट्रो जलवायु परिवर्तन और स्वच्छ ऊर्जा को प्राथमिकता दे रहे हैं।

**कोलंबिया और अमेरिका के रिश्ते में तनाव :** गौरतलब है कि जनवरी में पेट्रो और ट्रंप में तब टकराव हुआ जब कोलंबिया ने अमेरिका से भेजे गए दो डिपोर्टेशन फ्लाइट्स को उतरने नहीं दिया। ट्रंप ने इसके जवाब में 25न्न टैरिफ की धमकी दी, लेकिन दोनों देशों के बीच बातचीत से मामला सुलझ गया। इसके बाद हाल ही में पेट्रो ने दो अमेरिकी सांसदों पर भी तख्तापलट की साजिश में शामिल होने का आरोप लगाया था, जिसे दोनों ने खारिज किया।

इस संबंध में सामने आए ऑडियो लीक की जांच कोलंबियाई प्रशासन ने शुरू कर दी है। ऐसे में यह विवाद ऐसे समय में सामने आया है जब कोलंबिया में कोकीन उत्पादन रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक, 2023 में कोलंबिया की कोका खेती का क्षेत्र 2.53 लाख हेक्टेयर हो गया, जो 2020 की तुलना में 40न्न अधिक है।

## यूएस में कोविड वैक्सीन नीति में बदलाव पर बवाल, स्वास्थ्य मंत्री कैनेडी के खिलाफ मुकदमा दायर

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** अमेरिका के स्वास्थ्य मंत्री रॉबर्ट एफ कैनेडी जूनियर के खिलाफ बोस्टन की संघीय अदालत में मुकदमा दायर किया गया है। यह मुकदमा सोमवार (स्थानीय समयानुसार) को डॉक्टरों और सार्वजनिक स्वास्थ्य संगठनों के एक समूह ने दायर किया है, क्योंकि अमेरिकी सरकार ने अधिकांश बच्चों और गर्वभती महिलाओं के लिए कोविड-19 वैक्सीन की सिफारिश बंद कर दी थी। मुकदमा दायर करने वालों में अमेरिकन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स, अमेरिकन पब्लिक हेल्थ एसोसिएशन, और चार अन्य समूह शामिल हैं। इनके साथ एक गर्भवती डॉक्टर भी हैं, जो बोस्टन के एक अस्पताल में काम करती हैं। अमेरिकी स्वास्थ्य अधिकारियों ने संक्रामक रोग विशेषज्ञों के मार्गदर्शन का पालन करते हुए पहले 6 महीने और उससे अधिक उम्र के सभी लोगों के लिए हर साल कोविड-19 वैक्सीन का टीका लगवाने की सलाह दी थी। लेकिन मई के अंत में, स्वास्थ्य मंत्री कैनेडी ने घोषणा की कि वह स्वस्थ बच्चों और गर्भवती महिलाओं के लिए रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्रों की सिफारिशों से कोविड-19 टीकाकरण को हटा रहे हैं। कई स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने स्वास्थ्य मंत्री के इस कदम को भ्रामक बताया। साथ ही उन्होंने कैनेडी पर दशकों से चली आ रही उस वैज्ञानिक समीक्षा प्रक्रिया की अवहेलना करने का आरोप लगाया, जिसमें विशेषज्ञ सार्वजनिक रूप से मौजूदा चिकित्सा साक्ष्य की समीक्षा करते हैं और नीतिगत बदलावों के पक्ष और विपक्ष पर चर्चा करते हैं। नए मुकदमे में आरोप लगाया गया है कि कैनेडी और उनके साथियों ने वैक्सीन नीति में बदलाव करते समय सांविधानिक नियमों का उल्लंघन किया।

## ट्रम्प ने टैरिफ डेडलाइन 1 अगस्त तक बढ़ाई, बांग्लादेश-जापान समेत 14 देशों पर टैरिफ लगाया

**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को घोषणा की है कि वे ग्लोबल टैरिफ बढ़ाने की अंतिम तारीख 9 जुलाई से बढ़ाकर 1 अगस्त कर रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने बांग्लादेश-जापान समेत 14 देशों पर टैरिफ बढ़ाने का ऐलान भी किया है। ट्रम्प प्रशासन ने सोमवार को सभी प्रभावित देशों को औपचारिक रूप से लेटर भेजकर इस निर्णय की जानकारी दी। इस फैसले के तहत कुछ देशों पर 25प्रतिशत टैक्स लगाया गया है, जबकि कुछ पर 30प्रतिशत से 40प्रतिशत तक का भारी शुल्क लगाया गया है।

दक्षिण कोरिया और जापान के नेताओं को ट्रम्प ने सबसे पहले लेटर भेजा और कहा कि उनके देश से आने वाले सामान पर अब 25प्रतिशत शुल्क लगेगा। उन्होंने लिखा कि ये टैक्स इसलिए जरूरी हैं, ताकि अमेरिका और इन देशों के बीच व्यापार में जो असंतुलन है, उसे सुधारा जा सके। ट्रम्प ने अप्रैल में पहली बार सभी अमेरिकी आयात पर 10प्रतिशत बेसलाइन टैक्स और 60 देशों पर अलग-अलग टैक्स लगाने की बात की थी। उस घोषणा के बाद दुनियाभर के शेयर और बॉन्ड बाजारों में उथल-पुथल मच गई थी, इसलिए उन्होंने टैरिफ को कुछ समय के लिए टाल दिया था और देशों को अमेरिका के साथ नई डील करने का मौका दिया था। पहले उन्हें 8 जुलाई तक का वक्त दिया गया था, ताकि 9 जुलाई से नए टैरिफ लागू हो सकें। अब ये डेडलाइन बढ़ाकर 1 अगस्त कर दी गई है। न्यूयॉर्क टाइम्स ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से कहा है कि ट्रम्प इस हफ्ते कई देशों के साथ ट्रेड डील का ऐलान कर सकते हैं। भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील बहुत करीब पहुंच चुकी है। यूरोपीय यूनियन भी अमेरिका के साथ समझौता करने के काफी नजदीक है। इसके साथ ही पाकिस्तान, ताइवान और स्विटजरलैंड जैसे दूसरे देश में अमेरिका के साथ ट्रेड डील करने का रास्ता तलाश रहे हैं। अब तक अमेरिका ने सिर्फ ब्रिटेन और वियतनाम के



साथ दो शुरुआती डील की हैं। हालांकि, इन समझौतों में ज्यादा जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है। वियतनाम वाले सौदे में तो किसी भी पक्ष ने यह भी साफ नहीं किया कि वास्तव में किन बातों पर सहमति बनी है। कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक अमेरिका ने ब्रिटेन पर 10 प्रतिशत का टैरिफ लगाया है। इसके अलावा स्टील और एल्युमीनियम पर अलग से अमेरिका 25प्रतिशत का टैरिफ लगाएगा। वहीं, ब्रिटेन, अमेरिकी सामानों पर 0प्रतिशत टैरिफ लगाएगा। वहीं, अमेरिका ने वियतनाम पर 20प्रतिशत टैरिफ लगाया है। यानी कि वियनताम के सामान अमेरिका में 20प्रतिशत ज्यादा कीमत पर बिकेंगे। वहीं, वियतनाम ने अमेरिकी सामानों पर 0प्रतिशत टैरिफ लगाया है। जापान और साउथ कोरिया अमेरिका के करीबी साथी हैं, लेकिन उनके साथ अमेरिका की ट्रेड डील नहीं हो पाई। इसकी वजह यह भी है कि दोनों देशों में चुनाव होने वाले हैं। साथ ही ट्रम्प इन दोनों देशों के सबसे अहम प्रोडक्ट्स जैसे कि कार, स्टील और इलेक्ट्रॉनिक्स पर अलग से ज्यादा टैरिफ लगाने की बात भी कर रहे हैं। ट्रम्प बोले- यूएस, भारत के साथ डील करने के करीब ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की मेजबानी करते हुए पत्रकारों से भी बात की। इस दौरान उन्होंने कहा, अमेरिका ने ब्रिटेन और चीन के साथ समझौता किया है। अब भारत के साथ भी व्यापार समझौते पर पहुंचने के करीब है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने फिर से दावा किया कि उनकी सरकार ने भारत और पाकिस्तान के बीच एक बहुत बड़ी लड़ाई को रोक दिया। उन्होंने कहा, हमने दोनों देशों से कहा कि अगर आप आपस में लड़ेंगे, तो हम आपके साथ कोई व्यापारिक संबंध नहीं रखेंगे। वे शायद परमाणु युद्ध के स्तर पर थे। इसे रोकना बहुत जरूरी था। चीन ने अमेरिका से कहा- धमकी मत दो ट्रम्प की टैरिफ चेतावनी का ब्रिक्स के प्रमुख देश चीन ने कड़ा विरोध किया है। चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा, ब्रिक्स अंतरराष्ट्रीय राजनीतिक मंच पर एक सकारात्मक संगठन है। टैरिफ और ट्रेड वॉर का विरोध करता है। टैरिफ लगाने के नाम पर धमकाना अथवा गैरजरूरी दबाव डालने का हर स्तर पर विरोध किया जाएगा। भारत-अमेरिका वॉशिंगटन में बातचीत कर रहे ट्रम्प ने 2 अप्रैल को दुनियाभर के देशों पर रेसिप्रोकल (जैसे को तैसा) टैरिफ लगाया था।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129